1.18 बैंक अन्य कंपनियों से कई महत्त्वपूर्ण मामलों में भिन्न होते हैं, इसलिए बैंकों के कंपनी अभिशासन का मुद्दा अन्यों की तुलना में न केवल भिन्न होता है बल्कि अधिक महत्त्वपूर्ण भी होता है। बैंक आर्थिक वृद्धि में मदद करते हैं, वे मौद्रिक नीति के संचरण के माध्यम हैं और अर्थव्यवस्था की भुगतान तथा निपटान प्रणाली के आधार है। अपनी कारोबार की प्रकृति के अनुसार बैंक अत्यधिक लीवरेज वाली संस्था होते हैं। वे न्यासीय हैसियत में भारी मात्रा में जनता से गैर जमानती निधियां तथा जमाराशियां स्वीकार करते हैं और कर्ज के निर्माण के जरिए इन निधियों को और बढ़ाते हैं। बैंक आपस में विविध एवं जटिल प्रकार से अपारदर्शी रूप में जुड़े होते हैं और यह स्थिति उनकी 'संक्रमण' की संभावना को रेखांकित करती है। यदि कोई कंपनी फेल होती है तो उसका असर उसके हितधारकों तक ही सीमित रहता है। यदि बैंक फेल होता है तो उसका असर शीघ्र ही अन्य बैंकों पर भी पड़ता है जिसका समग्र वित्तीय प्रणाली तथा समस्त अर्थव्यवस्था पर गंभीर परिणाम होता है। जहां बैंकों में सुदृढ़ कंपनी अभिशासन सुनिश्चित करने के लिए विनियमन की भूमिका होती है वहीं विचारणीय मुद्दा यह है कि प्रभावी विनियमन की आवश्यकता तो है परंतु बेहतर कंपनी अभिशासन के लिए यही एकमात्र आवश्यकता नहीं है। इस संदर्भ में भारत में बैंकों में कंपनी अभिशासन से जुड़े मुद्दों में बैंकों का स्वामित्व, जवाबदेही, पारदर्शिता, आचार नीति, क्षतिपूर्ति, बैंकों के अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पदों को अलग-अलग करना तथा वित्तीय होल्डिंग कंपनी ढांचे में कंपनी अभिशासन, शामिल हैं जिनपर पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले कानूनों की समीक्षा की जरूरत

1.19 वर्तमान की सांविधिक व्यवस्था जटिल प्रकार की है जिसमें बैंकिंग क्षेत्र के अलग-अलग खंडों के नियंत्रण के लिए अलग-अलग कानून बने हुए हैं। राष्ट्रीयकृत बैंक बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन तथा अंतरण) अधिनियम, 1970 और 1980 से नियंत्रित होते हैं। भारतीय स्टेट बैंक तथा उसके अनुषंगी बैंक उनके संबंधित विधानों से नियंत्रित होते हैं। निजी क्षेत्र के बैंक कंपनी अधिनियम, 1956 तथा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के दायरे में आते हैं। वे विदेशी बैंक भी बैंकिंग विनियमन अधिनियम के अंतर्गत आते हैं जिन्होंने अपने दस्तावेज कंपनी अधिनियम की धारा 592 के अंतर्गत पंजीकृत करा रखे हैं। बैंकिंग विनियमन अधिनियम के कुछ प्रावधान सरकारी क्षेत्र के बैंकों के लिए भी लागू किये गये हैं। उसी प्रकार भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम के कुछ प्रावधान भी राष्ट्रीयकृत बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और उसके अनुषंगी बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों पर भी लागू होते हैं। विशिष्ट प्रकार के विभिन्न कानूनों के बावजूद इस कानूनी व्यवस्था ने व्यवस्थित बैंकिंग प्रणाली को बनाए रखने में मदद करके प्रणाली को लाभ पहुंचाया है। यह उल्लेख करने की जरूरत नहीं है कि प्रत्येक कानून उस समय की आवश्यकता और चिंताओं को ध्यान में रखकर बनाया गया था। परिस्थितियों में हुए बदलाव एवं संदर्भों को ध्यान में रखते हुए लगभग सभी कानूनों में समय-समय पर संशोधन करना पड़ा। कई कारणों से इन सभी कानूनों की समीक्षा करके इन्हें नए सिरे से तैयार करने की सख्त जरूरत है। इस बात की भी जरूरत है कि बैंकिंग क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले मूल कानूनों तथा बैंकिंग क्षेत्र पर लागू होने वाले अन्य कानूनों के बीच जो विसंगतियां हैं, उन्हें दूर किया जाए। सरकार द्वारा ''वित्तीय क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार इस क्षेत्र के कानूनों को संशोधित करने एवं उन्हें नए सिरे से लिखने" के लिए वित्तीय क्षेत्र विधान सुधार आयोग गठित करने का जो निर्णय लिया गया है वह अत्यंत सामयिक तथा महत्त्वपूर्ण है। परंतु यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि नीति अथवा विनियामक ढांचे में बदलाव का विषय विधान सुधार आयोग की सीमा से बाहर नहीं होना चाहिए। बल्कि आयोग के कार्य के शुरुआती चरण के रूप में इन विषयों पर बहस करके निर्णय लिया जाना चाहिए ताकि आयोग को नीति संबंधी दिशा के बार में स्पष्ट अधिदेश हो।

क्या भारतीय बैंकों को वैश्विक आकार का बनने के लिए प्रयास करना चाहिए?

1.20 हाल में इस बात पर बहस चल रही है कि क्या भारतीय बैंकों को वैश्विक बैंक का स्वरूप लेने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस

संदर्भ में संबंधित लाभ तथा हानियों के बारे में सावधानीपूर्वक विचार किया जाना चाहिए और इस चाहत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती हैसियत के अनुरूप देखा जाना चाहिए। इस संदर्भ में ऐसे दो विशिष्ट प्रश्न हैं जिनके बारे में स्पष्टता की जरूरत हैः (i) क्या भारतीय बैंक वैश्विक आकार का बनने का प्रयास कर सकते हैं? और (ii) क्या भारतीय बैंकों को वैश्विक आकार का बैंक बनने का प्रयास करना चाहिए? पहले प्रश्न के संबंध में इस बात की संभावना नहीं है कि युक्तिसंगत समेकन के बाद भी कोई भी भारतीय बैंक विश्व के शीर्ष के दस बैंकों की सूची में आ सकता है। दूसरे प्रश्न के संदर्भ में जो यह मानते हैं कि बैंकों को वैश्विक स्तर का होना चाहिए उनका तर्क है कि वैश्विक शीर्षता के क्रम में हमारे बैंकों के आकार का मुद्दा उतना महत्त्वपूर्ण नहीं है, परंतु जरूरत इस बात की है कि भारतीय बैंकों की वैश्विक स्तर पर उपस्थिति अच्छी होनी चाहिए। मुख्य तर्क यह है कि भारतीय कंपनियों के बढ़ते वैश्विक आकार तथा प्रभाव को देखते हुए भारतीय बैंकों की वैश्विक स्तर पर तदनुरूप उपस्थिति में वृद्धि होनी चाहिए। इससे विपरीत विचारधारा यह है कि भारतीय बैंकों को बाहर के बजाय अंदर की ओर देखना चाहिए और वैश्विक आकार का बैंक बनने की चाह रखने के बजाय उन्हें वित्तीय गहनता को बढ़ाने की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक बीच का रास्ता भी अपनाया जा सकता है कि वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के लिए बाहर की ओर देखना और वित्तीय पैठ को बढ़ाने के लिए अंदर की ओर देखना आपस में विपरीत विचार-धारा नहीं है, बल्कि दोनों को एक साथ लक्षित करना संभव है। हमारे बैंकों का विदेशों में जिस तेजी से विस्तार हो रहा था वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान उसमें विराम आया। फिर भी, जोखिमों के बावजूद कुछ बड़े बैंकों को अपनी सुदृढ़ता केअवसर की तलाश में बाहर की ओर देखने का यही सही समय होगा। अतः इस चर्चा का सार यह है कि भारतीय बैंकों को वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ानी चाहिए। तेजी से बदल रहे वैश्विक वित्तीय परिदृश्य में भारतीय बैंकों के लिए जरूरी है कि वे वैश्विक स्तर पर सोचें परंतु स्थानीय स्तर के अनुसार कार्य करें।

बैंकिंग के स्वरूप को बदलने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के लाभ एवं जोखिम

1.21 प्रौद्योगिकी के उपयोग ने भारत में बैंकिंग के स्वरूप को बदल दिया है। बैंकिंग के कारोबार में प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग ने कुछ नये मुद्दों तथा चुनौतियों को सामने ला दिया है। इनको मोटे तौर पर लागत तथा जोखिम के रूप में दो श्रेणियों में बांटा जा सकता है। लागत इस रूप में कि आईटी को लगाने से व्यय में वृद्धि होती है तथा और जोखिम इस रूप में कि आवश्यक बचाव व्यवस्था के बिना आईटी प्रणालियों पर निर्भरता से जोखिम में बढ़ोतरी होती है। लागत संबंधी मुद्दे का समाधान आईटी को लगाने के लक्ष्य को कारोबार के व्यापक एवं रणनीतिगत लक्ष्यों के साथ सामंजस्य रखते हुए पूरा किया जा सकता है ताकि इनकी खरीद तथा समुचित प्रौद्योगिकीय समाधान के रखरखाव पर परिचालनात्मक एवं प्रबंधन संबंधी पर्याप्त नियंत्रण रखा जा सके। प्रौद्योगिकी जोखिम से जुड़ा हुआ दूसरा पक्ष अति महत्त्वपूर्ण है। आईटी के बढ़ते उपयोग के साथ बैंकों तथा उनके ग्राहकों के लिए भी जोखिम जुड़ा हुआ है जो मौद्रिक हानि, डेटा की चोरी, गोपनीयता के भंग के रूप में हो सकता है तथा बैंकों को ऐसे जोखिमों के बारे में स्पष्ट धारणा होनी चाहिए। बैंकिंग कारोबार का अन्य उल्लेखनीय पक्ष विनियामक तथा पर्यवेक्षी अनुपालन का है। सामान्यतः बाजारों के वैश्वीकरण में वृद्धि होने एवं विशेष रूप से हाल के संकट के बाद इस तरह के अनुपालन की अपेक्षाओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। बासेल II तथा III के कार्यान्वयन के साथ बड़ी चुनौती जुड़ी हुई है। बैंकों ने प्रौद्योगिकी को अपनाया तो है परंतु प्रौद्योगिकी का लाभ लागत, गति एवं सुविधा की दृष्टि से पूरी तरह से नहीं मिल पाया है। प्रौद्योगिकी से मिलने वाले लाभों को ग्राहकों तक पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है।

भुगतान प्रणालियों की उभरती प्रवृत्तियां तथा उनसे जुड़ी चुनौतियां

1.22 बाजार तथा वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ आर्थिक दक्षता एवं वित्तीय बाजारों के कुशलतापूर्वक कार्यकलाप हेतु यह आवश्यक है कि समर्थनकारी भुगतान तथा निपटान प्रणाली सुचारु रूप से कार्य करें। वित्तीय क्षेत्र, तथा भुगतान तथा निपटान प्रणाली का ढांचा वास्तविक क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप होना चाहिए। भुगतान प्रणालियों का बदलता परिदृश्य इस उद्योग के सभी खंडों के लिए नई चुनौतियों के साथ-साथ अवसर भी पैदा करता है। नए उत्पादों से प्राप्त हुए अवसरों का लाभ उठाते समय प्रणाली प्रदाताओं/बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इनसे जुड़ी चुनौतियों का पर्याप्त रूप से समाधान कर लिया जाता है। इस बात को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ये उत्पाद

जनता के सभी वर्गों को उपलब्ध हो और इन उत्पादों को लेने के लिए प्रोत्साहन हो। विनियामक प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जो कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए नई प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं में होने वाली नियमित गतिविधियों का समर्थन करती हो। इस संदर्भ में महत्त्वपूर्ण मुद्दा यह है कि बैंक किस प्रकार किफायती, सुरक्षित एवं तीव्रता से तथा व्यवधान रहित तरीके से कार्य करने वाला भुगतान तथा निपटान संबंधी उत्पाद तथा समाधान उपलब्ध कराते हैं।

वित्तीय स्थिरता से जुड़ी कुछ चिंताएं

1.23 वैश्विक समष्टि-वित्तीय परिवेश के कमजोर रहने के बावजूद भारत का समष्टि-आर्थिक आधार सुदृढ़ रहा। इसके अलावा, दिसंबर 2010 से वित्तीय बाजार दबावों से मुक्त रहे तथा वित्तीय स्थिरता संकेतक के पूर्वानुमान के आंकड़े दर्शाते हैं कि ये अल्पावधि में सुस्थिर बने रहेंगे। वित्तीय स्थिरता के संबंध में कुछ उभरती हुई चिंताओं की प्रवृत्तियां हैं (i)वस्तुओं के बढ़ते वित्तीयकरण का असर वित्तीय बाजारों तक फैलने की संभावना, (ii) उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ब्याज दरों में अंतर जिसके कारण भारतीय कंपनियों द्वारा विदेश में निधीयन को बढ़ावा मिल सकता है जिसके चलते मुद्राओं में असंतुलन की स्थिति पैदा हो सकती है, (iii) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों (एफसीसीबी) की परिपक्वता का रोलओवर जोखिम जिसके कारण उच्चतर ब्याज दरों पर वित्तपोषण की जरूरत पड़ सकती हैं, तथा (iv) आस्ति-देयता में असंतुलन के साथ चार विशिष्ट क्षेत्रों अर्थात् स्थावर संपदा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एनबीएफसी तथा खुदरा क्रेडिट में बैंक कर्ज की असमानुपातिक वृद्धि, उधार ली गई निधियों पर निर्भरता तथा अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान संबंधी बढ़ी हुई अपेक्षाएं। दबाव परीक्षणों से ज्ञात होता है कि बैंकिंग क्षेत्र पर्याप्त रूप से पूंजीकृत है तथा वह आस्तियों की गुणवत्ता संबंधी आघातों एवं समष्टि आर्थिक परिदृश्य में हो सकने वाले प्रतिकूल परिवर्तनों के प्रति सुदृढ़ है। वित्तीय स्थिरता को प्रभावित करने वाले एनबीएफसी क्षेत्र की विनियामक खामियों से जुड़े मुद्दों का समाधान विनियमन की परिसीमा में वृद्धि करके किया जा रहा है जबकि देशी केंद्रीय प्रतिपक्षियों की चलनिधि जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की खामियों को बेल-आउट की नई व्यवस्था की दृष्टि से आंका जा रहा है।

5. भावी मार्ग

1.24 जहां बैंकों की और आगे बढ़ने की संभावनाओं में वृद्धि हुई है वहीं उन्हें आगे बढ़ते समय नई चुनौतियों का भी सामना करना होगा। बचत बैंक जमाराशि दरों के अविनियमन संबंधी 25 अक्तूबर 2011 की हाल की घोषणा से शुरू में कुछ प्रतिस्पर्धा हो सकती है, क्योंकि जिन बैंकों के पास बचत जमाराशि कम हैं वे ऐसी बचत जमाराशियों का बड़ा हिस्सा प्राप्त करेने का प्रयास करेंगे। तथापि, यह प्रक्रिया व्यवधान पैदा करनेवाली नहीं होनी चाहिए। पेंशन देयताओं के लिए किये गये प्रावधान एवं रिटेल तथा स्थावर संपदा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में वृद्धिशील रूप में ऋण पोर्टफोलियो की उच्च वृद्धि में आई नरमी के चलते लाभप्रदता प्रभावित हो सकती है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को भारी मात्रा में तथा तीव्र गति से दिये गये ऋण से जुड़ा एक विशिष्ट विषय चिंता के रूप में उभरकर आया है जो भविष्य में चूक की बढ़ती घटनाओं की आशंकाओं को जन्म देता है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, वित्तीय समावेशन एवं प्रौद्योगिकी और उत्पादों को नया स्वरूप देकर बेहतर ऋण सुविधाएं देने के जरिए वृद्धि को समर्थन देने की बढ़ती जरूरत के रूप में बैंकों को चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा।

1.25 इस बात को स्वीकार किया जाना चाहिए कि वित्तीय प्रणाली के और अधिक वैश्वीकरण, समेकन, विनियमन तथा विविधीकरण से बैंकिंग कारोबार अधिक जटिल तथा जोखिम भरा होने जा रहा है। जटिल प्रकार का जोखिम प्रबंधन, समुचित चलनिधि प्रबंधन एवं दक्षता में वृद्धि जैसे कतिपय चुनौतियां भारतीय संदर्भ में पहले ही दिखाई देने लगी हैं। हाल के समय में बैंकों तथा वित्तीय बाजारों के बीच के संबंधों में मौलिक बदलाव आया है। बैंक वित्तीय बाजारों के साथ और अधिक निकटता से जुड़ गए हैं जिसके चलते वे वित्तीय बाजारों में होने वाले दबावों से अधिक प्रभावित होंगे। जहां आईटी के क्षेत्र में प्रौद्योगिकीय विकास ने बैंकिंग सेवाओं की दक्षता में उल्लेखनीय सुधार ला दिया है वहीं बैंक कारोबार प्रक्रिया की रिइंजीनियरिंग के अभाव में दक्षताओं में हुई वृद्धि का लाभ पूरी तरह उठा नहीं सके हैं। चुनौती इस बात की है कि वृद्धि, दक्षता और जोखिम प्रबंधन के लक्ष्यों के बीच संतुलन बनाने के लिए किस प्रकार प्रौद्योगिकी का पूरा लाभ उठाया जा सकता है।

मध्यावधि परिदृश्य

1.26 नई चुनौतियों का समाधान करते हुए अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए संस्थागत सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया का महत्त्व निर्विवाद है। बैंकों को चार सिद्धांतों अर्थात दक्षता, स्थिरता, पारदर्शिता और समावेशन की नींव पर स्वयं को स्थापित करना चाहिए। बैंकिंग क्षेत्र संबंधी विकास की रणनीति के जरिए जिन तीन संतुलनकारी कार्यों को किया जाना है वे हैं :बैंकिंग क्षेत्र की वृद्धि के प्रेरक तत्त्वों एवं वृद्धि तथा विकास की वृहत्तर कार्यसूची की जरूरत के बीच संतुलन; भारी स्तर पर वैश्विक एकीकरण के लाभों तथा जोखिमों के बीच संतुलन; तथा मात्रात्मक लाभ एवं विविधता की अनिवार्यताओं के बीच संतुलन। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है अर्थव्यवस्था का प्रत्याशित निष्पादन, अच्छी बचत, इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार हेतु दिए गए नीतिगत बल तथा वित्तीय समावेशन में हुए और सुधार से आशा है कि मध्यावधि में बैंकिंग क्षेत्र में सुदृढ़ वृद्धि सुनिश्चित की जा सकेगी।

1.27 परंतु दीर्घावधि में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के सामने महत्त्वपूर्ण कार्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग उत्पाद एवं सेवाएं ठीक प्रकार से उपलब्ध हों ताकि वित्तीय समावेशन का लक्ष्य पूरा किया जा सके। आगे चलकर 'वित्तीय वंचन' की खाई को पाटना बैंकों का महत्त्वपूर्ण दायित्व होगा। सभी चुनौतियों तथा समाधान किये जाने वाले मुद्दों के बावजूद, भारत का बैंकिंग क्षेत्र अपनी दीर्घावधि वृद्धि की चाहत को पूरा करने के लिए अपनी प्रचुर संभावनाओं की ओर ध्यान दे सकता है। अतः बैंकिंग क्षेत्र को देश के विनियमों का पालन करते हुए अंतरराष्ट्रीय श्रेष्ठ प्रथाओं को ग्रहण करके समावेशन, नवोन्मेष तथा विविधीकरण के जरिए वृद्धि पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

अध्याय-II

वैश्विक बैंकिंग गतिविधियां

वर्ष 2010 और 2011 अब तक वैश्विक बैंकिंग प्रणाली के लिए एक कठिन काल रहा है क्योंकि वैश्विक वित्तीय प्रणाली तथा विभिन्न देशों में उभरते राजकोषीय और आर्थिक वृद्धि परिदृश्य के कारण चुनौतियां सामने आ रही हैं।सितंबर 2011 की वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में सावधान किया गया है कि अक्तूबर 2008 से पहली बार वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम बढ़े हैं, जो पिछले तीन वर्षों के दौरान हुई प्रगति में आंशिक विपर्यय के संकेत दे रहे हैं। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बैंकिंग प्रणाली धीमी आर्थिक पुनर्वापसी और देशों की बढ़ती ऋण चिंताओं के कारण अनिश्चय की स्थिति में बनी हुई है जिसके परिणामस्वरूप पुनर्पूंजीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही है।। क्यूई2 का सहारा लेने के बावजूद, अमरीका अपनी आर्थिक बहाली की गति खो रहा है और इसकी साख को डाउनग्रेडिंग का सामना करना पड़ा है। अमरीकी बैंकिंग प्रणाली, जिसमें 2010 में ऋण वद्धि और लाभप्रदता में सुधार के संकेत दिखे थे, अब एक गंभीर प्रश्न का सामना कर रही है कि क्या बैंकिंग प्रणाली की यह पुनर्वापसी निकट भविष्य में जारी रहेगी। यूरोप के कुछ देशों के सार्वजनिक वित्त में गंभीर गिरावट के कारण यूरो क्षेत्र की बैंकिंग प्रणाली कुल मिलाकर बढ़ते ऋण, बाजार और निधीयन जोखिम के समक्ष कमजोर होकर खड़ी है। इसके अलावा, इनमें से कई बैंकों को देशों की चूकों के जोखिम से बचने के लिए पुनर्पूंजीकरण की आवश्यकता है। ब्रिटन में भी बैंकिंग प्रणाली उच्च लीवरेज और कमजोर आस्ति गुणवत्ता से ग्रस्त बनी हुई है। प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं में ऋण वृद्धि सापेक्षिक रूप से उच्च स्तर पर रही है; इसे बढ़ते मुद्रास्फीतिक दबावों तथा पूंजी अंतर्वाहों को देखते हुए चिंता का एक कारण माना जा रहा है। इसके अलावा, यह भी चिंता व्यक्त की जा रही है कि ऋण वृद्धि आगे आने वाले वर्षों में एक कमजोर आस्ति गुणवत्ता की नींव डाल रही है। अच्छी बात है कि उन्नत और उभरती दोनों अर्थव्यवस्थाओं ने वैयक्तिक और बहुपक्षीय रूप से अपनी बैंकिंग प्रणालियों की समष्टि विवेकपूर्ण निगरानी को मजबूत किया है। जबकि यह महत्त्वपूर्ण है कि वैश्विक बैंकिंग प्रणाली को अंदर से मजबूत करने के प्रयास किये जाएं लेकिन यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि राजकोषीय और आर्थिक जोखिमों को रोकने के लिए प्रभावी समाधान निकाले जाएं जो इस समय अंदर से बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के लिए खतरा बने हुए हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सभी समाधान निकाले जाने की आवश्यकता है।

1.परिचय

2.1 वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वर्ष 2010 आशाओं और चिंताओं की मिश्रित भावनाओं से भरा रहा। वित्तीय संकट के फलस्वरूप 2009 में आर्थिक वृद्धि में एक बड़ी रुकावट के बाद, इस आशा के कारण उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में 'तेज' बहाली को कुछ प्रोत्साहन मिला। ये चिंताएं यूरो क्षेत्र में देशों की साख के बढ़ते जोखिमों तथा मध्य-पूर्व और उत्तर अफ्रीका क्षेत्र में अनिश्चितता के साथ बढ़ते मुद्रास्फीतिक दबावों के कारण थीं। 2011 की शुरुआत में दिखी आशाओं ने सामान्य रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था और विशेष रूप से 2011 में अमरीकी अर्थव्यवस्था में अनुमानित मंदी के कारण और अधिक चिंताओं को जन्म दिया। इसके अलावा, अमरीका में सरकारी ऋण सीमा में वृद्धि और स्टैंडर्ड एण्ड पुअर की ऋण रेटिंग एजेंसी द्वारा उसकी साख की रेटिंग में डाउनग्रेडिंग के कारण अमरीका में भी साख संबंधी जोखिम और बढ़ गए हैं ।

2.2 ऐसे वातावरण में वैश्विक बैंकिंग प्रणाली का कार्यनिष्पादन भी कुछ सकारात्मक गतिविधियों और कई कमियों की मिश्रित सामग्री से भरा हुआ रहा है। सकारात्मक गतिवधियां देशों के द्वारा संकट से सीखकर विनियामी और पर्यवेक्षी ढांचे में सुधार तथा बैंकों की

पूंजी पर्याप्तता बढ़ाने के प्रयास के रूप में रही हैं। लेकिन, बड़ी कमियां वैश्विक बैंकिंग गतिविधियों की व्यापक पुनर्वापसी के न होने के रूप में रही हैं, ये पुनर्वापसी बेहतर ऋण वृद्धि, लाभप्रदता और आस्ति गुणवत्ता तथा कम लीवरेज के रूप में वर्णित की जा सकती है।

2.3 इस पृष्ठभूमि में, इस अध्याय में चुनिंदा उन्नत तथा उभरती अर्थव्यवस्थाओं की बैंकिंग गतिविधियों और सुदृढ़ता के प्रमुख संकेतकों का प्रयोग करते हुए वैश्विक बैंकिंग प्रणाली के कार्यनिष्पादन का विश्लेषण किया गया है। इसमें कुछ उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं/अर्थव्यवस्था-समूहों की बैंकिंग प्रणालियों के वैयक्तिक कार्यष्पिादन का विस्तृत ब्यौरा भी दिया गया है। अंत में, संस्थागत स्तर पर इसमें व्यापक वैश्विक उपस्थिति वाले 100 शीर्ष बैंकों के कार्यनिष्पादन का विश्लेषण किया गया है। इसके पश्चात, इसमें वर्ष के दौरान वैश्विक बैंकिंग प्रणाली से संबंधित प्रमुख विनियामी और पर्यवेक्षी नीतियों पर प्रकाश डाला गया है।

2. वैश्विक बैंकिंग रुझान

2.4 वर्तमान वैश्विक समष्टि आर्थिक स्थिति में उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में असंतुलित आर्थिक रिकवरी, 2011 में आर्थिक संभावनाओं में कमी, बेरोजगारी और मुद्रास्फीतिक दबावों का उच्च स्तर तथा सरकारी ऋण का उच्च स्तर जैसी विशेषताएं मौजूद हैं (चार्ट II.1)।

समष्टि आर्थिक जोखिम काफी अधिक बढ़ गये हैं

2.5 अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने सितंबर 2011 के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में 2011 के दौरान कुल मिलाकर विश्व अर्थव्यवस्था के लिए 4.0 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है जिसमें उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं 6.4 प्रतिशत की दर से तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाएं केवल 1.6 प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की कम त्रैमासिक जीडीपी वृद्धि को देखते हुए, सितंबर 2011 में किया गया 1.6 प्रतिशत का उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का आकलन जून 2011 में किये गये 2.2 प्रतिशत के आकलन से कम है। 2010 में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बेरोजगारी की

चार्ट II.1: वैश्विक समष्टि आर्थिक रुझान



टिप्पणी: बेरोजगारी की दर उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए अलग से रिपोर्ट नहीं की जाती है।
स्रोत: वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक डेटाबेस से गणना की गई।

दर 8 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर रही है अलबत्ता आइएमएफ के आकलनों के अनुसार इसमें 2011 में कुछ कमी आएगी। मुद्रास्फीतिक दबाव जो 2010 में तेल, खाद्य और वस्तुओं के बढ़ते मूल्यों के कारण बहुत अधिक हो गये थे, उभरती अर्थव्यवस्थाओं में इनके 2011 में और भी बढ़ने की आशा है।

ऋण पुनर्वापसी संबंधी अनिश्चितता जारी है

2.6 पूर्व खंड में की गयी चर्चा के अनुसार समष्टि आर्थिक पृष्ठभूमि में कुछ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के बैंकिंग कारोबार में 2010 में पुनर्वापसी के चिह्न दिखे। संकट के बाद ऋणात्मक वृद्धि जोन में जाने के पश्चात, 2011 की पहली तिमाही में अमरीका, जर्मनी और फ्रांस में बैंक ऋण की वृद्धि में बढ़ोतरी दिखी। लेकिन, अमरीका और अब जर्मनी[1] में भी आर्थिक पुनर्वापसी की तस्वीर के अस्पष्ट होने के कारण अनिश्चितता बनी हुई है कि क्या यह ऋण पुनर्वापसी जारी रहेगी अथवा नहीं। वास्तव में, अमरीका में 2011 की दूसरी तिमाही में ऋण वृद्धि में फिर गिरावट देखी गई है। 2011 में ब्रिटेन और जापान में बैंक ऋण वृद्धि, जिसमें 2009 की शुरुआत से गिरावट की प्रवृत्ति देखी गई थी, में बहाली दिखी है, लेकिन यह अभी ऋणात्मक जोन में बनी हुई है। यूरोप की अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाओं विशेष रूप से राजकोषीय तनावों वाले देशों अर्थात पुर्तगाल, स्पेन और इटली में बैंक ऋण वृद्धि में सीधी गिरावट देखी गई, यहां पर 2011 तक पुनर्वापसी के कोई चिह्न नहीं नजर आ रहे हैं (चार्ट II.2)।

आस्तियों पर आय में मामूली वृद्धि दिखी

2.7 ऋण वृद्धि में तेजी के अलावा आस्तियों पर आय (आरओए), जो बैंकिंग प्रणाली की लाभप्रदता और सुदृढ़ता का एक संकेतक है, में भी 2010 में अमरीका और फ्रांस में मामूली वृद्धि दिखी (सारणी II.1)। अमरीकी बैंकों की आस्तियों पर आय 2008 और 2009 में ऋणात्मक जोन में रहने के पश्चात धनात्मक हो गई; इसमें 2011 (मार्च) में और वृद्धि दिखी। रूस, चीन और मलेशिया की

सारणी II.1: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं के बैंकों की आस्तियों पर आय

देश	2007	2008	2009	2010	2011*
उन्नत अर्थव्यवस्थाएं					
फ्रांस	0.4	0.0	0.4	0.6	...
जर्मनी	0.3	-0.1	0.2	...	...
ग्रीस	1.0	0.2	-0.1	-0.6	-0.3
इटली	0.7	0.3	0.2	...	...
जापान	0.3	-0.3	0.2	0.4	...
पुर्तगाल	1.2	0.4	0.4	0.5	0.5
स्पेन	1.1	0.8	0.6	0.5	...
ब्रिटेन	0.4	-0.4	0.1	0.2	...
यूनाइटेड स्टेट	1.2	-0.1	-0.1	0.9	1.2
उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं					
रूस	3.0	1.8	0.7	1.9	2.3
चीन	0.9	1.0	0.9	1.0	...
भारत	0.9	1.0	1.1	1.1	...
मलेशिया	1.5	1.5	1.2	1.5	1.8
ब्राजील	3.4	1.5	2.4	3.2	3.3
मैक्सिको	2.3	1.4	1.5	1.8	1.6

स्रोत: आइएमएफ के वित्तीय सुदृढ़ता संकेतक से संकलित।
... उपलब्ध नहीं।
* मार्च को समाप्त अवधि तक।

बैंकिंग प्रणाली की आस्तियों पर आय 2009 और 2010 के बीच बढ़ी जबकि 2008 और 2009 के बीच इन आस्तियों की आय में कमी आई थी। रूस और मलेशिया में आस्तियों पर आय में वृद्धि की प्रवृत्ति 2011(मार्च) में भी जारी रही। भारतीय बैंकों की आस्तियों पर आय में भी 2008 और 2010 के बीच मामूली वृद्धि दिखी।

बैंक शेयरों का निराशाजनक कार्यनिष्पादन

2.8 बैंक शेयर सूचकांकों के परिवर्तन में वैश्विक तौर पर 2009 की शुरुआत से धीमे-धीमे बहाली हो रही है, ये परिवर्तन सामान्य रूप से बैंकों के तुलनपत्र और लाभप्रदता वृद्धि के परिवर्तनों से संबद्ध होते हैं। अमरीका में बैंक शेयरों के मूल्यों में ऊपर की ओर चढ़ाव दिखा लेकिन यह एक संकुचित दायरे में रहा जो इन शेयरों में निवेशकों के कमजोर आत्मविश्वास को दर्शाता है (चार्ट II.3)। 2011 की शुरुआत से अमरीका के बैंक शेयरों में एक असाधारण गिरावट हुई। इसी तरह की गिरावट राजकोषीय रूप से तनावग्रस्त अर्थव्यवस्थाओं के बैंकों के शेयरों में भी देखी जा सकती है। कुल मिलाकर उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं और चीन में 2009 की शुरुआत से बैंक

[1] 2011 की पहली तिमाही में अमरीकी जीडीपी में वृद्धि घटकर 0.4 प्रतिशत हो गई और इसके बाद इसमें सुधार आया अलबत्ता थोडा-सा जिससे यह दूसरी तिमाही में बढ़कर 1.3 प्रतिशत हो गई। जर्मनी में 2011 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 1.3 प्रतिशत थी लेकिन वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर 0.1 प्रतिशत हो गई।

चार्ट II.2: बैंक ऋण वृद्धि का तीन वर्ष का घटता-बढ़ता औसत, प्रतिशत में



टिप्पणी: 1. स्पेन के आंकड़े तिमाही रूप से उपलब्ध हैं। इसलिए इसकी वृद्धि दर को प्रति तिमाही रिपोर्ट किया जाता है। अन्य सभी देशों की वृद्धि दरें प्रति माह के हिसाब से हैं इन वृद्धि दरों को तीन वर्ष के उतार-चढ़ाव वाली औसत प्रणाली का उपयोग करके कम किया गया है।

2. बैंक ऋण से तात्पर्य जर्मनी, रूस, स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस और पुर्तगाल के निजी ऋण से है। अन्य सभी देशों में इसका तात्पर्य कुल बैंक ऋण से है।

3. वृद्धि गणनाओं के लिए प्रयुक्त ऋण डेटा प्रत्येक देश की संबंधित मुद्रा में रिपोर्ट किये गये अनुसार है।

स्रोत: थॉमसन रियूटर्स, डेटा स्ट्रीम से गणना की गई।

चार्ट II.3: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं/अर्थव्यवस्था समूहों में बैंक शेयर सूचकांक



टिप्पणी: ईएमयू से तात्पर्य यूरोपियन मौद्रिक संघ से है ।
स्रोत: थॉमसन रियूटर्स, डेटास्ट्रीम से गणना की गई।

शेयरों के सूचकांकों में ऊपर की ओर बहुत धीमी वृद्धि हुई। उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में से,भारत में 2009 की शुरुआत से बैंकों के शेयरों में ऊपर की ओर चढ़ाव काफी अधिक रहा जिसके फलस्वरूप इसका सूचकांक 2010 के अंत तक ऊपर की ओर चढ़कर संकट पूर्व के चिह्न तक पहुंच गया।

अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग कारोबार की पुनर्वापसी

2.9 2010-11 (मार्च) में अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग कारोबार की काफी अधिक पुनर्वापसी हुई (रिपोर्टिंग बैंक के स्थान के अनुसार),यह रुझान 2009-10 में भी जारी रहा। 2008-09 के दौरान बैंकों की अंतरराष्ट्रीय आस्तियां और देयताएं वित्तीय संकट के पश्चात काफी अधिक संकुचित हो गईं (सारणी II.2)।

सारणी II.2: बैंकों की अंतरराष्ट्रीय आस्तियों और देयताओं में वृद्धि

मद	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11
कुल आस्तियां	**26.1**	**-17.5**	**0.2**	**5.4**
1. बाह्य आस्तियां	26.6	-17.5	0.1	5.3
कर्ज और जमा राशियां	28.2	-19.0	-1.0	6.7
प्रतिभूतियों और अन्य आस्तियों की धारिताएं	22.1	-13.2	3.0	1.9
2. विदेशी मुद्रा में स्थानीय आस्तियां	22.4	-17.5	0.7	5.7
कुल देयताएं	**26.5**	**-18.0**	**-0.7**	**7.1**
1. बाह्य देयताएं	27.4	-18.6	0.2	6.6
कर्ज और जमाराशियां	26.5	-21.2	-1.3	6.0
प्रतिभूतियों के अपने निर्गम और अन्य देयताएं	33.7	-2.0	7.4	9.5
2. विदेशी मुद्रा में स्थानीय देयताएं	20.8	-14.4	-6.1	10.5

स्रोत: बीआइएस, लोकेशनल बैंकिंग स्टेटिस्टिक्स से गणना की गई।

2.10 अधिकांश उन्नत देशों में अंतरराष्ट्रीय आस्तियों और देयताओं (सभी क्षेत्रों की सभी मुद्राओं में) के परिमाण में मार्च 2010 के अंत और मार्च 2011 के अंत के बीच वृद्धि का इसी प्रकार का रुझान दिखा (चार्ट II.4)। उन्नत देशों में से, अमरीका और ब्रिटेन में स्थित बैंकों की अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि सबसे असाधारण रही। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भी, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग कारोबार में 2011 की पहली तिमाही तक काफी अधिक गति आ गयी। लैटिन अमरीका के बैंकों ने प्रतिभूतियों के निर्गम का बड़े पैमाने पर सहारा लिया जिससे इन बैंकों की अंतरराष्ट्रीय देयताओं में तीव्र वृद्धि हुई।

बैंकों की वित्तीय सुदृढ़ता

1. पूंजी पर्याप्तता के स्तर में वृद्धि

2.11 अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बैंकों की पूंजी पर्याप्तता का स्तर 2008 और 2010 के बीच धीमी गति से बढ़ा (सारणी II.3)। 2010 तक ब्रिटेन, अमरीका, जापान और जर्मनी में जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) 15 प्रतिशत के ऊपर रखा गया। 2011 की पहली तिमाही में अमरीका और जर्मनी के बैंकों के इस अनुपात में और वृद्धि दिखी। लेकिन, प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं में पूंजी पर्याप्तता का स्तर 2009 और 2010 के बीच मामूली रूप से गिरा, चीन, भारत और मैक्सिको इसके अपवाद रहे। मैक्सिको और चीन दोनों के बैंकों में मार्च 2011 तक उनकी पूंजी में मामूली गिरावट हुई।

चार्ट II.4: उन्नत और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की अंतरराष्ट्रीय आस्तियां/देयताएं



टिप्पणी: मलेशिया के 2007 के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।
स्रोत: बीआइएस स्थानीय बैंकिंग सांख्यिकी से समेकित।

सारणी II.3: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में बैंकों का जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात

देश	2007	2008	2009	2010	2011*
उन्नत अर्थव्यवस्थाएं					
फ्रांस	10.2	10.5	12.4	12.3	...
जर्मनी	12.9	13.6	14.8	16.1	16.6
ग्रीस	11.2	9.4	11.7	11.4	12.3
इटली	10.4	10.8	12.1	12.3	...
जापान	12.3	12.4	15.8	16.7	...
पुर्तगाल	10.4	9.4	10.5	10.2	10.5
स्पेन	11.4	11.3	12.2	11.8	...
ब्रिटेन	12.6	12.9	14.8	15.9	...
अमरीका	12.8	12.8	14.3	15.3	15.5
उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं					
ब्राजील	18.7	18.2	18.9	17.6	18.2
चीन	8.4	12.0	11.4	12.2	11.8
भारत	12.3	13.0	13.2	13.6	...
मलेशिया	14.4	15.5	18.2	17.5	16.4
मैक्सिको	15.9	15.3	16.5	16.9	16.5
रूस	15.5	16.8	20.9	18.1	17.2

स्रोत: आइएमएफ के वित्तीय सुदृढ़ता संकेतक से संकलित।
... उपलब्ध नहीं।
* मार्च को समाप्त अवधि तक।

2. लीवरेज में असमान गिरावट

2.12 संकट के पश्चात भिन्न-भिन्न देशों के बीच बैंकिंग क्षेत्र के लीवरेज में असमान गिरावट आई; यहां पर कुल आस्तियों की तुलना में कुल पूंजी (और आरक्षित निधियां) के अनुपात को बैंकिंग प्रणाली[2] में लीवरेज के एक संकेतक के रूप में लिया गया है। अमरीका में 2008 और 2010 के बीच बैंकिंग प्रणाली के लीवरेज में कुछ कमी दिखी (चार्ट II.5)। अमरीकी बैंकों का यह रुझान 2011 की पहली तिमाही में आगे जारी रहा। 2008 और 2010 के बीच ब्रिटेन के बैंकों के लीवरेज में भी कुछ कमी देखी जा सकती है। इस कमी के बावजूद भी ब्रिटेन के बैंकों के लीवरेज की मात्रा सापेक्षिक रूप से उच्च स्तर पर बनी रही। 2008 को संदर्भ बिंदु मानते हुए अन्य उन्नत यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं अर्थात फ्रांस, जर्मनी, पुर्तगाल, ग्रीस और स्पेन की बैंकिंग प्रणाली की डिलीवरेजिंग में कोई अधिक गति नहीं आई।

[2] बासेल III के नियम पाठ के अंतर्गत बीसीबीएस द्वारा प्रस्तुत लीवरेज अनुपात के आधार प्रस्ताव के अनुसार, (i) *पूंजी* मापन में टियर I पूंजी और टियर I पूंजी के प्रभावी रूप को शामिल किया जाना चाहिए, जबकि (ii) कुल *एक्सपोजर* में सभी प्रावधानों और अन्य मूल्यन समायोजनों को घटाकर निकले एक्सपोजर को शामिल किया जाना चाहिए। इसलिए वर्तमान विश्लेषण में प्रयुक्त लीवरेज के मापन को प्रारंभिक के रूप में उल्लिखित किया गया है। यह अपने वित्तीय सुदृढ़ता संकेतक (एफएसआइ) डेटाबेस में आइएमएफ द्वारा प्रदान किये गये मापन का सीधी तौर पर अनुगमन करता है। यह उल्लेखनीय है कि आइएमएफ इस मापन की चर्चा करते समय इसे ''लीवरेज अनुपात'' के रूप में उल्लेख करता है: देखें एफएसआइ की ''संकल्पना और परिभाषा'', <www.imf.org>।

चार्ट II.5: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं की बैंकिंग प्रणाली में लीवरेज



स्रोत: आइएमएफ के वित्तीय सुदृढ़ता संकेतक से संकलित।
* मार्च को समाप्त अवधि तक।

2.13 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बैंकिंग प्रणालियां सामान्य रूप से अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम लीवरेज्ड रहीं। लेकिन, संकट की अवधि के दौरान इन अर्थव्यवस्थाओं की बैंकिंग प्रणालियों के लीवरेज में कोई गोचर वृद्धि के चिह्न नहीं दिखे। 2008 को संदर्भ बिंदु मानने पर, संकट की अवधि के पश्चात कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं की बैंकिंग प्रणालियों के लीवरेज में वृद्धि हुई। वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (सितंबर 2011) में उभरती अर्थव्यवस्थाओं की बैंकिंग प्रणालियों में रिलीवरेजिंग को एक प्रमुख चिंता के रूप में दिखाया गया है।

3. कमजोर होती आस्ति गुणवत्ता

2.14 वैश्विक रूप से, वित्तीय संकट के प्रारंभ से बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ। वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (सितंबर 2011) के अनुसार ऋण जोखिम बढ़े हैं और वे वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए प्रमुख संभावित जोखिम बने हुए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि ऋण जोखिम की वृद्धि ने वास्तविक अर्थव्यवस्था के सुधारों को पीछे छोड़ दिया। अमरीका को छोड़कर 2008 और 2010 के बीच अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में अनर्जक कर्ज़ (एनपीएल) अनुपात की बढ़ती प्रवृत्ति बनी रही। अमरीका में 2009 और 2010 के बीच आस्ति गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ जो 2011 की पहली तिमाही में जारी रहा (चार्ट II.6)। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के बिल्कुल विपरीत, कई प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं में संकट के बाद के वर्षों में आस्ति गुणवत्ता में काफी अधिक सुधार दिखा। चीन में आस्ति गुणवत्ता विशेष रूप से सुदृढ़ बनी रही।

चार्ट II.6: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में बैंकों की आस्ति गुणवत्ता



टिप्पणी: जर्मनी का 2010 के एनपीए कर्जों का अनुपात उपलब्ध नहीं है और इसलिए इसे रिपोर्ट नहीं किया गया है।
स्रोत: आइएमएफ के वित्तीय सुदृढ़ता संकेतक से संकलित।
* मार्च को समाप्त अवधि तक।

बढ़ते सीडीएस स्प्रैड जोखिम बोध के बढ़ने का संकेत दे रहे हैं

2.15 2010-11 के दौरान वैश्विक बैंकों के सीडीएस स्प्रैड में सामान्य रूप से वृद्धि हुई साथ ही इसमें गिरावट सविराम अवधियों में हुई (चार्ट II.7)। 2011 के दौरान सीडीएस स्प्रैड में मध्य अप्रैल तक गिरावट हुई और इसके बाद इसमें वृद्धि हुई। कुछ देशों विशेष रूप से यूरो जोन के कुछ देशों की आर्थिक हैसियत पर हाल के महीनों में गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े होने से, वैश्विक बैंकों का सीडीएस स्प्रैड बढ़ रहा है साथ ही सरकारी ऋण से जुड़े जोखिम भी बढ़ रहे हैं (चार्ट II.7)। ग्रीस के मामले में सोवरेन सीडीएस स्प्रैड 15 सितंबर 2011 तक बहुत तेजी से बढ़ा है जो सरकारी ऋण जोखिमों की बढ़ती गंभीरता को परिलक्षित करता है (चार्ट II.8)।

चार्ट II.7: वैश्विक बैंकों का सीडीएस स्प्रैड



स्रोत: ब्लूमबर्ग

2.16 सितंबर 2008 के दौरान विभिन्न देशों में बैंकों का सीडीएस स्प्रैड काफी अधिक बढ़ गया था (चार्ट II.8)। स्प्रैड में अगले महीने कुछ कमी आई और यूरो क्षेत्र को छोड़कर अधिकांश उन्नत और आर्थिक अर्थव्यवस्थाओं में यह 2010 और 2011 की पहली छमाही में कम बना रहा। न केवल यूरो क्षेत्र में बल्कि विश्व के अन्य भागों में भी बैंकों का सीडीएस स्प्रैड 2011 की तीसरी तिमाही में बढ़ रहा है।

चार्ट II.8: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में देशों और बैंकों का सीडीएस स्प्रैड







टिप्पणी: सरकारी स्प्रैड 5 वर्षीय सीनियर सीडीएस के लिए है, जबकि बैंकों का स्प्रैड 5 वर्षीय सीडीएस के लिए है।
स्रोत: सरकारी स्प्रैड के लिए ब्लूमबर्ग और बैंकों के स्प्रैड के लिए थॉमसन रियूटर्स, डेटा स्ट्रीम।

चार्ट II.9: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं की बैंकिंग सेवाओं तक जनसांख्यिकीय पहुंच





टिप्पणी: ब्रिटेन और स्पेन के 2010 के आंकड़े उपलब्ध नहीं है और इसलिए उन्हें चार्ट में रिपोर्ट नहीं किया गया है।
स्रोत: फाइनेंशियल एक्सेस सर्वे, आईएमएफ से समेकित।

बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच और उपयोग की प्रवृत्ति

संकट के फलस्वरूप वित्तीय वंचना में वृद्धि की संभावना

2.17 हाल के वर्षों में वित्तीय समावेशन उन्नत और उभरती दोनों अर्थव्यवस्थाओं में बैंकिंग नीति का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हो गया है। विशेष रूप से वित्तीय संकट के पश्चात इसे प्रमुख स्थान प्राप्त हो गया है। ऐसा इस कारण है क्योंकि संकट के पश्चात विशेष रूप से उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय वंचना में वृद्धि की संभावना की चिंताएं पैदा हो गई हैं। बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच और उपयोग पर विश्व बैंक से प्राप्त हाल के आंकड़े बताते हैं कि ये चिंताएं गलत नहीं हैं। बैंक शाखाओं के बंद होने के परिणामस्वरूप संकट से प्रभावित कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच में कमी आई है (चार्ट II.9)। विश्व बैंक की "फाइनेंशियल एक्सेस" रिपोर्ट में उल्लेख के अनुसार आर्थिक वृद्धि के घटने का कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में खुदरा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर प्रभाव पड़ा और बैंकों की शाखाएं इस प्रभाव[3] की एक शिकार बनीं। बैंक सेवाओं के उपयोग में भी कमी आई। बैंकिंग सेवाओं के उपयोग में गिरावट सबसे अधिक उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में रही। यह गिरावट जमा सेवाओं की तुलना में ऋण सेवाओं के उपयोग में ज्यादा मुखर और व्यापक थी (चार्ट II.10 और II.11)।

3. चुनिंदा क्षेत्रों और देशों में बैंकिंग प्रवृत्तियां

अमरीकी बैंकिंग प्रणाली - कमजोर बहाली के चिह्न

2.18 2010 में अमरीकी बैंकिंग प्रणाली के कार्यनिष्पादन में वित्तीय संकट के समय से बहाली के चिह्न दिखे, लेकिन ऐतिहासिक

चार्ट II.10: विभिन्न चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में बैंकिंग सेवाओं का उपयोग - जमाराशियां





टिप्पणी: ब्रिटेन, स्पेन, भारत और चीन के 2010 के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं और इसलिए उन्हें चार्ट में रिपोर्ट नहीं किया गया है।
स्रोत: फाइनेंशियल एक्सेस सर्वे, आईएमएफ से समेकित।

[3] *फाइनेंशियल एक्सेस 2010 - दि स्टेट ऑफ फाइनेंशियल इंक्लूशन थ्रू दि क्राइसेज; सीजीएपी, विश्व बैंक।*

चार्ट II.11: चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में बैंकिंग सेवाओं का उपयोग - ऋण





टिप्पणी: ब्रिटेन, स्पेन, भारत और चीन के 2010 के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं और इसलिए उन्हें चार्ट में रिपोर्ट नहीं किया गया है।
स्रोत: फाइनेंशियल एक्सेस सर्वे, आईएमएफ से समेकित।

मानकों के अनुसार यह बहाली कमजोर बनी रही। अमरीकी बैंकिंग क्षेत्र की आस्तियों में 2008-09 के 3.9 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि से 2009-10 में 2.1 प्रतिशत की समग्र वृद्धि हुई। यह बहाली व्यापक रूप से 1 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक के आस्ति आकार वाले अमरीकी बैंकों के कारण हुई जिसमें कुल आस्तियों का लगभग 90 प्रतिशत अमरीकी बैंकिंग क्षेत्र का था (चार्ट II.12)।

चार्ट II.12: अमरीकी बैंकिंग क्षेत्र में आस्ति वृद्धि



स्रोत: एफडीआइसी डेटाबेस के डेटा का प्रयोग करते हुए गणना की गई।

ऋण औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित बना रहा

2.19 अमरीकी बैंकों के तुलन पत्र के प्रमुख घटकों में से एक ऋण था जिसको संकट के कारण सबसे अधिक आघात लगा। जैसाकि पूर्व खंड में पहले ही उल्लेख किया गया है, अमरीकी बैंकों के ऋण में वृद्धि सितंबर 2009 से ऋणात्मक हो गई और अगस्त 2010 में एक वर्ष पश्चात धनात्मक जोन में पहुंच गयी लेकिन 2011 में इसमें पुनः कमी के चिह्न दिखने लगे (देखें पूर्व का चार्ट II.2)। वह क्षेत्र, जिसे संकट के फलस्वरूप हुई ऋण और आर्थिक दोनों की वृद्धि में गिरावट के कारण सबसे अधिक आघात लगा, अमरीका का वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्र था। वाणिज्यिक/औद्योगिक और स्थावर संपदा दोनों क्षेत्रों के लिए बैंक ऋण 2009-10 में भी प्रतिबंधित बने रहे क्योंकि वैयक्तिक ऋण विशेष रूप से क्रेडिट कार्ड में, निम्न आधार और बेहतर आर्थिक दृष्टिकोण के बारे में अमरीकी उपभोक्ताओं के विश्वास में कुछ सुधार के कारण, काफी अधिक पुनर्वापसी दिखी (चार्ट II.13)।

अनर्जक कर्जों का उच्च स्तर

2.20 अनर्जक कर्जों का उच्च स्तर, विशेष रूप से स्थावर संपदा क्षेत्र में, अमरीकी बैंकिंग प्रणाली में सबसे कमजोर स्थल बना रहा, जैसाकि फेडरल रिज़र्व की वार्षिक रिपोर्ट (2010) में कहा गया। स्थावर संपदा कर्जों की चूक दर 2010 की दूसरी तिमाही में 10 प्रतिशत से ऊपर थी (चार्ट II.14)[4]। बाद की तिमाहियों में यह दर मामूली रूप से कम हुई लेकिन अभी भी काफी ऊंचाई पर बनी हुई है।

[4] चूक दर को 30 दिन अथवा अधिक तक देय कर्ज तथा अभी भी उपचित हो रहे ब्याज और गैर उपचित स्थिति वाले ब्याज के रूप में परिभाषित किया गया है। इसे मौसमी तौर पर समायोजित किया जाता है। इसलिए इन दरों की तुलना पूर्व में दिये गये चार्ट II.6 के एनपीएल अनुपात से नहीं की गई है।

चार्ट II.13: अमरीका के बैंकों की ऋण वृद्धि की सेक्टोरल दरें



स्रोत: एफडीआइसी डेटाबेस के डेटा का प्रयोग करते हुए गणना की गई।

चार्ट II.15: यूरो क्षेत्र में बैंकों के तुलन पत्र संकेतक



टिप्पणी: वृद्धि की दरें तीन वर्षीय घटते-बढ़ते औसत हैं।
स्रोत: ईसीबी डेटाबेस से गणना की गई।

यूरो क्षेत्र की बैंकिंग प्रणाली : ऋण की पुनर्वापसी संबंधी चिंताएं बनी हुई हैं

2.21 कुल स्तर पर, यूरो क्षेत्र की बैंकिंग दशाओं में सुधार के चिह्न दिखे, ये चिह्न 2010 में निजी ऋण तथा निजी क्षेत्र की प्रतिभूतियों में बैंकों के निवेश में वृद्धि की पुनर्वापसी के रूप में दिखे (चार्ट II.15)। लेकिन, अलग-अलग स्तर पर, ऋण पुनर्वापसी की चिंताओं ने राजकोषीय तौर पर संकटग्रस्त अर्थव्यवस्थाओं में बैंकों को त्रस्त करना जारी रखा। यूरो क्षेत्र में लघु और मझौले उद्यमों (एसएमई) के लिए ऋण की पुनर्वापसी संबंधी चिंताएं बनी रहीं, यह क्षेत्र बड़े पैमाने पर बैंक वित्त पर निर्भर है (चार्ट II.16)।

चार्ट II.14: अमरीका के बैंकों की सेक्टोरल चूक दरें



स्रोत: फेडरल रिजर्व डेटाबेस के डेटा का प्रयोग करते हुए गणना की गई।

चार्ट II.16: यूरो क्षेत्र में एसएमई क्षेत्र के लिए ऋण दशाओं के बारे में प्रत्याशाएं



टिप्पणी: आंकड़े अनुक्रियाओं के भारित प्रतिशत से संबंधित हैं।
स्रोत: यूरो क्षेत्र में एसएमई के वित्त तक पहुंच विषय पर ई सी बी के सर्वेक्षण से संकलित।

यूरो क्षेत्र की बैंकिंग प्रणाली पर सरकारी ऋण संकट का प्रभाव

2.22 सरकारी ऋण विशेष रूप से देश के सरकारी ऋण, सामान्यतयः बैंकों के तुलन पत्र का एक महत्त्वपूर्ण भाग होते हैं। सरकारी ऋण की साख गिरने और परिणामस्वरूप हानि होने से यूरो क्षेत्र के देशों के बैंकों के तुलनपत्र, विशेष रूप से राजकोषीय तौर पर पंगु देशों में, काफी अधिक कमजोर हो गये हैं। इसके अलावा, देश के साख संबंधी बढ़ते जोखिमों ने भी यूरो क्षेत्र के बैंकों के लिए निधीयन जोखिम को बढ़ाया है। यह 2010 के मध्य से यूरोबोर (यूरो अंतर बैंक प्रस्तावित दर) में बढ़ रहे रुझान से स्पष्ट है (चार्ट II.17)। यह उल्लेखनीय है कि सरकारी ऋण संकट से बुरी तरह प्रभावित स्पेन, इटली और ग्रीस की जमा दरें, जो यूरो क्षेत्र के अन्य देशों अर्थात फ्रांस और जर्मनी में प्रचलित दरों की तुलना में अधिक थीं, इन अर्थव्यवस्थाओं में बैंकों के लिए निधीयन संबंधी तनाव पुनः दर्शा रही हैं (चार्ट II.18)।

सरकारी ऋण के विभिन्न देशों के बीच एक्सपोज़र से संबंधित जोखिम

2.23 यूरो क्षेत्र में सरकारी ऋण संबंधी चिंताओं के सामने आने से, यूरो क्षेत्र के देशों के सरकारी ऋण के प्रति एक्सपोज़र वाले बैंकों की स्थिरता पर चिंताएं खड़ी हो गई हैं, विशेष रूप से सरकारी ऋण के विभिन्न देशों के बीच एक्सपोज़र के कारण (बॉक्स II.1)।

चार्ट II.17: यूरो अंतर बैंक प्रस्ताव दर में उतार-चढ़ाव



टिप्पणी: दरें मासिक औसतों की हैं।
स्रोत: ईसीबी डेटाबेस से संकलित।

चार्ट II.18: गैर वित्तीय निगमों की बैंक जमाराशियों पर ब्याज दरें (एक वर्ष से कम परिपक्वता वाली), चुनिंदा यूरो क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाएं



स्रोत: यूरोस्टेट डेटाबेस से संकलित।

ब्रिटेन की बैंकिंग प्रणाली : लीवरेज और ऋण जोखिम उच्च स्तर पर हैं

2.24 2010-11 में ब्रिटेन की बैंकिंग प्रणाली में मामूली डिलीवरेजिंग दिखी और थोक निधीयन पर इसकी निर्भरता घटी, परन्तु यूरो क्षेत्र में इसके सहभागियों की स्थिति विपरीत रही। इसके बाद भी, ब्रिटेन की बैंकिंग प्रणाली कुछ चिंताओं से निरंतर घिरी रही; एक, डिलीवरेजिंग के बावजूद, ब्रिटेन के बैंकों के लिए लीवरेज का स्तर अभी भी अधिक बना हुआ है। दूसरा, निजी ऋण वृद्धि काफी अधिक कमजोर बनी हुई है जैसा कि पहले ही चार्ट पैनल II.2 में दर्शाया गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड के ऋण स्थिति सर्वेक्षण के अनुसार ऋण उपलब्धता में सुधार संबंधी निकट मध्यमकालिक प्रत्याशाएं क्षीण हो रही हुई हैं, विशेष रूप से मध्यमकालिक उद्यमों के लिए (चार्ट II.19)। तीन, ऋण जोखिम अभी भी ऊंचे स्तर पर बने हुए हैं, जैसाकि पूर्व में चार्ट II.6 में वर्णित किया गया है। सेक्टोरल स्तर पर, बैंक ऋण के बेजमानती घटक अर्थात क्रेडिट कार्ड कर्ज के लिए ऋण जोखिम बढ़े हैं (चार्ट II.20)।

चीनी बैंकिंग प्रणाली -आस्ति गुणवत्ता के कमजोर होने संबंधी चिंताएं

2.25 उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से, चीन ने 2009 में अपनी बैंकिंग प्रणाली के आस्ति आकार में तीव्र विस्तार किया, यह वह समय

बॉक्स II.1: यूरोप के बैंकों का यूरो क्षेत्र के सरकारी ऋण के प्रति एक्सपोजर

उनके अपने देश के सरकारी ऋण के प्रति एक्सपोजर के अलावा, यूरो क्षेत्र के कुछ राष्ट्रों के बैंको का विभिन्न देशों के सरकारी ऋण के प्रति एक्सपोजर भी बहुत अधिक है (सारणी नीचे)। उदाहरण के तौर पर, जर्मनी की सुदृढ़ राजकोषीय स्थिति के बावजूद यूरो क्षेत्र के अन्य देशों, जिनके सामने ऋण धारणीयता की समस्यायें हैं, के सरकारी ऋणों के प्रति इसका एक्सपोजर सापेक्षिक रूप से अधिक है। जर्मनी और फ्रांस के बैंक अन्य देशों की तुलना में इटली के सरकारी ऋण के प्रति सापेक्षिक रूप से अधिक एक्सपोज्ड हैं। बैंकों के सरकारी ऋण के विभिन्न देशों में अधिक एक्सपोजर के कारण, यदि कोई हेयरकट / पुनर्गठन किया जाता है तो यह उन देशों के बैंकों को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है जिनकी अन्यथा राजकोषीय स्थिति सुदृढ़ है।

सारणी: बैंकों का सरकारी ऋण के प्रति एक्सपोजर

(यूरो मिलियन में)

		सरकारी ऋण के प्रति एक्सपोजर				
		ग्रीस	आयरलैंड	पुर्तगाल	इटली	स्पेन
के प्रति बैंकों का एक्सपोजर	ग्रीस	56,148	-	-	-	-
	आयरलैंड	-	5,322	257	-	-
	पुर्तगाल	1,739	839	13,707	1,179	345
	इटली	1,778	239	304	1,44,856	1,383
	स्पेन	1,016	-	6,807	6,017	2,03,310
	फ्रांस	11,624	2,476	4,864	48,185	6,592
	जर्मनी	18,718	12,922	10,888	72,717	31,854
	ब्रिटेन	4,131	5,580	2,571	10,029	5,916
	नीदरलैंड	3,160	559	2,272	10,313	1,685

टिप्पणी: यूरो क्षेत्र के चुनिंदा देशों की सूची में प्रमुख स्रोतों और सरकारी ऋणों के स्थान को कवर किया गया है और यह व्यापक नहीं है।

स्रोत: ब्लंडेल विगनाल, ए. और पी. स्लोविक (2010) ''दि ईयू स्ट्रेस टैस्ट एंड सोवरेन डेट एक्सपोजर्स'' *ओईसीडी वर्किंग पेपर्स ऑन फाइनेंस, इंस्योरेंस एंड प्राइवेट पेंशंस*, सं.4 ।

था जब संकट के पश्चात अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बैंकिंग क्षेत्र की आस्तियां संकुचन अवस्था में थीं। बैंक की आस्तियों और ऋण में वृद्धि 2009 के अंत में चरम स्थिति पर पहुंच गयी तथा इसके पश्चात इसमें गिरावट आई (चार्ट II.21)। फिर भी, चीन में ऋण वृद्धि 2010 में उच्च स्तर पर बनी रही। ऋण में तीव्र वृद्धि से निकट भविष्य में चीन के बैंकों की आस्ति गुणवत्ता के कमजोर होने संबंधी चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं।

4. विश्व के 100 शीर्ष बैंकों के कार्यनिष्पादन का विश्लेषण

आस्ति के अनुसार शीर्ष के बैंकों में उल्लेखनीय बदलाव

2.26 2009 और 2010 के बीच शीर्ष के 20 वैश्विक बैंकों का रैंक कोरिलेशन कोइफीशियंट 0.83 था। कोरिलेशन कोइफीशियंट में लगातार वृद्धि हुई क्योंकि बैंकों के सैंपल को बढ़ाकर 50 शीर्ष बैंक और फिर 100 शीर्ष बैंक तक किया गया। सैंपल आकार में वृद्धि के साथ

चार्ट II.19: ब्रिटेन में एसएमई के लिए बैंक ऋण उपलब्धता संबंधी प्रत्याशाएं



टिप्पणी: ये आंकड़े निवल प्रतिशत शेष हैं जिनकी गणना उन उधारकर्ताओं की प्रतिक्रियाओं पर विचार करके की गई है, जिन्होंने अपने बाजार शेयरों के हिसाब से प्रश्नों के उत्तर दिए हैं।
स्रोत: बैंक ऑफ इंग्लैंड, क्रेडिट कंडीशंस सर्वे।

चार्ट II.20: ब्रिटेन के बैंकों की बट्टा दरें



स्रोत: बैंक ऑफ इंग्लैंड के डेटाबेस से गणना की गई।

रैंक कोरिलेशन कोइफीशियंट में वृद्धि से पता चलता है कि आस्ति के अनुसार शीर्ष के बैंकों में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है (सारणी II.4)।

वैश्विक बैंकिंग कारोबार का उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मामूली स्थानांतरण

2.27 विश्व के 100 शीर्ष बैंकों (उनकी टियर I पूंजी की क्षमता के अनुसार स्थान दिया गया) के निगमीकरण के स्थान के विश्लेषण से

चार्ट II.21: चीन के बैंकों के तुलनपत्र में वृद्धि



टिप्पणी: तीन वर्षीय उतार-चढ़ाव वाली औसत प्रणाली का प्रयोग करके श्रृंखला को सुकर बनाया गया है।
स्रोत: पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के डेटाबेस से गणना की गई।

सारणी II.4: 2009 और 2010 के बीच विश्व के शीर्ष बैंकों का रैंक कोरिलेशन कोइफीशियेंट

मद	20 शीर्ष बैंक	50 शीर्ष बैंक	100 शीर्ष बैंक
रैंक कोरिलेशन कोइफीशियेंट	0.83	0.96	0.98

टिप्पणी: कोइफीशियेंट यह मानकर निकाला गया है कि दो वर्षों के बीच शीर्ष बैंकों के नमूने समान थे। दूसरे शब्दों में, रैंकिंग इस अवधि के दौरान की नई वृद्धियों/समापनों को हटाकर निकाली गई है।
स्रोत: बैंकर डेटाबेस से गणना की गई।

पता चलता है कि संकट के पश्चात वैश्विक बैंकिंग कारोबार का उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मामूली स्थानांतरण हुआ है। इस स्थानांतरण के लिए बैंक डूबने और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के बैंकों के आस्ति आकार में कमजोर वृद्धि को उत्तरदायी माना जा सकता है। विश्व के 100 शीर्ष बैंकों की संख्या और कुल आस्ति के अर्थ में, 2009 और 2010 के बीच उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के हिस्से में गिरावट आई (चार्ट II.22)। 2009 और 2010 के बीच उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की आस्तियों के हिस्से में गिरावट अमरीका, ब्रिटेन और प्रमुख रूप से यूरो क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं तक सीमित रही (चार्ट II.23)।

वैश्विक बैंकों की लाभप्रदता में सुधार

2.28 2008 और 2009 के बीच वैश्विक बैंकों की लाभप्रदता में सुनिश्चित सुधार हुआ जैसाकि आस्तियों पर आय (आरओए) में वृद्धि से स्पष्ट है। हानि उठाने वाले वैश्विक बैंकों का प्रतिशत (आस्तियों पर आय ऋणात्मक रिपोर्ट करने वाले) 2009 के 25 प्रतिशत से घटकर 2010 में केवल 5 प्रतिशत रह गया। इसके अलावा, 2010 में लगभग 89 प्रतिशत वैश्विक बैंकों का धनात्मक आरओए 2 प्रतिशत से कम रहा जबकि 2009 में यह हिस्सा 70 प्रतिशत था (चार्ट II.24)।

वैश्विक बैंकों की पूंजी पर्याप्तता को मजबूत करना

2.29 वैश्विक बैंकों के लाभ में सुधार के अलावा, 2009 और 2010 के बीच इन संस्थाओं की पूंजी पर्याप्तता स्थिति को भी मजबूत किया गया। 2009 और 2010 के बीच बैंकों का बढ़ता सकेंद्रण सीआरएआर पर आधारित उच्चतर आकार वाली श्रेणियों में रहा। दिसंबर 2010 के अंत में, विश्व के 100 शीर्ष बैंकों के 47 प्रतिशत का

चार्ट II.22: वैश्विक बैंकिंग कारोबार के स्थान

स्रोत: बैंकर डेटाबेस का प्रयोग करते हुए गणना की गई।

सीआरएआर 13 प्रतिशत और 17 प्रतिशत के बीच दायरे में रहा जो बासेल II ढांचे के अंतर्गत 8 प्रतिशत के बीसीबीएस मानदंड के काफी ऊपर था (चार्ट II.25)।

वैश्विक बैंकों के डिलीवरेजिंग की धीमी प्रक्रिया

2.30 सीआरएआर में सुधार के बावजूद वैश्विक बैंकों की सुदृढ़ता, डिलीवरेजिंग की धीमी प्रक्रिया और एनपीए के बढ़ते स्तर के कारण, एक चिंता बनी रही। 2009 के अंत में 100 शीर्ष वैश्विक बैंकों के लगभग 24 प्रतिशत बैंक काफी अधिक लीवरेज्ड थे जिनका पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर), जो वित्तीय लीवरेज की एक माप है, चार प्रतिशत से कम रहा; 2010 के अंत में यह प्रतिशत मामूली रूप से अर्थात 5 प्रतिशत अंक घटकर 19 प्रतिशत हो गया (चार्ट II.26)। इसके विपरीत, 4 और 6 प्रतिशत के बीच सीआरएआर दायरे वाले वैश्विक बैंकों का प्रतिशत ठीक उसी परिमाण में बढ़कर 41 प्रतिशत से 46 प्रतिशत हो गया।

वैश्विक बैंकों की कमजोर होती आस्ति गुणवत्ता

2.31 2009 और 2010 के बीच बहुत अधिक एनपीएल अनुपात रिपोर्ट करने वाले बैंकों के हिस्से में कमी आई, जिससे पता चलता है कि

चार्ट II.23: विश्व के 100 शीर्ष बैंकों की कुल आस्तियों में देशों का हिस्सा



स्रोत: बैंकर डेटाबेस का प्रयोग करते हुए गणना की गई।

चार्ट II.24: आस्तियों पर आय के अनुसार विश्व के 100 शीर्ष बैंकों का प्रतिशत संवितरण



टिप्पणी: शीर्ष 100 के सैंपल में कुछ बैंकों के आकड़ों की उपलब्धता न होने कारण, हो सकता है प्रतिशत को 100 तक न जोड़ा गया हो।

स्रोत: बैंकर डेटाबेस का प्रयोग करते हुए गणना की गई।

चार्ट II.25: सीआरएआर के अनुसार विश्व के 100 शीर्ष बैंकों का प्रतिशत संवितरण



टिप्पणी: शीर्ष 100 के सैंपल में कुछ बैंकों के आकंड़ों की उपलब्धता न होने कारण, हो सकता है प्रतिशत को 100 तक न जोड़ा गया हो।
स्रोत: बैंकर डेटाबेस का प्रयोग करते हुए गणना की गई।

बैंकों[5] ने गंभीर ऋण तनाव की स्थिति में कुछ संयम दिखाया। चरम स्थिति के इस परिवर्तन को छोड़कर, विश्व के शीर्ष बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में सामान्य कमजोरी रही (चार्ट II.27)।

2.32 सीआरएआर, लीवरेज और एनपीएल अनुपात के तीन संकेतकों को लेते हुए 20 शीर्ष वैश्विक बैंकों के स्कैटर प्लॉट से पता

चार्ट II.26: पूंजी पर्याप्तता (लीवरेज) के अनुसार विश्व के 100 शीर्ष बैंकों का प्रतिशत संवितरण



टिप्पणी: शीर्ष 100 के सैंपल में कुछ बैंकों के आकंड़ों की उपलब्धता न होने कारण, हो सकता है प्रतिशत को 100 तक न जोड़ा गया हो।
स्रोत: बैंकर डेटाबेस का प्रयोग करते हुए गणना की गई।

चार्ट II.27: एनपीएल अनुपात के अनुसार विश्व के 100 शीर्ष बैंकों का प्रतिशत संवितरण



स्रोत: बैंकर डेटाबेस का प्रयोग करते हुए गणना की गई।

चलता है कि जबकि बैंक 2009 और 2010 के बीच अपने सीआरएआर को बढ़ाने की प्रक्रिया में थे इस अवधि के दौरान बैंकों के लीवरेज और एनपीएल अनुपात में थोड़ा सुधार आया लगता है (चार्ट II.28)।

5. वैश्विक नीति सुधार

विनियामी सुधारों में काफी अधिक वृद्धि

2.33 अमरीका के नवीनतम वित्तीय संकट जांच आयोग (2011) सहित संकट पर अब तक विभिन्न आधिकारिक रिपोर्टों ने इतने विशाल परिमाण और प्रभाव वाले वित्तीय संकट के स्फोट के लिए वित्तीय विनियामी और पर्यवेक्षी[6] ढांचे में गंभीर त्रुटियों को उत्तरदायी माना है। इसके अलावा, वित्त के वैश्वीकरण के कारण इन रिपोर्टों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर अंतर विनियामक समन्वय को बढ़ाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया है। तब से बैंकिंग नीति संबंधी कई सुधारों पर विचार किया जा रहा है; इनमें से कुछ कार्यान्वयन के स्तर तक भी पहुंच गये हैं।

[5] कई बैंकों द्वारा आंकड़े रिपोर्ट नहीं किये जाने के कारण एनपीए का वर्तमान विश्लेषण 100 बैंकों के स्थान पर केवल 59 बैंकों के सैंपल पर आधारित है।

[6] उदाहरण के लिए, देखें *टर्नर समीक्षा (2009) और लारोसियरे रिपोर्ट* (2009)।

चार्ट II.28: विश्व के 20 शीर्ष बैंकों के सुदृढ़ता संकेतकों में परिवर्तन





टिप्पणी: 20 शीर्ष बैंक 2010 की सूची के अनुसार हैं। स्कैटर प्लॉट के लिए 2009 में इन्हीं बैंकों को चुना गया है।
स्रोत: बैंकर डेटाबेस से समेकित।

पूंजी और चलनिधि मानकों में सुधार

2.34 वर्ष के दौरान सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण गतिविधि दिसंबर 2010 में बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति की पूंजी और चलनिधि मानकों को मजबूत करने के लिए सुधार ढांचा संबंधी घोषणा थी (जून 2010 में द्विपक्षीय व्यापार में काउंटरपार्टी ऋण जोखिम के लिए पूंजी संव्यवहार से संबंधित अल्प संशोधनों के पश्चात)। इस ढांचे में सितंबर 2010 में गवर्नर और पर्यवेक्षण के मुख्य अधिकारियों द्वारा सहमत तथा नवंबर 2010 में जी20 के नेताओं द्वारा अनुसंशित विनियामक मानकों के ब्यौरे दिये गये हैं। इस ढांचे में विनियमन और पर्यवेक्षण के लिए व्यष्टि-विवेकपूर्ण और समष्टि - विवेकपूर्ण दृष्टिकोणों को अपनाया गया है। दृष्टिकोण में यह बासेल II[7] की तुलना में ज्यादा व्यापक और प्रतिचक्रीय है। इसमें सामूहिक न्यूनतम अपेक्षाओं का एक सेट दिया गया है और इसे समग्रता में कार्यान्वित किया जाना है न कि टुकड़ों[8] में। बासेल III ढांचे में सुझाए गए सुधार उपायों के प्रमुख उद्देश्य और विशेषताएं बॉक्स II.2 में संक्षेप में दी गई हैं।

2.35 दिसंबर 2010 के पूंजी नियमों के अलावा, बीसीबीएस ने विनियामी पूंजी की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए एक उपाय के रूप में जनवरी 2011 में गैर-लाभप्रदता की स्थिति में पूंजी लिखतों द्वारा हानियों के अवशोषण की भी सिफारिश की। सिफारिश के अनुसार जब कोई बैंक निजी बाजार में अपनी सहायता करने में अपने को असमर्थ पाता है और ऐसी स्थिति में जब बैंक को बचाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा पुनर्पूंजीकरण की आवश्यकता होती हैं तब ऐसी दशा में सभी विनियामी पूंजी लिखतें हानियों का अवशोषण कर सकेंगी।

2.36 दिसंबर 2010 में, वित्तीय स्थिरता बोर्ड और बीसीबीएस द्वारा बनाये गये समष्टि आर्थिक मूल्यांकन समूह की अंतिम रिपोर्ट में निष्कर्ष दिया गया कि आर्थिक वृद्धि पर उच्चतर पूंजी मानकों का प्रभाव कम होगा और यह परिमाण में भी काफी कम होगा तथा इसकी समयावधि अगस्त 2010 में समष्टि आर्थिक मूल्यांकन समूह द्वारा अनुमानित समयावधि की तुलना में अधिक होगी। राष्ट्रीय अनुमानों के माध्य को लेते हुए, समष्टि आर्थिक मूल्यांकन समूह ने मानकों के कार्यान्वयन की शुरुआत से 35 तिमाहियों में वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर में इसके आधारभूत स्तर से लगभग 3 आधार अंकों की गिरावट पाई। दीर्घकालिक आर्थिक प्रभाव समूह ने लंबे समय तक नये मानकों के लागत और लाभों के बारे में अध्ययन किया। दीर्घकालिक आर्थिक प्रभाव समूह ने पाया कि जबकि त्यागी गई स्थायी जीडीपी की लागत के थोड़ी होने की आशा है, वहीं संकट से संबंधित जोखिम कम करने के लाभ काफी अधिक[9] होंगे।

[7] पूंजी अपेक्षाओं के बासेल III और बासेल II मानदंडों की तुलना तथा बासेल III की चरणबद्ध व्यवस्था हेतु अनुसूची के लिए 2008-09 की भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति संबंधी रिपोर्ट देखें।

[8] देखें ''रेगुलेटरी रिफॉर्म : रिमेनिंग चेलेंजेस'' पर श्री जैम करुआना का भाषण बीआइएस, जुलाई 2011।

[9] ''एन एसेसमेंट ऑफ दि लांग टर्म इकोनॉमिक इम्पेक्ट ऑफ स्ट्रांगर कैपिटल एंड लिक्वीडिटी रिक्वाइरमेंट्स'' बीआइएस, अगस्त 2010 ।

बॉक्स II.2: बासेल III ढांचे के प्रमुख उद्देश्य और विशेषताएं

पूंजी मानक

I. पूंजी आधार बढ़ाना

उद्देश्य - विभिन्न क्षेत्राधिकारों से संबंधित परिभाषाओं में गुणवत्ता, सुसंगतता और पूंजी आधार के प्रकटन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना ।

मानदंड - I.1 टियर I पूंजी को मुख्य रूप से सामान्य शेयरों और प्रतिधारित अर्जनों के रूप में रखा गया है; I.2 टियर I पूंजी के शेष में ऐसी गौण लिखतें शामिल हैं जिसमें पूर्ण रूप से विवेकसम्मत असंचयी लाभांश हैं और जिसमें कोई परिपक्वता तिथि अथवा शोधन के लिए प्रोत्साहन नहीं हैं; I.3 ऐसी नवीन हाइब्रिड लिखतों को समाप्त किया जाएगा जिनके साथ शोधन के लिए प्रोत्साहन हैं।

II. जोखिम कवरेज को बढ़ाना

उद्देश्य - विशेष रूप से तुलन पत्र और तुलनपत्रेतर मदों तथा डेरिवेटिव एक्सपोजर के लिए पूंजी ढ़ांचे के जोखिम कवरेज को मजबूत करना।

मानदंड - II.1 तनावग्रस्त मूल्य जोखिम (वीएआर) पूंजी अपेक्षा की शुरुआत करना जो काफी अधिक वित्तीय तनाव की निरंतर 12 महीने की अवधि पर आधारित हो; II.2 बैंकिंग और ट्रेडिंग बुक में पुनर्प्रतिभूतिकरण के लिए उच्चतर पूंजी अपेक्षा; II.3 काउंटरपार्टी की ऋण पात्रता में गिरावट से संबद्ध, ऋण मूल्यन समायोजन जोखिमों की संभावित बाजार मूल्य हानियों के लिए, पूंजी प्रभार की शुरुआत करना; II.4 संपार्श्विकीकृत प्रबंधन के लिए मानकों को मजबूत करना। काउंटरपार्टी के प्रति गैर-तरल डेरिवेटिव स्थिति वाले बड़े बैंकों को, विनियामी पूंजी अपेक्षाओं को निर्धारित करने के लिए लंबी मार्जिन अवधि हेतु आवेदन करना होगा।

III. लीवरेज मानदंड के साथ जोखिम आधारित पूंजी अपेक्षाओं को संपूरित करना

उद्देश्य - बैंकिंग क्षेत्र में लीवरेज को रोकना जिससे डिलीवरेजिंग से संबंधित जोखिम कम हों।

मानदंड - III.1 लीवरेज के एक साधारण, पारदर्शी और स्वतंत्र मानदंड की शुरुआत करना जो लेखांकन मानकों के अंतरों को समायोजित करके विभिन्न क्षेत्राधिकारों में तुलनीय हो।

IV. प्रतिचक्रीय बफर के माध्यम से चक्रीय-अनुकूलता को घटाना

उद्देश्य - बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत चक्रीय अनुकूलता संबंधी उतार-चढ़ावों को कम करने के लिए इसे ''आघात अवशोषक'' के रूप में बनाना बजाए इसको वास्तविक अर्थव्यवस्था के प्रति जोखिम के संप्रेषक बनाने के।

मानदंड - IV.1 मौजूदा उपचित हानि (आईएल) के विपरीत, सापेक्षिक रूप से कम चक्रीय अनुकूलता प्रत्याशित हानि (ईएल) की ओर प्रस्थान और प्रत्याशित हानि दृष्टिकोण के अनुरूप पर्यवेक्षी दिशानिर्देश का अपडेशन करना; IV.2 न्यूनतम पूंजी से अधिक पूंजी कंजर्वेशन बफर का निर्माण करना और अत्यधिक ऋण वृद्धि की अवधि के दौरान बफर दायरे का समायोजन करना।

चलनिधि मानक

I.न्यूनतम चलनिधि मानक

उद्देश्य - अंतरराष्ट्रीय रूप से मिले-जुले और मजबूत चलनिधि मानक लाना क्योंकि सुदृढ़ पूंजी अपेक्षाएं आवश्यक तो हो सकती हैं लेकिन बैंकिंग क्षेत्र की स्थिरता के लिए पर्याप्त दशाएं नहीं।

मानदंड - I.1 पिछले एक माह से जारी गंभीर तनाव के परिवेश का सामना करने के लिए चलनिधि कवरेज अनुपात की शुरुआत करना जिससे उच्च गुणवता वाले तरल संसाधनों की पर्याप्तता सुनिश्चित हो; I.2 निवल स्थिर वित्तीयन अनुपात, जिसकी एक वर्ष की लंबी समय सीमा होती है, की शुरुआत करना जिससे आस्तियों और देयताओं को धारणीय परिपक्वता ढांचा प्रदान किया जा सके।

II.संख्यात्मक चलनिधि मैट्रिक्स

उद्देश्य - चलनिधि जोखिमों को रोकने के लिए पर्यवेक्षकों द्वारा प्रयुक्त संख्यात्मक मैट्रिक्स में सुसंगतता लाना।

मानदंड - II.1. मैट्रिक्स की शुरुआत करना जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ संविदागत परिपक्वता विसंगति, वित्तीयन का संकेंद्रण, प्रचलन के अनुसार उपलब्ध अप्रभारित आस्तियां और चलनिधि कवरेज अनुपात शामिल हो।

संदर्भ :

बासेल III: ''ए ग्लोबल रेग्युलेटरी फ्रेमवर्क फॉर मोर रिसीलिएंट बैंक्स एंड बैंकिंग सिस्टम्स'' अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक, जून 2011 ।

प्रणालीगत जोखिम प्रबंधन में सुधार

1. समष्टि विवेकपूर्ण विनियामी ढांचे से संबंधित सुधार

2.37 संकट ने बताया कि अधिकांश वित्तीय कंपनियों को वैयक्तिक स्तर पर विनियमित किया जा सकता है लेकिन प्रणाली को पर्यवेक्षित करने के लिए एक व्यवस्था की कमी कुल मिलाकर वित्तीय अस्थिरता पैदा कर सकती है। संकट के समय से, प्रणाली - व्यापी जोखिमों से निपटने के लिए एक समष्टि विवेकपूर्ण ढांचा विकसित करने पर स्पष्ट रूप से फोकस रहा है।

2.38 जी-20 विनियामी सुधार संबंधी कार्य सूची में समष्टि विवेकपूर्ण विनियमन पर ध्यान केन्द्रित किया गया है जिसमें एक ऐसा ढांचा[10] विकसित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का आवाहन किया गया है । बीसीबीएस द्वारा बनाये गये बासेल III ढांचे में चक्रीय-अनुकूलता को कम करने और वित्तीय प्रणाली की आघात-सहनीयता को बढ़ाने के लिए कई प्रावधान शामिल किये गये हैं। बासेल III ढांचे के अंतर्गत सबसे महत्त्वपूर्ण समष्टि विवेकपूर्ण मानदंड प्रतिचक्रीय पूंजी बफर है जो प्रणालीगत जोखिम के *समय* आयाम को ध्यान में रख सकता है; इस बफर की संकल्पना और कार्यप्रणाली के ब्यौरे बॉक्स II.3 में दिये गये हैं।

2.39 बासेल III के अन्य प्रावधान ऐसे हैं जो प्रणालीगत जोखिमों के टाइम डाइमेंशन की समस्या का भी निराकरण कर सकते हैं यद्यपि वे

[10] देखें ''दि बासेल कमिटीज रिस्पोंस टू दी फाइनेंशियल क्राइसेसः रिपोर्ट टु दि जी-20'' बीआइएस, अक्तूबर 2010।

बॉक्स II. 3 : प्रतिचक्रीय पूंजी बफर : संकल्पना और कार्यप्रणाली

बासेल III ढांचे में प्रतिचक्रीय पूंजी बफर की शुरुआत, विनियामी पूंजी की गुणवत्ता में सुधार लाने और इसकी चक्रीय - अनुकूलता पर कार्रवाई करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे बैंकिंग प्रणाली की एक बेहतर समष्टि विवेकपूर्ण निगरानी संभव हो सकेगी ।

दिसंबर 2010 में बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति (बीसीबीएस) ने प्रतिचक्रीय पूंजी बफर को कार्यशील करने के लिए राष्ट्रीय प्राधिकारियों को दिशानिर्देश जारी किए । इन दिशा-निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार तय करेगा कि कैसे बफर जोखिम भारित आस्तियों के 0-2.5 प्रतिशत के दायरे के अंतर्गत अलग-अलग होगा और यदि प्रणालीगत जोखिम एक आकार ले लेते हैं तो उसे समयबद्ध तरीके से इस अपेक्षा को दूर करने के लिए तैयार रहना होगा । बफर को मजबूत करने के लिए सामान्य संदर्भ दिशानिर्देश, जैसाकि बीसीबीएस सिद्धांतों में कहा गया है, जीडीपी अंतराल की तुलना में निजी क्षेत्र का ऋण है (दीर्घावधि रुझान के अनुसार जीडीपी की तुलना में ऋण अनुपात का विचलन)। बीसीबीएस ने कहा है कि यह दिशानिर्देश हमेशा सभी क्षेत्राधिकारों में काम नहीं करता है, दिशानिर्देश पर यांत्रिक रूप से निर्भर रहने के बजाय समुचित संप्रेषण के साथ निर्णय लेना, बफर को मजबूत करने का एक अभिन्न हिस्सा है। बीसीबीएस ने अन्य परिवर्तनशील चरों और गुणवत्तात्मक सूचनाओं जैसे आस्ति मूल्य, निधीयन स्प्रैड तथा ऋण चूक स्वैप स्प्रेड, ऋण दशाओं संबंधी सर्वेक्षणों तथा अन्य बातों के साथ-साथ वास्तविक जीडीपी वृद्धि को शामिल करते हुए भी सुझाव दिए हैं। ये संकेतक ऋण वृद्धि की धारणीयता और प्रणाली व्यापक जोखिम के स्तर के मूल्यांकन में उपयोगी हो सकते हैं।

बीसीबीएस दिशानिर्देश के अनुसार बफर में कोई वृद्धि 12 महीने पहले ही घोषित की जानी चाहिए जिससे बैंक प्रभावी तिथि से पूर्व अतिरिक्त पूंजी अपेक्षा का समय से पालन कर सकें । कटौतियां तत्काल प्रभाव से बंद की जाएंगी जिससे विनियामी पूंजी अपेक्षाओं के कारण तंगी ग्रस्त हो रही ऋण आपूर्ति की समस्या को कम किया जा सके। फिर भी, प्राधिकारियों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने पास सूचनाओं की समीक्षा करें और तद्नुसार प्रतिचक्रीय पूंजी बफर के निर्णय संबंधी समीक्षा तिमाही अथवा और जल्दी आधार पर करें।

चूंकि बफर को बनाने का निर्णय राष्ट्रीय क्षेत्राधिकारियों द्वारा लिया जाना है, भारत में रिज़र्व बैंक के अंदर एक कार्यदल बनाया गया है। भारतीय संदर्भ में बफर को मज़बूत करने का प्रमुख मुद्दा संदर्भ दिशानिर्देश के विकल्प से संबंधित है। भारतीय अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन हुए हैं और वृद्धि सभी क्षेत्रों में समान रूप से नहीं हुई है। परिणाम के रूप में, सेक्टोरल ऋण अपेक्षाएं काफी अधिक अलग-अलग हो सकती हैं जिससे केवल ऋण/जीडीपी दिशानिर्देश पर आधारित जोखिम निर्माण का मूल्यांकन एक कठिन कार्य होता जा रहा है। समूह वर्तमान में इसकी और प्रतिचक्रीय पूंजी बफर के कार्यशील होने संबंधी विभिन्न मुद्दों की जांच कर रहा है।

संदर्भ :

अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (2010), ''गाइडेंस टु नेशनल आथारिटिज़ फॉर ऑपरेटिंग दि काउंटर - साइक्लीकल कैपिटल बफर'', दिसंबर ।

इस समस्या के पूरी तरह निराकरण के लिए नहीं बनाये गये हैं। इसमें स्थायी पूंजी कनर्वजन बफर; न्यूनतम लीवरेज अनुपात; और नये चलनिधि मानक शामिल हैं। जहां तक प्रणालीगत जोखिमों के क्रॉस सेक्शनल डाइमेंशन से निपटने की बात है, बढ़ी हुई बैंक पूंजी और चलनिधि के साथ बासेल III से अपेक्षा है कि वह प्रतिकूल आघातों का सामना करने के लिए प्रत्येक संस्था की आघात सहनीयता बढ़ाए।

2. प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं से संबंधित सुधार

2.40 प्रणालीगत जोखिमों को रोकने से संबंधित वर्ष के दौरान की एक प्रमुख गतिविधि जून 2011 को परामर्शकारी दस्तावेज पर गवर्नर और पर्यवेक्षण के मुख्य अधिकारी द्वारा की गई सहमति है, इस दस्तावेज में प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वैश्विक बैंकों के लिए विनियामी उपाय दिये गये हैं। अंतर्संबद्ध और संक्रमण जोखिम को कम करके, प्रणालीगत जोखिम के क्रॉस सेक्शनल डाइमेंशन की समस्या से निपटने में प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वैश्विक बैंकों का विनियमन सहायक हो रहा है। इन उपायों में प्रणालीगत महत्ता के मूल्यांकन की कार्य-प्रणाली और अतिरिक्त अपेक्षित पूंजी तथा उनकी चरणबद्ध-व्यवस्था शामिल है। प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वैश्विक बैंकों की मूल्यांकन प्रणाली संकेतक आधारित है और इसके पांच प्रमुख वर्ग हैं अर्थात उनका आकार, अंतर्संबद्धता, उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के स्थानापन्न का अभाव, वैश्विक (विभिन्न क्षेत्रों में) गतिविधि और जटिलता[11]।

3.शैडो बैंकिंग के विनियमन के लिए सुधार और विनियामी परिधि को बढ़ाना

2.41 चूंकि प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के विनियमन, पर्यवेक्षण और प्रस्ताव के ढांचे को मजबूत बनाया गया है, इस बात की संभावना है कि शैडो बैंकिंग प्रणाली की ओर अंतरण के लिए कारोबारों के प्रोत्साहन में वृद्धि की जाए। शैडो बैंकिंग को ''नियमित बैंकिंग प्रणाली के बाहर कंपनियों और गतिविधियों में ऋण मध्यस्थ'' के रूप में वर्णित किया जाता है। यह खंड चिंता का विषय है

[11] देखें ''ग्लोबल सिस्टमेटिकली इंपोरटेंट बैंक्स; एसेसमेंट मैथडोलॉजी एंड एडीशनल लॉश एब्जॉर्बेंसी रिक्वायरमेंट'' परामर्शकारी दस्तावेज, बीआइएस, जुलाई 2011।

[12] देखें ''शैडो बैंकिंग : स्कोपिंग दि इस्यूज'' एफएसबी, अप्रैल 2011।

क्योंकि इस खंड में वित्तीय मध्यस्थता एक ऐसे वातावरण में की जाती है जहां पर विवेकपूर्ण विनियामी / पर्यवेक्षी निगरानी या तो नहीं की जाती है या इसी तरह की गतिविधियों में लगे बैंकों की तुलना में कम की जाती है। विनियामी अंतराल को भरने के प्रयास में वित्तीय स्थिरता बोर्ड ने एक कार्यबल बनाया है, जिसने ''शैडो बैंकिंगः मुद्दों की संभावना'' शीर्षक वाला एक संभावना पत्र प्रारूप तैयार किया है जिसके आधार पर इसने ऑटम 2011 में जी-20 के विचारार्थ सिफारिशें की हैं। जी-20 ने अक्तूबर 2011 की अपनी बैठक में शैडो बैंकिंग की निगरानी संबंधी आरंभिक सिफारिशों पर सहमति जताई है। वित्तीय स्थिरता बोर्ड ने निम्न के माध्यम से शैडो बैंकिंग प्रणाली की निगरानी का सुझाव दिया है (i) *व्यष्टि* और *समष्टि* परिप्रेक्ष्य से दो चरणों में बेहतर निगरानी करना और (ii) शैडो बैंकिंग कंपनियों का *प्रत्यक्ष* विनियमन तथा इन संस्थाओं के साथ बैंकों के संव्यवहारों को नियंत्रित करने वाला *अप्रत्यक्ष* विनियमन।

2.42 इन वैश्विक सुधारों के अलावा, संकट के पश्चात की अवधि में काफी अधिक नीतिगत सुधार किए गए हैं। अमरीका, ब्रिटेन और यूरोपियन संघ में कालेजियल व्यवस्था को संस्थागत रूप देने का प्रयास किया किया गया है जिसमें सरकारों, केंद्रीय बैंकों और अन्य विनियामकों को शामिल किया गया है जिनकी प्राथमिक जिम्मेदारी प्रणालीगत जोखिम की पहचान करना, निगरानी करना और इनसे संबंधित खतरों से निपटना है।

6. निष्कर्ष

वैश्विक बैंक बहुत से जोखिमों का सामना कर रहे हैं

2.43 आज वैश्विक बैंकिंग प्रणाली उस मुकाम पर खड़ी है जहां पर डाउनसाइड जोखिम और चुनौतियां, बैंकिंग प्रणाली द्वारा वित्तीय संकट की शुरुआत से वृद्धि को पुनः पाने के लिए किए जा रहे सकारात्मक उपायों पर भारी पड़ रही हैं। डाउनसाइड जोखिम कई प्रकार के हैं और वे न केवल बैंकिंग प्रणाली से बल्कि सामान्य रूप से वित्तीय प्रणाली, वित्तीय दशा और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति से भी उद्भूत हुए हैं। अन्य खंडों से उद्भूत जोखिम 'प्रतिकूल फीडबैक' प्रभाव के माध्यम से बैंकिंग खंड को प्रभावित करते हैं, यह शब्द यूरोपियन सेंट्रल बैंक में प्रयोग किया जाता है।

पूंजी पर्याप्तता में मामूली सुधार और वैश्विक बैंकिंग प्रणाली की लाभप्रदता

2.44 जैसी कि चर्चा की गयी है, वैश्विक बैंकिंग प्रणाली की वृद्धि और सुदृढ़ता 2008 से दो प्रमुख मामलों में थोड़ी-सी सुधरी है। एक, 2010 में अमरीका और ब्रिटेन के बैंकों की लाभप्रदता में थोड़े सुधार के संकेत हैं। दो, वैश्विक बैंकों द्वारा पूंजी आधार को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं जिससे वे अपनी भावी हानियों को और प्रभावी तरीके से अवशोषित करने के लिए तैयार हो सकते हैं।

दुर्बलता बरकरार है

2.45 संकट के पश्चात वैश्विक बैंकिंग प्रणाली कई मामलों में कमजोर बनी हुई है। एक, कुल मिलाकर प्रणाली और अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाएं, विशेष रूप से यूरो क्षेत्र की राजकोषीय रूप से समस्याग्रस्त अर्थव्यवस्थाएं, अभी बहुत कमजोर ऋण वृद्धि दर्शा रही हैं। कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के उन क्षेत्रों में ऋण वृद्धि की पुनर्वापसी संबंधी चिंताएं बनी हुई हैं जो बैंक वित्तपोषण पर बहुत अधिक निर्भर हैं तथा जो रोजगार और वृद्धि अर्थात लघु और मझौले उद्यमों में पुनर्वापसी के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

2.46 दो, 2010 के प्रारंभ से सरकारी ऋण दबावों की शुरुआत ने यूरो क्षेत्र की सरकारी ऋण संबंधी समस्या से ग्रस्त अर्थव्यवस्थाओं तथा जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन की परिधीय अर्थव्यवस्थाओं में ऋण, बाजार और वित्तीयन जोखिम के पुनः आने की संभावना को जन्म दिया है, इन देशों के बैंक या तो प्रत्यक्ष रूप से अथवा अप्रत्यक्ष रूप से इन देशों के सरकारी ऋणों के प्रति एक्सपोज्ड हैं। वर्तमान समय मे यूरो क्षेत्र में बैंकों का पुनर्पूंजीकरण भी एक बड़ी चिंता है। उच्च ग्रीक हेयरकट की दशा में पूंजी की कमी को देखते हुए यूरो क्षेत्र के बैंकों को पर्याप्त पूंजी की आवश्यकता हो सकती है।

2.47 तीन, डिलीवरेजिंग के प्रयासों के बावजूद अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं, विशेष रूप से यूरो क्षेत्र और ब्रिटेन के वैश्विक बैंक बहुत अधिक लीवरेज्ड बने हुए हैं और वे थोक वित्तीयन बाजार पर आश्रित हैं। चार, ऋण जोखिम भी उच्च स्तर पर बने हुए हैं, इसके लिए न केवल सरकार के ऋण संबंधी जोखिम उत्तरदायी हैं बल्कि कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बैंक ऋण का बेजमानती हिस्सा भी जोखिम

के लिए जिम्मेदार है। पांच, संकट ने अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय समावेशन के विस्तार को धीमा किया है, जिससे आपूर्ति और मांग दोनों कारकों के कारण लोग वित्तीय प्रणाली की सीमा से बाहर जा रहे हैं। बैंकों के फेल होने से उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बैंकिंग सुविधाओं की आपूर्ति में कमी आई है और बैंकिंग गतिविधियों में गिरावट हुई है। मांग ने बैंकिंग सेवाओं को भी प्रभावित किया है जिससे इन अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार और आय सृजन में कमी आई है।

2.48 अंत में, उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की बैंकिंग प्रणालियों के कार्यनिष्पादन के बीच भिन्नता बढ़ रही है।जबकि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बैंकों की वृद्धि और सुदृढ़ता का स्तर कम है, प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं में ऋण वृद्धि उच्च रही है जिससे इन अर्थव्यवस्थाओं में ओवरहीटिंग की समस्या पैदा हो रही है। चीन में उच्च ऋण वृद्धि की समस्या है जिससे बैंकों में हानिग्रस्त आस्तियां बढ़ रही हैं। इन अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ते अल्पावधि पूंजी प्रवाह के साथ मुद्रास्फीति के उच्च स्तर ने वित्तीय स्थिरता की चिंताओं को बढ़ाया है।

वैश्विक बैंकिंग प्रणाली के लिए निकट - भावी संभावना कई अनिश्चितताओं से भरी हुई है

2.49 यह देखते हुए कि वैश्विक जोखिमों ने सुधारों को पीछे छोड़ दिया है, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए तुरंत आवश्यक हो गया है कि वे समष्टि आर्थिक कार्रवाई तेज करें विशेष रूप से राजकोषीय स्थिति में सुधार के लिए। इसके अलावा, वैश्विक बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने और पुनरूज्जीवित करने के लिए उन्नत और उभरती दोनों अर्थव्यवस्थाओं को वैयक्तिक रूप से और सामूहिक रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। अपनी समष्टि विवेकपूर्ण निगरानी को मजबूत करने के पश्चात इन देशों को ऐसे बैंकिंग संबंधी विनियामी सुधारों को निरंतर कार्यान्वित करने के प्रति और अधिक प्रतिबद्धता दिखानी होगी जिन पर पहले से ही सहमति हो चुकी है। इस प्रणाली में हो रहे परिवर्तनों की सही-सही पैमाइश की आवश्यकता है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर होने वाले कोई किसी प्रतिकूल प्रभाव से बचा जा सके, विशेष रूप से उस समय से जब से वैश्विक आर्थिक बहाली कमजोर बनी हुई है। यूरो मसले को अंतिम रूप देने के लिए यूरोपियन देशों के बीच हाल के गंभीर औपचारिक विचार-विमर्श का यूरोप के बैंकों पर काफी अधिक प्रभाव पड़ेगा जिसके अनुसार उनको कठोर हेयरकट को स्वीकार करना है और पुनर्पूंजीकरण के माध्यम से बैंकों के पूंजी आधार को मजबूत करना है। इस प्रकार, यूरोप के बैंकों को परिणामतः स्थिर होने के पहले कुछ ऐसे कठिन अभ्यासों को करना होगा। कुल मिलाकर, वैश्विक बैंकिंग प्रणाली की निकट-भावी संभावना कई अनिश्चितताओं से भरी हुई है, उनमें से कुछ इसके सीधे नियंत्रण से बाहर हैं। वर्तमान स्थिति में सरकारी एजेंसियों, केन्द्रीय बैंकों और बैंकिंग संस्थाओं को एक साथ मिलकर स्थायी रिकवरी और स्थिरता के लिए जोखिम भरे मार्ग पर चलना होगा।

अध्याय-III

नीतिगत परिवेश

2010-11 के दौरान भारत में समष्टि आर्थिक नीति उच्च वास्तविक जीडीपी वृद्धि तथा मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील थी। मौद्रिक प्रबंधन के मुख्य उद्देश्य के भीतर उत्पादक ऋण के माध्यम से वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बैंकिंग क्षेत्र नीति को समष्टि आर्थिक उद्देश्यों के अनुरूप होना पड़ता है। हालांकि विकसित देश अभी भी निम्न आर्थिक वृद्धि, सार्वजनिक वित्त में गिरावट का सामना कर रहे हैं और वित्तीय संकट के बाद अपने वित्तीय विनियामक ढांचे को सुधारने में प्रयासरत हैं, लेकिन भारत 2010-11 में सफलतापूर्वक संकट से पूर्व के मार्ग पर लौट आया। तथापि, स्फीतिकारक दबाव, जो आंशिक रूप से उच्च वैश्विक पण्य मूल्यों तथा आंशिक रूप से मांग और आपूर्ति में आंतरिक संरचनात्मक असंतुलनों के कारण हुए, 2010-11 में इतने सहज नहीं थे। इन दबावों के कारण बार-बार मौद्रिक नीतिगत उपाय करने पड़े ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आर्थिक वृद्धि, जो समेकन की प्रक्रिया के अधीन थी, प्रभावित न हो। वित्तीय उदारीकरण और नवोन्मेष के संबंध में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र नीति हमेशा ही नपीतुली व सतर्कतापूर्ण रहने पर भी अनुरूप रही है। हाल ही के संकट के दौरान भारतीय बैंकिंग प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा, यह तथ्य इस नीति की सफलता का प्रमाण है। इसी मार्ग पर चलते हुए, बासेल II फ्रेमवर्क के अधीन उन्नत दृष्टिकोण अपनाते हुए और बासेल III फ्रेमवर्क की ओर बढ़ने को सुविधाजनक बनाते हुए, रिज़र्व बैंक ने नए बैंक लाइसेंस देने, विदेशी बैंकों के प्रवेश के लिए मार्ग प्रशस्त करने, बैंकों के लिए होल्डिंग कंपनी संरचना, और क्रेडिट डिफाल्ट स्वैप प्रारंभ करने के लिए महत्त्वपूर्ण नीतिगत उपाय प्रारंभ किए। बैंकों द्वारा बोर्ड से अनुमोदित वित्तीय समावेशन योजनाएं प्रारंभ करना रिज़र्व बैंक की कार्यसूची में वित्तीय समावेशन का कार्य प्रमुख बना रहा।

1. परिचय

3.1 वैश्विक वित्तीय संकट के कारण, पूरे विश्व में बैंकिंग क्षेत्र नीति ने एक नया अर्थ और संगतता प्राप्त कर ली है। अधिकाधिक यह महसूस किया जा रहा है कि विनियामक और पर्यवेक्षी नीतियों को मजबूत बनाने की आवश्यकता है जिससे बैंकिंग क्षेत्र में चक्र समर्थक गतिविधियों का सामना करने के लिए प्रणालीगत दृष्टिकोण अपनाया जा सके। विनियमन की परिधि में अब तक अविनियमित खंड को भी शामिल किया जाना चाहिए ताकि विनियामक आर्बिट्रेज न्यूनतम रखा जा सके। कुछ चुनिंदा देशों में से एक होने के कारण भारत की प्रशंसा की गई है जिसने बैंकिंग क्षेत्र गतिविधियों के प्रति सजग तथा प्रति चक्रीय नीति अपनाई है। उसने विनियामक परिधि को लगातार व्यापक बनाया है ताकि गैर-बैंकिंग इकाइयों को विनियमन के अधीन लाया जा सके। इस अध्याय में बैंकिंग क्षेत्र नीति के विभिन्न खंडों में हुई गतिविधियां प्रस्तुत की गई हैं, और 2010-11[1] के दौरान अपनाई गई विनियामक और पर्यवेक्षी नीतियों पर विशेष बल दिया गया है। बैंकिंग क्षेत्र के अन्य प्रमुख पहलुओं में मौद्रिक नीति, ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन, प्रौद्योगिक गतिविधियां, भुगतान तथा निपटान प्रणाली, ग्राहक सेवाएं और बैंकिंग के कानूनी उपबंध शामिल हैं। वाणिज्य बैंकिंग क्षेत्र के अतिरिक्त, इस अध्याय में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों तथा वित्तीय बाजारों से संबंधित प्रमुख नीतिगत उपायों पर भी चर्चा की गई है।

[1] इस अध्याय में अप्रैल 2010 से अक्तूबर 2011 तक की अवधि शामिल की गई है।

2. मौद्रिक नीति[2]

मौद्रिक नीति का रुझान और उपाय

3.2 2010-11 में मौद्रिक नीति का रुझान वैश्विक अनिश्चितता के व्यापक संदर्भ में अर्थव्यवस्था में विद्यमान वृद्धि-मुद्रास्फीति डायनेमिक्स के अनुसार था। 2010-11 की पहली छमाही में, मौद्रिक नीति का बल मुद्रास्फीति दबावों को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ वैश्विक अनिश्चितता के बीच समुत्थान में बाधाओं से बचना था।

3.3 2010-11 की दूसरी छमाही में, हालांकि वृद्धि समेकित हुई लेकिन देशी और वैश्विक आपूर्ति संबंधी आघातों के कारण दिसंबर 2010 से मुद्रास्फीति में कमी की प्रवृत्ति बदल गई। खाद्येतर विनिर्माण मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत की प्रवृत्ति वृद्धि से 2010-11 की दूसरी छमाही में अधिक रही। इसलिए, मुद्रास्फीति पर नियंत्रण लगाने और मुद्रास्फीतिकारक प्रत्याशाओं पर अंकुश लगाने के लिए नीतिगत दरों में वृद्धि की गई। इसकी आवश्यकता भी थी क्योंकि अल्पावधि में कुछ वृद्धि में कमी के बावजूद दीर्घावधि वृद्धि को सुनिश्चित करना आवश्यक था।

3.4 चूंकि 2011-12 में भी रिज़र्व बैंक की आशा की तुलना में, मुद्रास्फीति उच्च बनी रही, इसलिए इस अवधि में स्फीतिरोधक रुझान जारी रहा। संकट के कारण अपनाई गई विस्तारात्मक नीति रुझान को छोड़ने के बाद रिज़र्व बैंक ने नीतिगत दर (रिपो दर) में 13 बार वृद्धि करके 375 आधार अंकों की वृद्धि की। मार्च 2011 तक नीतिगत दर में आठ बार वृद्धि करके 200 आधार अंकों की वृद्धि की गई। 2011-12 में अब तक (25 अक्तूबर 2011 तक) इसमें पांच बार वृद्धि करके 175 आधार अंकों की वृद्धि की गई। अक्तूबर 2009 से 525 आधार अंकों की प्रभावी वृद्धि की गई जिससे सिस्टम में चलनिधि अधिशेषों के बजाय कम हो गई। सीआरआर में भी 100 आधार अंकों की वृद्धि की गई।

मौद्रिक नीति की परिचालन प्रक्रिया में परिवर्तन

3.5 आपरेटिंग प्रोसीजर ऑफ मोनेटरी पालिसी पर कार्यदल की रिपोर्ट के आधार पर (अध्यक्षः श्री दीपक मोहंती), रिज़र्व बैंक ने मई 2011 से मौद्रिक नीति की परिचालन प्रक्रिया में कई परिवर्तन किए। इन परिवर्तनों के अनुसार, भारित औसत एक दिवसीय मांग मुद्रा दर को मौद्रिक नीति का परिचालन लक्ष्य बनाया गया। इसके अतिरिक्त, रिवर्स रेपो दर को रेपो दर से 100 आधार अंक नीचे रखते हुए, रेपो दर को एकल नीति दर बनाया गया ताकि मौद्रिक नीति के रुझान का सही रूप से संकेत दिया जा सके। एक नई एमएसएफ भी स्थापित की गई जिसके अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंक वांछित एसएलआर में से अपने एनडीएलटी के एक प्रतिशत तक एक दिन के लिए उधार ले सकते थे। एमएसएफ दर रेपो दर से 100 आधार अंक अधिक है और रिवर्स रेपो दर को निम्नतर सीमा सहित नीति दर कोरीडोर को उच्चतर सीमा देती है। बेहतर चलनिधि प्रबंधन और प्रभावी मौद्रिक संचार के लिए ये परिवर्तन आवश्यक समझे गए।

बचत बैंक जमाराशि दर का अविनियमन

3.6 1990 के दशक के प्रारंभ से, विनियमन की प्रक्रिया मजबूत होने से एकमात्र रुपया ब्याज दर जो विनियमित हुई है, वह है बचत राशि ब्याज दर। बचत दर के अविनियमन के लाभ और हानियां दिखलाने के लिए रिज़र्व बैंक ने एक चर्चा पत्र तैयार किया है जो जनता से सुझाव प्राप्त करने के लिए अप्रैल 2011 में रिज़र्व बैंक के वेबसाइट पर रखा गया। चर्चा पत्र से स्टेकधारकों से कई प्रकार के सुझाव प्राप्त हुए। गुण-दोषों का अध्ययन करने के बाद, रिज़र्व बैंक ने 25 अक्तूबर, 2011 को जारी 2011-12 की दूसरी तिमाही समीक्षा में बचत बैंक ब्याज दर को अविनियमित करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, निम्नलिखित दो शर्तों के अधीन बैंक अपनी बचत बैंक जमाराशि ब्याज दर निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र हैं:

- 1 लाख रुपए तक की बचत बैंक जमाराशियों पर प्रत्येक बैंक एकसमान ब्याज दर देगा, चाहे इस सीमा के भीतर जमाराशि कुछ भी हो।
- 1 लाख रुपये से अधिक की बचत बैंक जमाराशियों पर, यदि बैंक चाहे तो विभेदक ब्याज दरें दे सकता है। तथापि, एक ही

[2] इस खंड में मौद्रिक नीति गतिविधियों पर संक्षेप में चर्चा की गई है क्योंकि उन पर रिज़र्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2010-11 में विस्तार से चर्चा की गई है।

राशि वाली जमाराशियों पर ग्राहकों के बीच ब्याज दर के संबंध में कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा।

3. ऋण वितरण

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार-गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को ऋण

3.7 फरवरी 2011 में रिज़र्व बैंक ने सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया कि स्वर्ण आभूषणों की जमानत पर व्यक्तियों को या अन्य इकाइयों को उधार देने के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को स्वीकृत ऋण कृषि ऋण के रूप में प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अधीन वर्गीकृत नहीं किए जा सकेंगे। इसी प्रकार, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा प्रारंभ की गई प्रतिभूत आस्तियों में बैंकों द्वारा किए गए निवेश, जहां निहित आस्तियां स्वर्ण आभूषणों की जमानत पर ऋण हैं और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से स्वर्ण लोन पोर्टफोलियो का क्रय/समनुदेशन हैं, भी कृषि क्षेत्र अधीन वर्गीकरण के लिए पात्र नहीं है।

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार नीति - कृषि को उधार

3.8 सरकारी क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को अल्पकालिक कृषि ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में ब्याज सहायता की योजना 2006-07 से लागू है। 2009-10 में, 3 लाख रुपए तक के अल्पकालिक उत्पादन ऋण पर 2 प्रतिशत ब्याज सहायता उपलब्ध कराई गई जिससे सुनिश्चित हो कि किसानों को 7 प्रतिशत वार्षिक के आधार स्तर पर ऋण उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, सरकारी क्षेत्र के बैंकों को 1 प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज सहायता उन किसानों के संबंध में उपलब्ध कराई गई जो ऐसे ऋणों के वितरण के एक वर्ष के भीतर अपना ऋण चुकाने में मुस्तैद थे जिससे ऐसे किसानों के लिए प्रभावी दर और भी कम हो कर 6 प्रतिशत रह गई। 2010-11 में ब्याज सहायता कम करके 1.5 प्रतिशत कर दी गई है तथा मुस्तैदी से चुकौती करने वाले किसानों के लिए अतिरिक्त ब्याज सहायता बढ़ा कर 2 प्रतिशत कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, 2011-12 के केन्द्रीय बजट में, वित्त मंत्री ने मुस्तैदी से चुकौती करने वाले किसानों के लिए अतिरिक्त ब्याज सहायता बढ़ाकर 3 प्रतिशत कर देने का प्रस्ताव किया जिससे ऐसे किसानों के लिए प्रभावी दर 4 प्रतिशत रह गई।

माइक्रो, लघु तथा मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण-माइक्रो उद्यमों के लिए ऋण का लक्ष्य

3.9 भारत सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय कार्यबल की सिफारिशों के अनुसरण में (अध्यक्षः श्री टी.के.ए. नायर), अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को 29 जून 2010 को सूचित किया गया है कि वे अति छोटे उद्यमों को एमएसई अग्रिमों का 60 प्रतिशत आवंटित करें। यह लक्ष्य तीन चरणों में प्राप्त किया जाएगा अर्थात 2010-11 में 50 प्रतिशत, 2011-12 में 55 प्रतिशत और 2012-13 में 60 प्रतिशत और इसके साथ अति छोटे उद्यम खातों में 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हो और अति छोटे तथा छोटे उद्यमों को उधार में 20 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि हो। अर्ध वार्षिक आधार पर (मार्च तथा सितंबर) बैंकों द्वारा इन लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में सूचना तथा निकट से निगरानी करने के लिए रिज़र्व बैंक ने एक फार्मेट भी तैयार किया है। जून 2011 को समाप्त तिमाही से, यह निगरानी तिमाही आधार पर की जा रही है। कार्यबल द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा न करने वाले बैंकों के साथ रिज़र्व बैंक ने यह मामला उठाया है।

अति छोटे तथा छोटे उद्यमों के लिए ऋण हेतु ऋण गारंटी (सीजीटीएमएसई)

3.10 सीजीटीएमएसई की ऋण गारंटी योजना की समीक्षा करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा मार्च 2010 में गठित कार्यदल (अध्यक्षः श्री वी.के. शर्मा) की सिफारिशों के आधार पर, एमएसई क्षेत्र को कोलेटरल मुक्त ऋणों के लिए सीमा बढ़ा कर 10 लाख रुपए कर दी गई है और बैंकों के लिए अनिवार्य कर दी गई है। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया है कि कोलेटरल मुक्त उधार के संबंध में दिशानिर्देशों का पालन करें, शाखा स्तर पर कार्यपालकों को ऋण गारंटी कवर प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करें और उनके आकलन में उनके निष्पादन को एक मानदंड बनाए। कार्यदल ने गारंटी कवर की सीमा बढ़ाने,

कुछ शर्तों के अधीन सीजीटीएमएसई द्वारा 10 लाख रुपये तक के कोलेटरल मुक्त ऋणों के लिए गारंटी शुल्क एब्ज़ार्व करने, सीजीटीएमएसई को दावे प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने और योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के बारे में भी सिफारिशें की हैं। कार्यान्वित करने के लिए ये सिफारिशें सीजीटीएमएसई को भेज दी गई हैं।

आवासीय ऋण

3.11 मध्यम तथा निम्न आय वर्गों के लिए आवास उपलब्धता को बेहतर बनाने के लिए 2009-10 के केन्द्रीय बजट में 10 लाख रुपए तक के वैयक्तिक आवासीय ऋणों के लिए 1 प्रतिशत ब्याज सहायता की घोषणा की गई थी बशर्ते कि यूनिट की लागत 20 लाख रुपए से अधिक न हो। यह योजना प्रारंभ में 1 अक्तूबर 2009 से 30 सितंबर 2010 तक एक वर्ष की अवधि के लिए लागू थी। इस प्रयोजन के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रारंभिक आवंटन किया गया था। 2010-11 के लिए केन्द्रीय बजट में योजना के विस्तार की घोषणा की गई और 2010-11 के लिए योजना के अधीन 700 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया। 2011-12 के केन्द्रीय बजट के अनुसार, वर्तमान योजना को उदार बना कर 15 लाख रुपए तक आवासीय ऋण के लिए कर दिया गया है, जहां पहले की क्रमशः 10 लाख रुपए और 20 लाख रुपए की सीमा की तुलना में आवास की लागत 25 लाख रुपए से अधिक न हो। यह योजना अनुसूचित वाणिज्य बैंकों और आवास वित्त कंपनियों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के लिए रिज़र्व बैंक संपर्क एजेंसी के रूप में कार्य करता है। पात्र ऋणों की मंजूरी और वितरण के बाद, अनुसूचित वाणिज्य बैंक मासिक आधार पर रिज़र्व बैंक से सहायता की प्रतिपूर्ति का दावा करते हैं। योजना के संबंध में उदारीकरण के आवश्यक अनुदेश रिज़र्व बैंक द्वारा 21 अप्रैल 2011 को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को जारी किए गए हैं।

एमएफआई को ऋण

3.12 आंध्र प्रदेश में माइक्रो फाइनेन्स क्षेत्र को लेकर हुई चिंता के बाद, एमएफआई के रूप में कार्य कर रही गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का कुछ और कड़ा विनियमन करने की आवश्यकता महसूस की गई। तदनुसार, रिज़र्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड की एक उप समिति (अध्यक्षः श्री वाई.एच.मालेगाम) एमएफआई क्षेत्र में मुद्दों और चिंताओं का अध्ययन करने के लिए गठित की गई। समिति ने अपनी रिपोर्ट जनवरी 2011 में प्रस्तुत कर दी है जिसे पब्लिक डोमेन में रख दिया गया है। समिति ने अन्य बातों के साथ, ये सिफारिशें की हैं: (i) एनबीएफसी-एमएफआई की एक अलग श्रेणी बनाना; (ii) वैयक्तिक ऋणों पर मार्जिन की अधिकतम सीमा और ब्याज दर की अधिकतम सीमा; (iii) ब्याज दरों में पारदर्शिता (iv) वैयक्तिक उधारकर्ताओं को दो से अनधिक एमएफआई द्वारा उधार (v) एक या अधिक क्रेडिट इन्फार्मेशन ब्यूरो की स्थापना; (vi) एमएफआई द्वारा शिकायतों के निपटान के लिए यथोचित प्रणाली स्थापित करना; (vii) एक या अधिक ''सोशल कैपिटल फंड'' बनाना; तथा (viii) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अधीन एमएफआई को बैंक ऋण की श्रेणी जारी रखना और एनबीएफसी - एमएफआई के लिए निर्धारित विनियमन का अनुपालन करना।

3.13 समिति की सिफारिशों पर सभी स्टेकधारकों से चर्चा की गई, और प्राप्त फीडबैक के आधार पर समिति द्वारा सिफारिश किए गए फ्रेमवर्क को स्वीकार करने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार, 3 मई 2011 को सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया है किः

1. 1 अप्रैल 2011 को या उसके बाद व्यक्तियों को देने के लिए तथा एसएचजीएस/ जेएलजीएस को देने के लिए एमएफआई को दिए गए बैंक ऋण संबंधित श्रेणी के अधीन प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम समझा जाएगा अर्थात् कृषि, अति छोटे तथा छोटे उद्यम तथा माइक्रो ऋण (अन्य प्रयोजनों के लिए), अप्रत्यक्ष वित्त बशर्ते:

   क) एमएफआई द्वारा दिए गए कम से कम 75 प्रतिशत समग्र ऋण आय सृजन गतिविधियों के लिए दिए जाते हैं;

   ख) एमएफआई की कुल आस्तियों (नकदी, बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के पास शेष राशियों, सरकारी प्रतिभूतियों और मुद्रा बाजार लिखतों को छोड़कर) का कम से कम 85 प्रतिशत ''अर्हक आस्तियों'' के रूप में है। ''अर्हक आस्ति'' को निम्नलिखित मानदंड पूरे करने

होंगेः (i) ऋण उसको दिया जाए जिसकी ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू वार्षिक आय 60,000 रुपये से अधिक न हो, जबकि गैर-ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1,20,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए; (ii) पहले चक्र में ऋण 35,000 रुपये से अधिक और बाद के चक्रों में 50,000 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए; (iii) उधारग्राही की कुल ऋणग्रस्तता 50,000/- रुपये से अधिक नहीं है; (iv) ऋण की अवधि 24 महीने से कम नहीं है जब बिना किसी दंड के उधारकर्ता के पूर्व भुगतान के अधिकार सहित ऋण 15,000/- रुपये से अधिक हैं; (v) ऋण बिना कोलेटरल के है; (vi) उधारग्राही के विकल्प पर ऋण की चुकौती साप्ताहिक, पाक्षिक या मासिक किस्तों में है।

ग) बैंक यह सुनिश्चित करें कि एमएफआई मार्जिन तथा ब्याज दरों तथा अन्य मूल्यन दिशानिर्देशों के संबंध में निम्नलिखित सीमाओं का पालन करते हैंः (i) सभी एमएफआई के लिए मार्जिन कैप 12 प्रतिशत पर; (ii) ब्याज लागत की गणना बकाया उधार के औसत पाक्षिक शेष पर की जाएगी और ब्याज आय की गणना अर्हक आस्तियों के बकाया ऋण पोर्टफोलियो के औसत पाक्षिक शेष पर की जाएगी; (iii) 26 प्रतिशत वार्षिक पर वैयक्तिक ऋणों पर ब्याज की गणना घटते शेष के आधार पर की जाएगी; (iv) ऋणों के मूल्यन में केवल तीन घटक शामिल किए जाएंगे अर्थात प्रोसेसिंग शुल्क जो कुल ऋण राशि के 1 प्रतिशत से अधिक न हो; ब्याज प्रभार; और बीमा प्रीमियम; (v) प्रोसेसिंग शुल्क मार्जिन सीमा या 26 प्रतिशत की ब्याज सीमा में शामिल नहीं होगा; (vi) बीमा की वास्तविक लागत अर्थात उधारग्राही तथा उसकी पत्नी/पति के लिए जीवन, स्वास्थ्य तथा पशुधन के लिए समूह बीमा के लिए ली जा सकती है और प्रशासनिक प्रभार आईआरडीए के दिशानिर्देशों के अनुसार लिए जाने चाहिए; (vii) विलंब से भुगतान के लिए कोई दंड नहीं होना चाहिए; (viii) उधारग्राही से कोई प्रतिभूति/मार्जिन नहीं लिया जाएगा।

घ) प्रत्येक तिमाही के अंत में बैंक एमएफआई से सनदी लेखाकार का एक प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, यह उल्लेख होगा कि उपर्युक्त तीनों शर्तों का पालन किया गया है।

2. एमएफआई को बैंक ऋण, जो उपर्युक्त शर्तों का पालन नहीं करते और अन्य गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को बैंक ऋण को 1 अप्रैल 2011 से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण नहीं माना जाएगा। प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अधीन वर्गीकृत 1 अप्रैल 2011 से पहले दिए गए ऋण ऐसे ऋणों की परिपक्वता तक प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र ही माने जाएंगे।

कृषि ऋण छूट और ऋण राहत योजना, 2008 की प्रगति

3.14 कृषि ऋण छूट और ऋण राहत योजना 2008 के संबंध में भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गयी अनुसूची के अनुसार, सारणी III.1 के अनुसार उधारदाता संस्थाओं को क्रमिक तरीके से क्षतिपूर्ति की गई थी। भारत सरकार ने पहली और दूसरी किश्त के रूप में 40,000 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें से 28,000 करोड़ रुपये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी समितियों को प्रतिपूर्ति करने के लिए नाबार्ड को अंतरित किए गए। शेष 12,000 करोड़ रुपये अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, स्थानीय क्षेत्र बैंकों और शहरी सहकारी बैंकों को प्रतिपूर्ति करने के लिए आबंटित किए गए हैं। 11340.47 करोड़ रुपये की तीसरी किश्त भारत सरकार द्वारा जनवरी 2011 में जारी की गई जिसमें से 1240.12 करोड़ रुपये की राशि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी समितियों को प्रतिपूर्ति करने के लिए नाबार्ड को जारी की गई और 10,100.35 करोड़ रुपये की शेष राशि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, स्थानीय क्षेत्र बैंकों और शहरी सहकारी बैंकों को प्रतिपूर्ति करने के लिए प्रयुक्त की गई है।

4. वित्तीय समावेशन

3.15 वित्तीय समावेशन को भारत में बैंकिंग क्षेत्र नीति का एक अभिन्न अंग बना दिया गया है। रिज़र्व बैंक कई रणनीतियों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ा रहा है। इनमें विनियामक दिशानिर्देशों में छूट देना, नवोन्मेषी उत्पाद उपलब्ध कराना, अर्थक्षम तथा स्केलयोग्य वित्तीय समावेशन प्राप्त करने के लिए अन्य सहायक उपाय करना शामिल है। 2010-11 में भी, रिज़र्व बैंक ने देश के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में नीतिगत पहल जारी रखी।

ग्रामीण बैंक सुविधारहित केंद्रों पर शाखाएं खोलना अनिवार्य

3.16 ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं में और वृद्धि करने के लिए, कारोबारी प्रतिनिधियों के साथ-साथ परिसर युक्त शाखाएं खोलने की आवश्यकता है। तदनुसार, बैंकों के लिए अनिवार्य है कि वे वर्ष के दौरान खोली जानेवाली शाखाओं में से कम से कम 25 प्रतिशत शाखाएं बैंक सुविधारहित ग्रामीण केंद्रों में खोलें। इसके अतिरिक्त, अक्तूबर, 2011 में टियर 2 केंद्रों (2001 की जनगणना के अनुसार 50,000 से 99,999 तक की जनसंख्या) पर बैंकिंग सेवाओं में वृद्धि करने के लिए, यह प्रस्ताव है कि देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) रिज़र्व बैंक की अनुमति के बिना इन केंद्रों पर शाखाएं खोलने की अनुमति दी जाए, परंतु इसकी सूचना देनी होगी। टियर 1 केंद्रों पर (2001 की जनगणना के अनुसार 1,00,000 तथा उससे अधिक जनसंख्या) शाखाएं खोलने के लिए रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति लेनी होगी। ऐसा प्राधिकार देते समय, रिज़र्व बैंक, अन्य बातों के साथ साथ, यह भी ध्यान में रखेगा कि वर्ष के दौरान खोली जाने वाली कुल शाखाओं में से क्या कम से कम 25 प्रतिशत शाखाएं बैंक सुविधारहित ग्रामीण क्षेत्रों में खोलने का प्रस्ताव है।

केवाईसी मानकों में छूट

3.17 बैंक खाते खोलने के लिए केवाईसी आवश्यकताओं में छोटे खातों के लिए अगस्त 2005 में छूट दी गई थी। कार्यविधियों में सरलता लाते हुए यह विनिर्दिष्ट किया गया था कि जिस खाताधारक ने केवाईसी आवश्यकता पूरी कर ली है, उसके द्वारा परिचय कराने और बैंक की संतुष्टि के लिए ग्राहक पहचान और पते का प्रमाण देना ऐसे खाते खोलने के लिए पर्याप्त होगा। 2010-11 में, 27 जनवरी 2011 के परिपत्र के द्वारा केवाईसी मानदंडों में और छूट दी गई है जिससे छोटी राशि के बैंक खाते खोलने के लिए एनआरईजीए के अधीन जारी किए गए जाब कार्ड (राज्य सरकार के किसी अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित) या नाम, पता और आधार संख्या वाले यूआईडी द्वारा जारी पत्र भी स्वीकार किए जा सकते हैं। 28 सितंबर 2011 के परिपत्र के द्वारा इसमें और छूट देते हुए इसे सभी खातों पर लागू कर दिया गया है।

कारोबारी प्रतिनिधि की परिभाषा को व्यापक बनाना

3.18 2006 से, रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बीएफ और बीसी को मध्यस्थों के रूप में नियुक्त करने की अनुमति दी है। बीसी के रूप में पात्र व्यक्तियों/इकाइयों की सूची में समय-समय पर विस्तार किया गया है। 2010-11 में, वित्तीय तथा बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कंपनियों के बड़े तथा व्यापक नेटवर्क का उपयोग करने के लिए पहले अनुमति दी गई

सारणी III.1 कृषि ऋण छूट और ऋण राहत योजना के अंतर्गत क्षति-पूर्ति

(राशि करोड़ रुपए में)

ऋणदात्री संस्थाएं	प्रस्तावित संवितरण**			
	पहली किस्त	दूसरी किस्त	तीसरी किस्त	चौथी किस्त
	सितंबर 2008	जुलाई 2009	जुलाई 2010	जुलाई 2011
आरआरबी एवं सहकारी संस्थाएं	17,500	10,500	2,800	शेष राशि , यदि कोई हो,
एससीबी, यूसीबी और एलएबी	7,500	4,500	9,200	शेष राशि , यदि कोई हो,
कुल	**25,000**	**15,000**	**12,000**	**शेष राशि , यदि कोई हो,**

** वर्तमान अनंतिम अनुमान पर आधारित।

संस्थाओं के अतिरिक्त, 'फार प्रौफिट' कंपनियों को भी बैंकों के कारोबारी प्रतिनिधि मध्यस्थों के रूप में नियुक्ति करने के लिए अनुमति दी गई।

नवोन्मेषी तथा सरल उत्पाद प्रारंभ करना

3.19 निर्धन व्यक्तियों के लिए समय पर और बाधारहित ऋण प्राप्त करना बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। इसको ध्यान में रखते हुए, बैंकों को सूचित किया गया है कि वे नो-फ्रिल्स खातों में छोटी-छोटी राशियों का ओवरड्राफ्ट दे जिससे आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्राहक बिना कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ दिए छोटी - छोटी राशियों का ऋण प्राप्त कर सकें।

बैंकिंग सेवाओं के लिए रोडमैप

3.20 देश के सभी भागों में बैंकिंग सुविधाओं की एकसमान प्रगति को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, बैंकों को सूचित किया गया कि वे परिसरयुक्त शाखा या कारोबारी प्रतिनिधि सहित आईसीटी आधारित किसी माडल के माध्यम से 2000 से अधिक जनसंख्या वाले बैंक सुविधारहित प्रत्येक गांव में बैंकिंग आउटलेट खोलने के लिए योजनाएं तैयार करें। बजट में की गई घोषणाओं के अनुरूप, 16 सितंबर 2010 के परिपत्र के द्वारा योजना तैयार करने की तारीख मार्च 2012 तक बढ़ा दी गई। बैंक सुविधारहित लगभग 72,800 ऐसे गांवों की पहचान कर ली गई हैं और उन्हें राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के माध्यम से विभिन्न बैंकों को आबंटित किया गया।

वित्तीय समावेशन योजनाओं में प्रगति

3.21 जनवरी 2010 में, सरकारी क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के सभी बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित तीन वर्षीय वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) तैयार करें और उसे मार्च 2010 तक रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करें। इन बैंकों ने मार्च 2011, 2012 और 2013 के लिए अपने लक्ष्य तैयार किए और उन्हें प्रस्तुत किया। इन योजनाओं में मोटे तौर पर खोली जाने वाली परिसर वाली ग्रामीण शाखाएं, नियोजित किए जाने वाले कारोबारी प्रतिनिधि; शाखाओं/कारोबारी प्रतिनिधियों/अन्य माध्यमों से 2000 से अधिक तथा 2000 से कम आबादी वाले बैंक सुविधा रहित गांवों को कवर करना, बीसी-आईसीटी के माध्यम से खोले गए खातों सहित नो-फ्रिल्स खाते, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) तथा जनरल क्रेडिट कार्ड (जीसीसी); तथा वित्तीय सेवाओं से वंचित खंडों के लिए उनके द्वारा तैयार विशिष्ट उत्पाद शामिल हैं। बैंकों को सूचित किया गया कि बोर्ड द्वारा अनुमोदित एफआईपी को अपनी कारोबारी योजनाओं से समन्वित करें तथा अपने स्टाफ के निष्पादन के आकलन में वित्तीय समावेशन को एक मानदंड के रूप में शामिल कर लें। इन योजनाओं के कार्यान्वयन पर रिज़र्व बैंक द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

3.22 2010-11 के दौरान एफआईपी के कार्यान्वयन में बैंकों की प्रगति की समीक्षा करने और भविष्य में त्वरित प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए रिज़र्व बैंक बैंकों के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ प्रत्यक्ष समीक्षा बैठकें करता रहा है। मई-जून 2011 में चर्चा के दौरान उभरकर आए कुछ कार्रवाई बिन्दु निम्नानुसार हैं :

- बैंक अपने डिलीवरी माडलों की समीक्षा करेंगे ताकि वित्तीय समावेशन से उनका कारोबार लाभप्रद हो।
- 2000 से अधिक आबादी वाली गांवों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के अतिरिक्त वे 2000 से कम आबादी वाले आसपास के गांवों में भी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।
- भविष्य में, बैंकिंग सुविधा रहित गांवों में परिसरयुक्त शाखाएं खोलने पर बैंक ध्यान केंन्द्रित करेंगे। यह 2-3 किमी की यथोचित दूरी पर 10 कारोबारी प्रतिनिधियों तक के लिए छोटे छोटे ग्राहक लेनदेनों के लिए न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं सहित निम्न लागत का मध्यस्थ हो सकता है। इस दृष्टिकोण से एक बेहतर ग्राहक शिकायत निवारण कार्यविधि स्थापित करने में उन्हें सहायता मिलेगी और साथ ही एक बेहतर कारोबारी प्रतिनिधि निगरानी कार्यविधि विकसित करने में भी सहायता मिलेगी। इससे नकदी प्रबंधन, प्रलेखीकरण, ग्राहकों की शिकायतों को दूर करने में दक्षता आएगी।

- बैंक शहरी और अर्ध शहरी क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिकों तथा छोटे दुकानदारों को लक्ष्यबद्ध रखते हुए वित्तीय समावेशन में विस्तार करेंगे जिससे बैंक खाते खोलने में आधारीय पंजीकरण का भी लीवरेज होगा।
- अपने द्वारा प्रायोजित सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए बैंक वित्तीय समावेशन योजनाएं तैयार करेंगे और प्रभावकारी निगरानी कार्यविधि विकसित करेंगे ताकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को आबंटित लक्ष्य पूरी तरह से प्राप्त किए जा सकें।

5. विवेकपूर्ण विनियामक नीति

बासेल II के अधीन उन्नत दृष्टिकोण अपनाना

3.23 मार्च 2009 में, भारत में सभी अनुसूचित बैंकों ने बासेल II के बुनियादी दृष्टिकोणों का पूरा माइग्रेशन का कार्य पूरा कर लिया। हालांकि मानकीकृत दृष्टिकोणों और पिलर 2 के कार्यान्वयन का कार्य बेहतर किया जाएगा, हाल ही में ध्यान बासेल II फ्रेमवर्क के अधीन पूंजी पर्याप्तता आवश्यकता की गणना के लिए उन्नत दृष्टिकोणों के अपनाने पर केंद्रित हो गया है। ये उन्नत दृष्टिकोण अलग अलग बैंकों की विनियामक पूंजी तथा उनके जोखिम प्रोफाइल में सामंजस्य लाने में सहायता करेंगे और साथ ही उनकी जोखिम प्रबंधन प्रथाओं में भी सहायता करेंगे। बैंकिंग उत्पादों तथा कारोबारी माडलों के अधिकाधिक जटिल होने से, उन्नत दृष्टिकोणों में इन उत्पादों में निहित जोखिम मापे जा सकते हैं और उनका बेहतर ढंग से प्रबंध किया जा सकता है। अतः उन्नत दृष्टिकोणों को अपनाने से वित्तीय उत्पादों के मूल्यन तथा निष्पादन मापन में भी सहायता मिलेगी।

3.24 मानक दृष्टिकोणों की तुलना में उन्नत दृष्टिकोण अपनाना अधिक चुनौतीपूर्ण है। पहला, उन्नत देशों के विपरीत, भारत में बैंक जोखिम प्रबंधन में उन्नत मात्रात्मक तकनीकों के प्रयोग से वाकिफ नहीं हैं जो बासेल II के अधीन जोखिम उपायों को मापने के लिए आवश्यक हैं। दूसरा, बैंकों को उन्नत जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क, विशेषकर स्टाफ के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन और क्षतिपूर्ति स्कीम के रूप में, के कार्यान्वयन के लिए संस्थागत क्षमताएं बनानी हैं। तीसरा, बैंकों को गुणवत्तावाले डाटा, आर्थिक चक्र की समझ, जोखिम माडलों के वैधीकरण के लिए मात्रात्मक तकनीकों तथा दक्ष स्टाफ की आवश्यकता है। अतः उचित यही होगा कि पर्याप्त जोखिम प्रबंध प्रणालियां वाले बड़े बैंक पहले उन्नत दृष्टिकोण अपनाएं और दूसरे बैंक जोखिम प्रबंध प्रणालियों और ब्याज को इस प्रकार अपनाएं कि वह उनके वर्तमान परिचालनों के अनुरूप हो और साथ-साथ उन्नत दृष्टिकोणों के लिए वांछित संगठनात्मक कौशल बनाएं।

3.25 इसके अतिरिक्त, अलग अलग दृष्टिकोणों के कार्यान्वयन में विशिष्ट चुनौतियां जुड़ी हैं। पहला, आईआरबी दृष्टिकोण के अधीन, ऋण जोखिम के माडल में बैंक के अपने ऐतिहासिक ऋण के आधार पर चूक और एलजीडी के संबंध में चूक की संभावना का माडल बनाने की आवश्यकता है। ऐसी प्रक्रिया में पर्याप्त ऐतिहासिक डाटा न होना एक कठिनाई है। इसके अतिरिक्त, संबंधित डाटा अक्सर अलग-अलग प्रणालियों और यूनिटों में रखा जाता है और बैंकों द्वारा प्रयुक्त पारंपरिक आस्ति श्रेणियां आईआरबी दृष्टिकोण से विभिन्न हैं। भारत में प्रयोग के लिए बाजार डाटा के आधार पर ऋण जोखिम माडल की उपयुक्तता बहुत सीमित है क्योंकि अधिकांश कंपनी उधारग्राही असूचीबद्ध हैं और उनके पास सूचीबद्ध कंपनी बांड नहीं हैं।

3.26 दूसरा, एएमए के अधीन परिचालनात्मक जोखिम का माडल बनाना बाह्य हानि डाटा और गुणवत्ता वाले आंतरिक हानि डाटा के अभाव के कारण चुनौतीपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, परिचालनात्मक जोखिम पूंजी प्रभार की गणना कारोबारी परिवेश के प्रभाव, आंतरिक नियंत्रण घटक और परिदृश्य विश्लेषण का इस्तेमाल करने में उल्लेखनीय व्यक्तिपरक निर्णय करना होता है।

3.27 तीसरा, हालांकि बाजार जोखिम के लिए आईएमए में अधिक डाटा तथा माडलिंग की आवश्यकता नहीं है लेकिन आईआरसी के लिए कार्यविधियां अभी प्रारंभिक अवस्था में हैं।

3.28 रिज़र्व बैंक ने उन्नत दृष्टिकोण अपनाने के लिए समय सीमा निर्धारित की है। मार्च 2010 में परिचालनगत जोखिम के लिए तथा अप्रैल 2010 में बाजार जोखिम के लिए टीएसए/एएसए तथा आईएमए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। अप्रैल 2011 में परिचालनगत जोखिम के लिए एएमए के संबंध में भी दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। फाउंडेशन आईआरबी तथा ऋण जोखिम पूंजी प्रभार की गणना करने के लिए उन्नत आईआरबी के लिए भी दिशानिर्देश 10 अगस्त 2011 को रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर रखे गए हैं। इसमें बैंकों तथा अन्य स्टेकधारकों से टिप्पणियां मंगाई गई हैं। 2011-12 की मौद्रिक नीति की दूसरी तिमाही समीक्षा के अनुसार यह प्रस्ताव है कि दिसम्बर 2011 के अंत तक आईआरबी दृष्टिकोण पर अंतिम दिशानिर्देश जारी कर दिए जाएं।

निजी क्षेत्र के नये बैंकों को लाइसेंस दिया जाना

3.29 केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा अपने बजट भाषण में की गई घोषणा और वर्ष 2010-11 के लिए रिज़र्व बैंक के वार्षिक नीति वक्तव्य के अनुसरण में, " ऐण्ट्री आफ न्यू बैंक्स इन द प्राइवेट सैक्टर" विषय पर एक चर्चा पत्र 11 अगस्त 2010 को रिज़र्व बैंक के वेबसाइट पर रखा गया। विभिन्न स्टेकधारकों से प्राप्त टिप्पणियों और व्यापक आंतरिक चर्चा तथा भारत सरकार से परामर्श के आधार पर, प्रारूप दिशानिर्देश तैयार किए गए और रिज़र्व बैंक के वेबसाइट पर 29 अगस्त, 2010 को जारी किए गए। इसके द्वारा विभिन्न स्टेकधारकों से टिप्पणियां मांगी गईं। प्रारूप दिशानिर्देशों पर सुझाव और टिप्पणियां 31 अक्तूबर 2011 तक मंगाई गई हैं।

प्रारूप दिशानिर्देशों की प्रमुख बातें निम्नानुसार हैं :

(i) पात्र प्रमोटर : निजी क्षेत्र में संस्थाएं/समूह, निवासियों द्वारा स्वामित्व और नियंत्रित स्वामित्व विविधीकृत, मजबूत साख तथा कम से कम 10 वर्ष तक सफल ट्रैक रिकार्ड वाले, बैंक प्रोमोट करने के पात्र होंगे। जिन संस्थाएं/समूह का स्थावर रूपया निर्माण तथा/या दलाली गतिविधियां से अलग-अलग या सामूहिक रूप से पिछले तीन वर्ष में उल्लेखनीय आय या आस्तियों या दोनों (10 प्रतिशत या अधिक) हिस्सा हैं वे पात्र नहीं होगी।

(ii) कंपनी संघटन : नए बैंक केवल पूर्णतया स्वामित्व वाली एनओएचसी के माध्यम से स्थापित किए जाएंगे जो रिज़र्व बैंक के साथ एनबीएफसी के रूप में पंजीकृत की जाएगी जो बैंक तथा अन्य वित्तीय कंपनियों को प्रमोटर समूह में रखेगी।

(iii) न्यूनतम पूंजी आवश्यकता : न्यूनतम पूंजी आवश्यकता 500 करोड़ रुपये होगी। इस शर्त के अधीन लाई जानेवाली प्रस्तावित पूंजी प्रमोटरों की कारोबारी योजना पर निर्भर करेगी। एनओएचसी बैंक को लाइसेंस देने की तारीख से पांच वर्ष के लिए बैंक की प्रदत्त पूंजी का कम से कम 40 प्रतिशत धारित करेगी। एनओएचसी में 40 प्रतिशत से अधिक की शेयरधारिता को 10 वर्ष के भीतर कम कर के 20 प्रतिशत किया जाएगा और बैंक को लाइसेंस देने की तारीख से 12 वर्ष के भीतर कम कर के 15 प्रतिशत कर दिया जाएगा।

(iv) विदेशी शेयरधारिता : नए बैंक में कुल अनिवासी शेयरधारिता पहले 5 वर्ष के लिए 49 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। उसके बाद यह विद्यमान नीति के अनुसार होगी।

(v) कंपनी अभिशासन : एनओएचसी के कम से कम 50 प्रतिशत निदेशक स्वतंत्र निदेशक होने चाहिएं। कंपनी का संघटन इस प्रकार होना चाहिए जिससे रिज़र्व बैंक द्वारा समेकित आधार पर बैंकों तथा एनओएचसी के प्रभावी पर्यवेक्षण में कोई बाधा न आए।

(vi) कारोबारी माडल : माडल वास्तविक तथा अर्थक्षम होना चाहिए और बैंक वित्तीय समावेशन कैसे प्राप्त करेगा उसका प्रावधान होना चाहिए।

(vii) अन्य शर्तें :

- प्रमोटर समूह में किसी संस्था में बैंक का एक्सपोज़र 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। समूह की सभी संस्थाओं में कुल एक्सपोज़र बैंक की प्रदत्त पूंजी तथा रिज़र्व राशि के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।
- लाइसेंस प्राप्त करने की तारीख से दो वर्ष के भीतर बैंक अपने शेयर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध करवाएगा।

- बैंक अपनी शाखाओं का कम से कम 25 प्रतिशत बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों में खोलेगा
- वर्तमान एनबीएफसी को, यदि पात्र पाई जाती है, तो उन्हें या तो कोई नया बैंक प्रमोट करने या अपने आप को बैंक में परिवर्तित करने की अनुमति दी जाएगी।

(viii) गैर-वित्तीय कारोबार से 40 प्रतिशत या अधिक आस्तियों / आय वाले प्रमोटर समूहों के लिए कुछ अतिरिक्त शर्तें निर्धारित

यह उल्लेखनीय है कि बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 में कुछ संशोधन करना भारत सरकार के विचाराधीन है। इनमें से कुछ निजी क्षेत्र में नए बैंकों को लाइसेंस की नीति को अंतिम रूप देने और कार्यान्वित करने से संबंधित हैं जो महत्त्वपूर्ण हैं। महत्त्वपूर्ण संशोधनों में ये शामिल हैं-मतदान अधिकारों के प्रतिबंध हटाना और साथ-साथ किसी बैंक में 5 प्रतिशत या अधिक शेयरों तथा/या मतदान अधिकारों के अधिग्रहण के अनुमोदन के लिए रिज़र्व बैंक को प्राधिकृत करना जो 'योग्य तथा उचित है', किसी बैंक के बोर्ड को भंग करने के लिए रिज़र्व बैंक को प्राधिकृत करना ताकि जमाकर्ताओं के हित की रक्षा की जा सके और समेकित पर्यवेक्षण में सहायता मिल सके।

निजी क्षेत्र में बैंकों की स्थापना के लिए आवेदन मंगाने की प्रक्रिया दिशानिर्देशों के प्रारूप पर फीडबैक/ टिप्पणियां प्राप्त हो जाने के बाद अंतिम दिशानिर्देश जारी किये जाने एवं बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में संशोधन किये जाने के बाद प्रारंभ की जाएगी।

भारत में विदेशी बैंकों की उपस्थिति

3.30 रिज़र्व बैंक ने जनवरी 2011 में भारत में विदेशी बैंकों की उपस्थिति के बारे में भी एक चर्चा पत्र जारी किया जिसमें स्टेकधारकों और आम जनता से फीडबैक और सुझाव मांगे गए थे। चर्चा पत्र पर फीडबैक, टिप्पणियां तथा सुझाव प्राप्त होने के बाद भारत में विदेशी बैंकों की उपस्थिति के स्वरूप के बारे में व्यापक दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे।

भारतीय बैंकों के लिए होल्डिंग कंपनी संरचना

3.31 वर्ष 2010-11 के लिए मौद्रिक नीति वक्तव्य में दी गई घोषणा के परिणामस्वरूप, बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं के लिए होल्डिंग कंपनी संरचना प्रारंभ करने तथा विधायी और विनियामक फ्रेमवर्क में परिवर्तनों की जांच करने के लिए जून 2010 में एक कार्य बल गठित किया गया (अध्यक्षः श्रीमती श्यामला गोपीनाथ)। इस दल में भारत सरकार, रिज़र्व बैंक, सेबी, आईआरडीए, आईबीए तथा कुछ बैंकों के प्रतिनिधि थे। सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए कार्यदल की रिपोर्ट मई 2011 में रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर रखी गई। रिपोर्ट भारत सरकार को विचारार्थ भेज दी गई है।

3.32 कार्यदल ने बैंकों तथा सभी बड़े वित्तीय समूहों के लिए अधिमानतः फिनैन्शियल होल्डिंग कंपनी (एचडीएफसी) माडल की सिफारिश की है चाहे उनके पास बैंक हो या नहीं। एफएचसी मुख्यतया एक गैर परिचालन संस्था होगी और सहायक संस्थाओं के माध्यम से सभी वित्तीय गतिविधियां करेगी। एफएचसी विविधीकृत होगी और कड़े स्वामित्व तथा अधिशासन मानदंडों के अधीन होगी। स्वामित्व संबंधी प्रतिबंध या तो एफएचसी के स्तर पर या संस्था के स्तर पर होंगे, जिसका आधार होगा कि प्रमोटर, जहां विधि द्वारा ऐसा अनुमत है, सहायक संस्थाओं में प्रमुख नियंत्रण रखने के इच्छुक हैं।

3.33 कार्यदल ने यह पाया कि बैंक सब्सिडियरी माडल की तुलना में जहां मूल बैंक के लिक्विडेशन से सहायक संस्थाओं का लिक्विडेशन करना आवश्यक हो जाएगा, एफएचसी माडल से वित्तीय समूहों का बेहतर पर्यवेक्षण हो पाएगा और विभिन्न संस्थाओं का बेहतर समाधान हो पाएगा।

3.34 प्रणालीगत चिंताओं का समाधान करने के लिए, कार्यदल ने एफएचसी स्तर पर समेकित पर्यवेक्षण की संकल्पना व्यक्त की है जिसे वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों के बीच सहमति ज्ञापनों के माध्यम से औपचारिक रूप दिया जाएगा। एफएचसी विनियमन का कार्य रिज़र्व बैंक में ही एक अलग इकाई द्वारा किया

जाएगा। इसमें रिज़र्व बैंक से तथा अन्य विनियामकों का स्टाफ होगा। एफएचसी माडल को पूरी तरह से परिचालित करने के लिए, यह सिफारिश की गई है कि एफएचसी का विनियमन करने के लिए एक अलग कानून बनाया जाए और साथ ही, जहां आवश्यक हो, सरकारी क्षेत्र के बैंकों, कंपनी अधिनियम तथा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के संबंध में भी कानूनों में संशोधन किया जाए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न कराधान प्रावधानों में यथोचित संशोधन करने आवश्यक होंगे ताकि बैंक सब्सिडियरी माडल से एफएचसी माडल में परिवर्तन होने पर, यह कर तथा स्टांप शुल्क निरपेक्ष हो जाए।

3.35 तथापि, पुरानी परिपाटी संबंधी मुद्दों और विनियामक तथा कानूनी प्रावधानों की बहुलता के कारण, भारत में एफएचसी माडल के कार्यान्वयन में बहुत सी चुनौतियां हैं। कुछ प्रमुख चुनौतियां निम्नानुसार हैं:

6.6 मार्च 2011 के अंत में, रिज़र्व बैंक के विनियमन के अंतर्गत पांच वित्तीय संस्थाएं अर्थात् एक्जिम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी, सिडबी तथा आईआईबीआई थीं। इनमें से वित्तीय चार संस्थाएं (अर्थात एक्जिम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी तथा सिडबी) रिज़र्व बैंक के पूर्णतः विनियमन और पर्यवेक्षण के अधीन हैं। 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार आईआईबीआई स्वैच्छिक समापन की प्रक्रिया में है। रिज़र्व बैंक ने सितंबर 2010 में नाबार्ड में अपनी 71.5 प्रतिशत पूंजीगत स्टेक होल्डिंग भारत सरकार को हस्तांतरित कर दी (सारणी VI.1)। भारत सरकार ने अप्रैल 2010 में एनएचबी में रिज़र्व बैंक के स्वामित्व और शेयरहोल्डिंग को भारत सरकार को हस्तांतरित करने में अपनी सहमति दी और इस बात पर भी सहमति दी कि आवास वित्त कंपनियों के पंजीकरण और विनियामक कार्यकलापों को एनएचबी से रिज़र्व बैंक के पास हस्तांतरित किया जाए और पर्यवेक्षण संबंधी कार्यकलाप एनएचबी के पास रहें।

6.7 वर्ष 2010-11 के दौरान, एनएचबी और एक्जिम बैंक द्वारा उधार की समग्र अपेक्षा को पूरा करने में हो रही मुश्किलों को देखते हुए 'उधार लेने की उनकी कुल सीमा' को एक वर्ष के लिए उनकी निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ) के 10 गुणे से बढ़ाकर एनओएफ के 11 गुणा कर दिया गया (एनएचबी के लिए 30 सितंबर 2011 और एक्जिम बैंक के लिए 31 मार्च 2012 तक) और यह समीक्षा के अधीन था। इसके अलावा एनएचबी, सिडबी और एक्जिम बैंक केअल्पावधि उधार की अपेक्षा को पूरा करने में हो मुश्किलों को देखते हुए एक वर्ष के लिए अर्थात् 30 जून 2012 तक 'अम्ब्रेला सीमा' के तहत उनकी उधार की सीमा को उनके निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ) के 100 प्रतिशत से बढ़ाकर एनओएफ के 150 प्रतिशत कर दिया गया और

सारणी VI.1: वित्तीय संस्थाओं के स्वामित्व का स्वरूप

(31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार)

संस्था	स्वामित्व	प्रतिशत
1	2	3
एक्जिम बैंक	भारत सरकार	100
नाबार्ड*	भारत सरकार	99
	भारतीय रिज़र्व बैंक	1
एनएचबी	भारतीय रिज़र्व बैंक	100
सिडबी**	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	72.2
	बीमा कंपनियां	21.4
	वित्तीय संस्थाएं	6.4

* भारत सरकार के दिनांक 16 सितंबर, 2010 की अधिसूचना के अनुसार 16 सितंबर, 2010 से नाबार्ड की ईक्विटी में भारत सरकार और रिज़र्व बैंक की हिस्सेदारी क्रमशः 99% और 1% है।

** सिडबी में आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (19.2 प्रतिशत), भारतीय स्टेट बैंक (15.2 प्रतिशत), और भारतीय जीवन बीमा निगम (14.4 प्रतिशत) तीन बड़े शेयरधारक हैं।

यह समीक्षा के अधीन था। बैंकों को अग्रिम, अग्रिम पुनर्निधारण, निवेश संविभाग आदि के संबंध में आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण पर जारी किए गए विवेकपूर्ण मानदंड दिशानिर्देशों को चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं पर भी लागू किया गया।

वित्तीय संस्थाओं के कार्यकलाप

6.8 2010-11 के दौरान वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत और संवितरित वित्तीय सहायता में थोड़ी गिरावट हुई। ऐसा निवेश संस्थाओं विशेष रूप से भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा की गई स्वीकृति और संवितरण में आई गिरावट के चलते हुआ (सारणी VI.2 और परिशिष्ट सारणी VI.1)।

वित्तीय संस्थाओं की आस्तियां और देयताएं

6.9 2010-11 के दौरान वित्तीय संस्थाओं के समेकित तुलनपत्रों में विस्तार हुआ। देयता पक्ष में, 'बांडों तथा डिबेंचरों' के साथ जमाराशियां उधार की प्रमुख स्रोत रहीं। तथापि, 'अन्य स्रोतों' से जुटाए गए संसाधनों में गिरावट देखी गई। आस्ति पक्ष में, उधार तथा अग्रिम एकल बड़े घटक बने रहे जिनका वित्तीय संस्थाओं की कुल आस्तियों में हिस्सा चार बटा पांच था और 2010-11 में इसमें 16.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई (सारणी VI.3)।

वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गए संसाधन

6.10 वित्तीय संस्थाओं द्वारा वर्ष 2010-11 के दौरान पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अधिक संसाधन जुटाए गए। वर्ष 2010-11 में पिछले वर्ष के मुकाबले सभी घटकों दीर्घावधि, अल्पावधि और विदेशी मुद्रा संसाधनों में तेज वृद्धि देखी गई। चारों वित्तीय संस्थाओं में एनएचबी ने सबसे अधिक संसाधन जुटाए जिसके बाद नाबार्ड, एक्जिम बैंक और सिडबी का क्रम आता है (सारणी VI.4)।

6.11 वित्तीय संस्थाओं ने विभिन्न लिखतों जैसे वाणिज्यिक पत्र (सीपी), जमा प्रमाणपत्र (सीडी) तथा मीयादी जमाराशियों के माध्यम से मुद्रा बाजार से संसाधन जुटाए। 2010-11 में वित्तीय संस्थाओं द्वारा वाणिज्यिक पत्र के माध्यम से जुटाए गए संसाधनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई (सारणी VI.5)। इसके परिणामस्वरूप, 2010-11 में वित्तीय संस्थाओं द्वारा मुद्रा बाजार से जुटाए गए कुल संसाधनों में 70 प्रतिशत से अधिक हिस्से के साथ वाणिज्यिक पत्र सबसे महत्त्वपूर्ण एकल माध्यम के रूप में उभरकर सामने आया। वित्तीय संस्थाओं को अधिदेश है कि वे स्वीकृत समग्र सीमा के अंतर्गत संसाधन जुटाएं। यद्यपि 2010-11 में सिडबी द्वारा मुद्रा बाजार से 8,137 करोड़ रुपए के कुल संसाधन जुटाए गए, तब भी वर्ष के दौरान किसी भी समय इस लिखत के तहत बकाया राशि समग्र सीमा से अधिक नहीं हुई। चूंकि वाणिज्यिक पत्र मुद्रा बाजार की एक अल्पावधि लिखत है, इसलिए वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थाएं अक्सर इसके जरिए संसाधन जुटाती रहीं, जिसके चलते वाणिज्यिक पत्र के माध्यम से जुटायी गयी संचयी राशि का स्तर उच्चतर था।

निधियों के स्रोत तथा उपयोग

6.12 2010-11 में वित्तीय संस्थाओं की निधियों के स्रोत/अभिनियोजन में थोड़ी गिरावट आई। वित्तीय संस्थाओं ने आंतरिक रूप से अधिक निधियां जुटाईं और इसके बाद बाह्य स्रोतों का स्थान आता है। वित्तीय संस्थाओं की निधियों में 'अन्य स्रोतों' का भाग काफी कम है। मुख्य रूप से वैश्विक वित्तीय बाजार में व्याप्त अनिश्चितता

सारणी VI.2: वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत और संवितरित वित्तीय सहायता

(राशि करोड़ रुपए में)

श्रेणी	राशि				घटबढ़ प्रतिशत	
	2009-10		2010-11		2010-11	
	स्वी	संवि	स्वी	संवि	स्वी	संवि
1	2	3	4	5	6	7
(i) अखिल भारतीय सावधि ऋणदात्री संस्थाएं*	42,552	37,987	55,432	47,224	30.3	24.3
(ii) विशेषीकृत वित्तीय संस्थाएं#	590	320	882	509	49.5	59.1
(iii) निवेश संस्थाएं@	63,637	53,762	45,155	40,231	-29.0	-25.2
एफआई द्वारा कुल सहायता (i+ii+iii)	**106,779**	**92,069**	**101,469**	**87,964**	**-5.0**	**-4.5**

स्वी: स्वीकृत। संवि: संवितरित *: आईएफसीआई, सिडबी और आईआईबीआई के संबंध में। #: आईवीसीएफ: आईसीआईसीआई वेंचर और टीएफसीआई के संबंध में।
@: एलआईसी और जीआईसी तथा भूतपूर्व सब्सिडियरी (एनआईए, यूआईआईसी और ओआईसी) के संबंध में।
टिप्पणी: सभी आंकड़े अनंतिम हैं।
स्रोत: संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

सारणी VI.3: वित्तीय संस्थाओं की देयताएं और आस्तियां

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2010	2011	घटबढ़ प्रतिशत
1	2	3	4
देयताएं			
1. पूंजी	4,600	4,900	6.5
	(1.8)	(1.7)	
2. आरक्षित निधि	39,556	42,612	7.7
	(15.9)	(14.7)	
3. बांड और डिबेंचर	71,011	90,097	26.9
	(28.5)	(31.0)	
4. जमाराशियां	79,472	92,782	16.7
	(31.9)	(31.9)	
5. उधार राशियां	35,307	42,681	20.9
	(14.2)	(14.7)	
6. अन्य देयताएं	19,037	17,544	-7.8
	(7.6)	(6.0)	
कुल देयताएं/आस्तियां	**2,48,983**	**2,90,616**	**16.7**
आस्तियां			
1. नकद और बैंक शेष	3,694	5,814	57.4
	(1.5)	(2.0)	
2. निवेश	8,676	11,802	36.0
	(3.5)	(4.1)	
3. ऋण और अग्रिम	2,14,671	2,50,238	16.6
	(86.2)	(86.1)	
4. भुनाए/पुनर्भुनाए गए बिल	2,668	3,542	32.8
	(1.1)	(1.2)	
5. अचल आस्तियां	553	537	-2.7
	(0.2)	(0.2)	
6. अन्य आस्तियां	18,722	18,682	-0.2
	(7.5)	(6.4)	

टिप्पणी: i. ये आंकड़े चार एफआई यथा - एक्जिम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी और सिडबी के हैं।
ii. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल देयताओं/आस्तियों के प्रति प्रतिशत दर्शाते हैं।

स्रोत: i. संबंधित एफआई के तुलनपत्र। ii.30 जून 2011 की स्थिति के अनुसार एनएचबी की गैर लेखापरीक्षित ऑफ-साइट विवरणियां।

के चलते 2010-11 में एक ओर जहां आंतरिक स्रोतों से जुटाई गई निधियों में वृद्धि हुई, वहीं दूसरी ओर बाह्य स्रोतों में गिरावट आई। जुटाई गई निधियों के अधिकांश भाग का उपयोग नए अभिनियोजन के

सारणी VI.5: वित्तीय संस्थाओं द्वारा मुद्रा बाजार से जुटाए गए संसाधन

(मार्च 2011 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

लिखत	नाबार्ड	सिडबी@	एनएचबी	एक्जिम	कुल
1	2	3	4	5	6
क. कुल	**7,103**	**8,137**	**2,621**	**1,538**	**19,398**
i) सावधि जमाराशियां	48	2,179	249	71	2,548
ii) सावधि मुद्रा	110	-	-	-	110
iii) अंतर-कारपोरेट जमाराशियां	-	-	-	-	-
iv) जमा प्रमाणपत्र	137	-	-	4	141
v) वाणिज्यिक पत्र	6,448	5,958	0.0	1,462	13,867
vi) बैंकों से अल्पावधि ऋण	360	-	2,372	-	2,732
ख. अंब्रेला सीमा	**12,675**	**5,610**	**3,277**	**4,408**	
ग. अंब्रेला सीमा का उपयोग ('ख' के प्रतिशत के रूप में 'क')	**56.0**	**145.1**	**7.6**	**60.1**	

- : शून्य/नगण्य

स्रोत: वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गए संसाधन संबंधी पाक्षिक विवरणी।

लिए किया गया और इसके बाद इससे पुराने उधारियों की चुकौती की गई। वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस निधि के कुछ ही भाग का उपयोग ब्याज भुगतान के लिए किया गया। वर्ष के दौरान अन्य अभिनियोजन में तेज वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पिछले उधारियों की चुकौती में गिरावट देखी गई (सारणी VI.6)।

उधार लेने और देने की लागत और परिपक्वता

6.13 जुटाए गए रुपया संसाधनों की औसत भारित लागत में हर स्तर पर वृद्धि हुई (सारणी VI.7)। वर्ष के दौरान एनएचबी को छोड़कर वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गए रुपए संसाधनों की औसत भारित परिपक्वता में भी वृद्धि हुई। एनएचबी ने वर्ष के दौरान अपनी

सारणी VI.4: वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गए संसाधन

(राशि करोड़ रुपए में)

संस्था	जुटाए गए कुल संसाधन								कुल बकाया (मार्च के अंत में)	
	दीर्घावधि		अल्पावधि		विदेशी मुद्रा		कुल			
	2009-10	2010-11	2009-10	2010-11	2009-10	2010-11	2009-10	2010-11	2009-10	2010-11
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
एक्जिम बैंक	8,150	11,132	5,052	1,538	5,193	11,083	18,395	23,752	40,509	47,192
नाबार्ड	16	9,741	12,330	18,532	-	-	12,346	28,273	24,922	33,891
एनएचबी	7,518	7,538	10,306	29,458	-	-	17,824	36,996	10,598	10,918
सिडबी	13,253	9,977	11,500	2,285	987	1,226	25,740	13,489	30,186	34,090
कुल	**28,937**	**38,388**	**39,188**	**51,813**	**6,180**	**12,309**	**74,305**	**1,02,510**	**1,06,215**	**1,26,091**

-: शून्य/नगण्य

टिप्पणी : दीर्घावधि रुपया संसाधनों में बांड/डिबेंचर से जुटाई गई उधार राशियां सम्मिलित हैं; और अल्पावधि संसाधनों में सीपी, सावधि जमाराशियां, आईसीडी, सीडी और सावधि मुद्रा से प्राप्त उधार राशियां सम्मिलित हैं। विदेशी मुद्रा संसाधनों में आम तौर पर अंतरराष्ट्रीय बाजार के बांड और उधार राशियां सम्मिलित हैं।

स्रोत: संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

मूल उधार दर (पीएलआर) में वृद्धि किया, जबकि एक्जिम बैंक और सिडबी ने इसमें कोई बदलाव नहीं किया (सारणी VI.8)।

वित्तीय संस्थाओं का वित्तीय निष्पादन

6.14 वर्ष 2010-11 में वित्तीय संस्थाओं के परिचालनिक लाभ और निवल लाभ में कमी के चलते उनके वित्तीय निष्पादन में गिरावट हुई। वर्ष के दौरान मुख्य रूप से वेतन संशोधन के चलते परिचालनिक खर्चे में तेज वृद्धि हुई। तथापि, वित्तीय संस्थाओं के ब्याज आय में 15.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई (सारणी VI.9)। चारों वित्तीय संस्थाओं में से एक्जिम बैंक के मामले में आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) सबसे अधिक बना रहा जिसके बाद एनएचबी और सिडबी का स्थान था (सारणी VI.10)।

सुदृढ़ता के संकेतक: आस्ति गुणवत्ता

6.15 2010-11 में समग्र स्तर पर वित्तीय संस्थाओं की निवल अनर्जक आस्तियों की राशि में पिछले वर्ष के मुकाबले वृद्धि हुई। निवल अनर्जक आस्तियों में हुई वृद्धि केवल सिडबी के कारण थी, जबकि

सारणी VI.6: वित्तीय संस्थाओं की निधियों के स्रोतों और नियोजन की प्रवृत्ति

(मार्च 2011 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद		2010	2011	घटबढ़ प्रतिशत
1		2	3	4
क.	**निधियों का स्रोत (i+ii+iii)**	**3,02,610 (100)**	**2,97,784 (100)**	**-1.6**
	(i) आंतरिक	1,56,733 (51.8)	1,63,197 (54.8)	4.1
	(ii) बाह्य	1,26,813 (41.9)	1,19,072 (40.0)	-6.1
	(iii) अन्य@	19,065 (6.3)	15,515 (5.2)	-18.6
ख.	**निधियों का नियोजन (i+ii+iii)**	**3,02,610 (100)**	**2,97,784 (100)**	**-1.6**
	(i) नए नियोजन	1,71,922 (56.8)	1,74,674 (58.7)	1.6
	(ii) भूतकाल की उधार राशियों की चुकौती	1,15,015 (38.0)	83,971 (28.2)	-27.0
	(iii) अन्य नियोजन	15,673 (5.2)	39,139 (13.1)	149.7
	जिनमें से:			
	ब्याज का भुगतान	16,561 (5.5)	14,227 (4.8)	-14.1

टिप्पणी: एक्जिम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी और सिडबी।
@: बैंकों के पास रखी नकदी और शेष, रिज़र्व बैंक और अन्य बैंकों के पास रखी शेष राशियां सम्मिलित हैं।
कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल के प्रति प्रतिशत दर्शाते हैं।
स्रोत: संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

सारणी VI.7: चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गए रुपया संसाधनों की भारित औसत लागत और परिपक्वता

संस्था	औसत लागत (प्रतिशत)		भारित औसत परिपक्वता (वर्ष)	
	2009-10	2010-11	2009-10	2010-11
1	2	3	4	5
एक्जिम बैंक	7.1	8.4	1.9	2.9
सिडबी	6.0	7.0	2.4	2.5
नाबार्ड	4.4	7.1	0.3	1.1
एनएचबी	6.2	7.2	4.7	2.5

टिप्पणी: आंकड़े अनंतिम हैं।
स्रोत: संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

नाबार्ड के मामले में थोड़ी गिरावट हुई। यदि चारों वित्तीय संस्थाओं को उनकी निवल अनर्जक आस्तियों के आरोही क्रम में रखा जाए तो सिडबी सबसे अधिक निवल अनर्जक आस्तियों के साथ शीर्ष पर होगा जबकि शून्य एनपीए के साथ एनएचबी सबसे नीचे होगा। इसके अलावा, सिडबी का अनर्जक आस्ति अनुपात (निवल उधारियों के प्रतिशत के रूप में एनपीए) सबसे अधिक था जिसके बाद एक्जिम बैंक का स्थान आता है। (सारणी VI.11 और चार्ट VI.1)

6.16 एक्जिम बैंक के अवमानक आस्तियों में काफी अधिक वृद्धि हुई। तथापि, वर्ष के दौरान संदिग्ध और हानि वाली आस्तियां कम हुईं। नाबार्ड के मामले में, अवमानक आस्तियां शून्य स्तर तक आ गईं, लेकिन उनकी संदिग्ध आस्तियों में वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान सिडबी की अवमानक और संदिग्ध आस्तियों में काफी अधिक वृद्धि हुई। 2010-11 में चारों वित्तीय संस्थाओं की अवमानक आस्तियों को एक-साथ मिलाकर देखने पर उनकी अवमानक आस्तियों में तेज वृद्धि दिखती है (सारणी VI.12)।

पूंजी पर्याप्तता

6.17 2010-11 में एनएचबी और सिडबी के मामले में सीआरएआर के अनुसार उनके पूंजी पर्याप्तता में वृद्धि हुई, जबकि एक्जिम बैंक और नाबार्ड के पूंजी पर्याप्तता में गिरावट हुई। तथापि, यह उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वित्तीय संस्थाओं का सीआरएआर

सारणी VI.8: चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं की दीर्घावधि पीएलआर संरचना

(प्रतिशत)

प्रभावी	एनएचबी	एक्जिम बैंक	सिडबी
1	2	3	4
मार्च 2010	10.25	14.00	11.00
मार्च 2011	10.50	14.00	11.00

स्रोत: संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

सारणी VI.9: चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं का वित्तीय निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

	2009-10	2010-11	घटबढ़	
	कुल	कुल	राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
क. आय	**15,624**	**17,965**	**2,340**	**15.0**
अ) ब्याज आय	15,147	17,485	2,338	15.4
	(96.9)	(97.3)		
आ) गैर-ब्याज आय	478	480	2.4	0.5
	(3.1)	(2.7)		
ख. व्यय	**10,492**	**13,337**	**2,846**	**27.1**
अ) ब्याज व्यय	9,611	11,862	2,251	23.4
	(91.6)	(88.9)		
आ) परिचालन व्यय	880	1,475	595	67.6
	(8.4)	(11.1)		
जिनमें से: वेतन बिल	468	1,095	627	134.1
ग. कराधान के लिए प्रावधान	**1,559**	**1,255**	**-304**	**-19.5**
घ. लाभ				
परिचालन लाभ (पीबीटी)	4,332	3,808	-524	-12.1
निवल लाभ (पीएटी)	2,773	2,554	-219	-7.9
ङ. वित्तीय अनुपात @				
परिचालन लाभ	1.9	1.4		
निवल लाभ	1.2	0.9		
आय	6.7	6.7		
ब्याज आय	6.5	6.5		
अन्य आय	0.2	0.2		
व्यय	4.5	4.9		
ब्याज व्यय	4.1	4.4		
अन्य परिचालन व्यय	0.4	0.5		
वेतन बिल	0.2	0.4		
प्रावधान	0.7	0.5		
स्प्रेड (विशुद्ध ब्याज आय)	2.4	2.1		

@: औसत कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल आय/व्यय में प्रतिशत हिस्सा दर्शाते हैं।
स्रोत: i) संबंधित एफआई के वार्षिक लेखा विवरण।
ii) 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार एक्जिम बैंक, नाबार्ड और सिडबी की लेखा परीक्षित/गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।
iii) 30 जून 2011 की स्थिति के अनुसार एनएचबी की गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।

निर्धारित न्यूनतम 9 प्रतिशत के मानदंड से काफी अधिक था (सारणी IV.13)। विशेष रूप से सिडबी का सीआरएआर अधिक था जो इस

सारणी VI.11: वित्तीय संस्थाओं की निवल अनर्जक आस्तियां

(मार्च 2011 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

संस्था	निवल अनर्जक आस्तियां	
	2010	2011
1	2	3
एक्जिम बैंक	78	93
नाबार्ड	33	30
एनएचबी*	-	-
सिडबी	69	132
सभी वित्तीय संस्थाएं (एफआई)	180	255

- : शून्य/नगण्य
*: ऑसमॉस विवरणियों के अनुसार जून के अंत में स्थिति।
स्रोत: 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार एक्जिम बैंक, नाबार्ड और सिडबी की लेखा-परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां और 30 जून 2011 की स्थिति के अनुसार एनएचबी की गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।

बात का संकेत देता है कि इस पूंजी का उपयोग ऋण के और आगे विस्तार हेतु करने की गुंजाइश है।

3. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां

6.18 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को उनकी देयताओं के प्रकार, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यकलापों के प्रकार और प्रणालीगत रूप से उनके महत्त्वपूर्ण होने के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। देयताओं के आधार पर इनकी दो श्रेणियां हैं- (i) श्रेणी 'क' कंपनियां (सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार और धारण करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां अर्थात् एनबीएफसी-डी) और (ii) श्रेणी 'ख' कंपनियां (सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार न करने वाली और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां अर्थात् एनबीएफसी-एनडी)। एनबीएफसी-डी पर पूंजी पर्याप्तता आवश्यकता, चलनिधि आस्ति बनाए रखना, एक्सपोजर मानदंड (जिसमें भूमि, भवन और निर्दिष्ट भाववाले शेयरों में निवेश पर प्रतिबंध शामिल है), आस्ति देयता प्रबंधन और रिपोर्टिंग

सारणी VI.10:वित्तीय संस्थाओं के चुनिंदा वित्तीय मानदंड

(मार्च 2011 के अंत में)

(प्रतिशत)

संस्था	ब्याज आय/औसत कार्यकारी निधि		गैर-ब्याज आय/औसत कार्यकारी निधि		परिचालनात्मक लाभ/औसत कार्यकारी निधि		औसत आस्ति पर प्रतिलाभ		प्रति कर्मचारी निवल लाभ (करोड़ रुपए में)	
	2010	2011	2010	2011	2010	2011	2010	2011	2010	2011
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
एक्जिम बैंक	6.28	6.54	0.29	0.46	1.75	2.21	1.13	1.15	2.21	2.39
नाबार्ड	6.19	6.22	0.10	0.10	1.80	1.25	1.23	0.88	0.33	0.27
एनएचबी*	7.27	7.74	0.17	0.04	2.14	1.72	1.35	1.11	3.15	3.21
सिडबी	8.42	8.11	0.62	0.35	4.32	3.00	1.15	1.09	0.41	0.50

*: जून 2011 के अंत की स्थिति के अनुसार।
स्रोत: वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत विवरण।

चार्ट VI.1: निवल अनर्जक आस्तियां/निवल ऋण
(मार्च के अंत में)



टिप्पणी: एनएचबी की अनर्जक आस्तियां नहीं हैं।

आवश्यकताएं लागू हैं। एनबीएफसी-एनडी न्यूनतम विनियमन के अधीन हैं क्योंकि वे ऐसी निकायें हैं जो जमाराशि स्वीकार नहीं करती हैं और उन्हें वित्तीय स्थिरता के लिए कम खतरे के रूप में देखा जाता है। तथापि, इस खंड के बढ़ते महत्त्व और बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं के साथ इनके अंतर्संबद्धों को पहचानते हुए (बॉक्स VI.1)जमाराशि स्वीकार न करने वाली बड़ी और प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर 1 अप्रैल 2007 से पूंजी पर्याप्तता, एक्सपोजर मानदंड, एएलएम प्रबंधन और रिपोर्टिंग आवश्यकता लागू किए गए; ऐसी संस्थाओं को प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण एनबीएफसी-एनडी के रूप में परिभाषित किया गया।

6.19 कार्यकलाप के आधार एनबीएफसी को पांच श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है: (i) ऋण कंपनियां (एलसी); (ii) निवेश कंपनियां (आईसी); (iii) आस्ति वित्त कंपनियां (एएफसी); (iv) बुनियादी ढांचा वित्त कंपनियां (आईएफसी) और (v) प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण कोर निवेश कंपनियां (सीआईसी-एनडी-एसआई)। ऐसी कंपनियां जिनके आस्ति का आकार 100 करोड़ रुपए या इससे अधिक था और जिनका मुख्य कारोबार केवल ग्रुप प्रतिष्ठानों में स्टेक धारण करने के प्रयोजन से उनमें निवेश करना था तथा जो इन प्रतिभूतियों न ट्रेडिंग करती थीं और न ही जनता से जमाराशि स्वीकार करती थीं, उनके लिए अगस्त 2010 में सीआईसी-एनडी-एसआई नामक एक नई श्रेणी बनाई गई । सीआईसी-एनडी-एसआई के लिए समायोजित नेटवर्थ और लीवरेज सीमा के रूप में एक विनियामक ढांचा लागू किया गया और उन्हें एनओएफ, पूंजी पर्याप्तता और एक्सपोजर मानदंडों से छूट दी गई।

सारणी VI.13: चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं की जोखिम (भारित) आस्ति की तुलना में पूंजी अनुपात
(मार्च 2011 के अंत में)

(प्रतिशत)

संस्था	2010	2011
1	2	3
एक्जिम बैंक	18.5	17.2
नाबार्ड	24.9	21.8
एनएचबी *	19.6	20.5
सिडबी	30.2	31.6

*: ऑसमॉस विवरणियों के अनुसार जून अंत की स्थिति।
स्रोत: 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार एक्जिम बैंक, नाबार्ड और सिडबी की लेखा-परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां और 30जून 2011 की स्थिति के अनुसार एनएचबी की गैर-लेखा परीक्षित ऑसामॉस विवरणियां।

6.20 एनबीएफसी-एनडी-एसआई और साथ ही जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी के स्वामित्व के स्वरूप से मालूम होता है कि ये कंपनियां मुख्य रूप से गैर-सरकारी कंपनियां (प्रकृति के अनुसार पब्लिक लिमिटेड कंपनियां) थीं। मार्च 2011 के अंत में एनबीएफसी-एनडी-एसआई और जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी कंपनियों में गैर-सरकारी कंपनियों का प्रतिशत क्रमशः 97.2 प्रतिशत और 97.0 प्रतिशत था, जबकि सरकारी कंपनियों की

सारणी VI.12: वित्तीय संस्थाओं का आस्ति वर्गीकरण

(राशि करोड़ रुपए में)

संस्था	मानक		अवमानक		संदिग्ध		घाटा	
	2010	2011	2010	2011	2010	2011	2010	2011
1	2	3	4	5	6	7	8	9
एक्जिम बैंक	38,958	45,563	62	197	301	246	50	36
नाबार्ड	1,20,487	1,39,459	7	-	44	68	-	1
एनएचबी *	19,837	22,582	-	-	-	-	-	-
सिडबी	37,892	45,922	75	143	2	136	-	-
सभी वित्तीय संस्थाएं	**2,17,173**	**2,53,525**	**144**	**339**	**347**	**450**	**50**	**37**

- : शून्य/नगण्य *: ऑसमॉस विवरणी के अनुसार जून 2011 के अंत में स्थिति।
स्रोत: 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार एक्जिम बैंक, नाबार्ड और सिडबी की लेखा-परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां और 30 जून 2011 की स्थिति के अनुसार एनएचबी की गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।

बॉक्स VI.1: भारत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और बैंकों के बीच अंतर्संबद्धता

विगत कुछ समय से, बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां दोनों ही भारत की वित्तीय प्रणाली का महत्त्वपूर्ण अंग बन गई हैं। हाल के वैश्विक वित्तीय संकट (2007-09) के आलोक में, बैंकिंग प्रणाली और एनबीएफआई के बीच सांठ-गांठ को लेकर गैर-बैंकिंग वित्तीय मध्यवर्ती संस्थाओं की भूमिका रेखांकित की गई है। सामान्य रूप से, एनबीएफआई बैंकिंग प्रणाली की तुलना में अधिक जोखिम लेने वाली संस्थाओं के रूप में जाने जाते हैं। परंपरागत रूप से, बैंकों के गैर-बैंकिंग क्षेत्रों की ओर बढ़ने संबंधी चर्चा कुछ गतिविधियों, *उदाहरणार्थ,* बीमा, निवेश बैंकिंग आदि के इर्द-गिर्द घूमती है। बहरहाल, हाल के वैश्विक संकट ने इस चर्चा को आगे ले जाते हुए इसमें एनबीएफआई के साथ बैंकिंग प्रणाली की अंतर्संबद्धता को शामिल कर लिया है क्योंकि अत्यधिक अंतर-संस्थागत एक्सपोजर से वित्तीय प्रणाली को खतरा हो सकता है।

जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी में बैंकों का एक्सपोजर

जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी के मामले में, यह उल्लेख करना प्रासंगिक है, कि मार्च 2011 के अंत में उनकी कुल देयताओं में बकाया सार्वजनिक जमाराशियां घटकर महज लगभग 3.5 प्रतिशत रह गईं, जबकि मार्च 2001 के अंत में ये 20.9 प्रतिशत थीं। जमाराशि स्वीकार करने वाली कंपनियों पर विवेकपूर्ण विनियामक मानदंड कठोर होने के साथ ही सार्वजनिक जमाराशि के बदले मुख्य रूप से उधारियों पर भरोसा बढ़ने लगा। उनकी निधियों के स्रोतों के गहन विश्लेषण से मालूम होता है कि मार्च 2011 के अंत में उनकी कुल देयाताओं में (जो मार्च 2001 के अंत में 31.0 प्रतिशत से बढ़ गईं) उनकी कुल उधारियों का हिस्सा लगभग 66.2 प्रतिशत है। महत्त्वपूर्ण रूप से, उनकी कुल उधारियों का लगभाग आधा भाग बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से आता है, जो वित्तीय प्रणाली के भीतर गहन वित्तीय अंतर्संबद्धता को दर्शाने के साथ-साथ वित्तीय प्रणाली के उच्च प्रणालीगत जोखिम को भी रेखांकित करता है।

बैंकिंग प्रणाली एनबीएफसी को मिलने वाले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों निधियों के प्रमुख स्रोत प्रतीत होते हैं। हाल तक, एनबीएफसी को सीधे उधार देने में बैंकों को फायदा होता था क्योंकि बैंकों द्वारा इस प्रकार दिए गए ऋण को उनके 'प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र' ऋण में शामिल करने की अनुमति थी। अप्रत्यक्ष रूप से, बैंक एनबीएफसी द्वारा जारी डिबेंचर और वाणिज्यिक पत्र खरीदकर उन्हें निधि प्रदान करते हैं।

एनबीएफसी द्वारा विशेष रूप से बैंकिंग प्रणाली से लिए गए अधिक उधार की वजह से उनकी चलनिधि स्थिति को लेकर कुछ चिंताएं उठी हैं। ये चिंताएं और भी गंभीर हो जाएंगी यदि संकट या संकट जैसी स्थिति के समय बैंक की खुद की चलनिधि स्थिति तंग हो जाती है।

प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण जमाराशि स्वीकार न करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी-एनडी-एसआई)

एनबीएफसी-एनडी में से 100 करोड़ रुपए या इसके अधिक आस्ति आकार वाली बड़ी एनबीएफसी जिन्हें प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी-एनडी-एसआई) के रूप में परिभाषित किया गया है, वे भी अपने संसाधनों के लिए बैंकिंग प्रणाली पर निर्भर होते देखे गए। चूंकि ये एनबीएफसी सार्वजनिक जमाराशियां नहीं लेती हैं, इसलिए एनबीएफसी-डी की तुलना में इन पर लागू विनियमन कम कठोर हैं। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद, विश्व भर में विनियामकों का ध्यान प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं (सिफि) की ओर बढ़ा है। तदनुसार, भारत में भी एनबीएफसी-एनडी-एसआई के विवेकपूर्ण विनियमन को एनबीएफसी-डी के समतुल्य लाने की प्रक्रिया जारी है।

किसी भी स्थिति में, यह समझने करने की जरूरत है कि यदि एनबीएफसी अपने संसाधनों के लिए बैंकिंग प्रणाली पर काफी अधिक निर्भर हो जाते हैं तब इससे संकट के समय न केवल बैंकों पर दबाव बढ़ेगा बल्कि खुद एनबीएफसी के लिए भी खतरा हो सकता है क्योंकि चलनिधि संकट या आसन्न संकट के समय बैंक काफी संवेदनशील हो सकते हैं और या तो वे एनबीएफसी को उधार देने में काफी अनिच्छा दिखाने लगते हैं या चरम स्थिति में वे एनबीएफसी को पूरी तरह उधार देना बंद कर देते हैं जिससे अस्थिरता की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। इस दिशा में हाल का वैश्विक संकट एक संकेतक है।

चूंकि बैंक और एनबीएफसी विनियामक और लागत प्रोत्साहन ढांचे के लिहाज से एक जैसे नहीं होते हैं और एनबीएफसी आगे ऋण देने के लिए बैंकों से उधार लेते हैं, इसलिए यह सुनिश्चत करने के लिए कि बैंक के जमाकर्ताओं को अप्रत्यक्ष रूप से किसी अलग-अलग लागत-प्रोत्साहन ढांचे से जोखिम नहीं है, पर्याप्त जांच बिंदू और संतुलन स्थापित करना आवश्यक है।

बैंकिंग प्रणाली से भिन्न, एनबीएफसी पर पूंजी बाजार संबंधी कार्य संपादित करने में कोई अधिकतम सीमा भी नहीं है। इसके अलावा, बैंकिंग क्षेत्र पर लागू विनियमन के मुकाबले एनबीएफसी पर सामान्य तौर पर कम कठोर विनियमन लागू हैं, तथापि विगत कुछ समय से एनबीएफसी पर लागू विनियामक मानदंडों को बैंकिंग प्रणाली के समतुल्य लाने की दिशा में सारगर्भित प्रगति हुई है।

उपर्युक्त के आलोक में, एनबीएफसी द्वारा सार्वजनिक जमाराशि के बदले बैंकिंग प्रणाली से अधिक उधार लेना प्रणालीगत अंतर्संबद्धता के दृष्टिकोण से चिंताजनक प्रतीत होता है।

हिस्सेदारी मार्च 2011 के अंत में केवल क्रमशः 2.8 प्रतिशत और 3.0 प्रतिशत थी (सारणी VI.14)।

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का प्रोफाइल (आरएनबीसी सहित)

6.21 रिज़र्व बैंक के पास पंजीकृत एनबीएफसी की कुल संख्या जून 2011 के अंत में थोड़ी गिरकर 12,409 हो गई (चार्ट VI.2)। 2010-11 में जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी (एनबीएफसी-डी) में भी इसी प्रकार का रुझान देखा गया और ऐसा मुख्य रूप से एनबीएफसी के पंजीकरण रद्द किए जाने, एनबीएफसी के जमाराशि लेने के कार्य से अलग हो जाने और जमाराशि लेने वाली एनबीएफसी के जमाराशि न लेने वाली एनबीएफसी में बदल जाने की वजह से हुआ।

सारणी VI.14: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के स्वामित्व का स्वरूप

(31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार)

(कंपनियों की संख्या)

स्वामित्व	एनबीएफसी-एनडी-एसआई	जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी
1	2	3
क. सरकारी कंपनियां	**9**	**9**
	(2.8)	(3.0)
ख. गैर-सरकारी कंपनियां	**310**	**288**
	(97.2)	(97.0)
1. पब्लिक लिमिटेड कंपनियां	181	279
	(56.7)	(93.9)
2. प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां	129	9
	(40.4)	(3.0)
कंपनियों की कुल संख्या (क+ख)	**319**	**297**

टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े एनबीएफसी की कुल संख्या के प्रतिशत हिस्से हैं।

6.22 एनबीएफसी की संख्या में गिरावट आने के बावजूद, 2010-11 के दौरान उनकी कुल आस्तियों और निवल स्वाधिकृत निधि में वृद्धि दर्ज हुई, जबकि उनकी सार्वजनिक जमाराशियों में गिरावट आई। एनबीएफसी की कुल आस्तियों में अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों (आरएनबीसी) की हिस्सेदारी में 2010-11 के दौरान गिरावटी रुझान देखा गया। 2010-11 में आरएनबीसी की निवल स्वाधिकृत निधियों में भी इसी प्रकार का रुझान देखा गया (सारणी VI.15)।

6.23 2010-11 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (एससीबी) की सकल जमाराशियों की तुलना में एनबीएफसी की सार्वजनिक जमाराशियों के अनुपात में गिरावट दर्ज हुई। इस वर्ष के दौरान एल3 के व्यापक चलनिधि समुच्चय की तुलना में एनबीएफसी की जमाराशि के अनुपात में गिरावट दर्ज हुई (चार्ट VI.3)।

चार्ट VI.2 : भारतीय रिज़र्व बैंक में पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की संख्या



एनबीएफसी-डी का परिचालन (आरएनबीसी को छोड़कर)

6.24 2010-11 के दौरान एनबीएफसी-डी के तुलन पत्र के आकार में 11.9 प्रतिशत की दर से विस्तार हुआ जबकि पिछले वर्ष यह विस्तार 22.2 प्रतिशत था। विस्तार में यह गिरावट दो बड़े एनबीएफसी-डी के एनबीएफसी-एनडी में बदल जाने की वजह से हुआ (सारणी VI.16)। यह उल्लेखनीय है कि एनबीएफसी-डी की कुल देयताओं में उधारियों का हिस्सा लगभग दो-तिहाई है। वर्ष 2010-11 में, एनबीएफसी-डी की सार्वजनिक जमाराशियां, जो क्रेडिट रेटिंग के अधीन हैं (बॉक्स VI.2), में वृद्धि का रुझान बना रहा। एनबीएफसी-डी के आस्ति पक्ष में कुल आस्तियों में उधार एवं अग्रिम लगभग तीन-चौथाई हिस्से के साथ सबसे महत्त्वपूर्ण भाग बने रहे। इसमें दूसरा बड़ा हिस्सा निवेश का था जिसमें 2010-11 के दौरान मुख्य रूप से गैर-एसएलआर निवेश में कमी के चलते धीमी वृद्धि हुई।

6.25 मार्च 2011 के अंत में एनबीएफसी-डी की कुल आस्तियों में आस्ति वित्त कंपनियों (एएफसी) का हिस्सा सबसे अधिक था (सारणी VI.17)।

एनबीएफसी-डी की जमाराशियों का आकारवार वर्गीकरण

6.26 मार्च 2011 के अंत में 50 करोड़ रुपए से अधिक की जमाराशि आकार वाली एनबीएफसी-डी की जमाराशियों में

सारणी VI.15: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की रुपरेखा

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में			
	2009-10		2010-11अ	
	गैर बैं.वि.कं	*जिसमें से:* अवशिष्ट गैर बैं.कं.	गैर बैं.वि.कं	*जिसमें से:* अवशिष्ट गैर बैं.कं.
1	2	3	4	5
कुल आस्तियां	1,12,131	17,919	1,16,897	11,466
		(16.0)		(9.8)
सार्वजनिक जमाराशियां	17,352	14,521	11,964	7,902
		(83.7)		(66.0)
निवल स्वाधिकृत निधियां	16,424	2,921	17,975	2,988
		(17.8)		(16.6)

अ : अनंतिम

टिप्पणी: 1) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में एनबीएफसी-डी और आरएनबीसी शामिल हैं।
2) कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित जोड़ का प्रतिशत हैं।
3) जमाराशि स्वीकार करने वाली 297 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से 217 गै.बैं.वि. कंपनियों ने 8 सितंबर 2011 की कट-ऑफ तारीख को मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक विवरणियां फाइल की हैं।

स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

बॉक्स VI.2 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की क्रेडिट रेटिंग -प्रथाएं एंव संभावनाएं

चूंकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) अपने परिचालन की प्रकृति के अनुसार अलग-अलग प्रकार की होती हैं, इसलिए रिज़र्व बैंक ने विनियामक अनुपालन के लिहाज से उन्हें मोटे तौर पर चार समूहों में वर्गीकृत किया है, नामतः (i) आस्ति वित्त कंपनियां, (ii) ऋण कंपनियां, (iii) निवेश कंपनियां और (iv) बुनियादी ढांचा वित्त कंपनियां। 'वित्तीय कंपनियों पर गठित कार्यदल' (अध्यक्षः ए.सी. शाह) ने 1992 में जमाराशि लेनेवाली एनबीएफसी के लिए क्रेडिट रेटिंग की सिफारिश की थी। इसके बाद, रिटेल जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए रिज़र्व बैंक ने जनवरी 1998 में एनबीएफसी क्षेत्र के नए विनियामक ढांचे में एनबीएफसी के लिए रेटिंग करवाना अनिवार्य कर दिया।

दी गई क्रेडिट रेटिंग, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (सीआरए) द्वारा लिखतों से जुड़े तुलनात्मक क्रेडिट जोखिम की वर्तमान धारणा का एक सांकेतिक प्रतिबिंब है। यह धारणा जारीकर्ता के कारोबार और वित्तीय जोखिम का विस्तृत मूल्यांकन करने और इस मूल्यांकन का उपयोग अलग-अलग संभावित परिस्थितियों में रेटेड कंपनी के भावी वित्तीय निष्पादन का स्तर और स्थिरता का आकलन करने के बाद तैयार होती है। इस प्रकार क्रेडिट रेटिंग एजेंसी किसी कंपनी विशेष के बारे में कंपनी के भीतर और बाहरी स्रोतों से जो भी जानकारी प्राप्त करती है, उस जानकारी के आधार पर, रेटिंग एजेंसी द्वारा उस कंपनी के विश्लेषण से निकाला गया निष्कर्ष उस कंपनी की क्रेडिट रेटिंग में प्रतिबिंबित होता है।

रेटिंग क्रियाविधि

किसी एनबीएफसी की रेटिंग करने में, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी कंपनी के कारोबार और वित्तीय जोखिम का मूल्यांकन करती है और इस मूल्यांकन के जरिए अलग-अलग संभावित परिस्थितियों में उस कंपनी के वित्तीय कार्यनिष्पादन का स्तर और स्थिरता का आकलन करती है। किसी एनबीएफसी के जोखिम के मूल्यांकन का विस्तृत मानंदड निम्न पर आधारित होता हैः **कारोबार जोखिमः** (i) परिचालन वातावरण, (ii) स्वामित्व ढांचा, (iii) फ्रेंचाइजी और आकार (iv) प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति, (v) प्रबंधन, प्रणाली एवं रणनीति और (vi) गवर्नेंस ढांचा; **वित्तीय जोखिमः** (i) आस्ति गुणवत्ता, (ii) चलनिधि, (iii) लाभप्रदता और (iv) पूंजी पर्याप्तता।

तथापि, संबंधित कंपनी विशेष की समग्र जोखिम फ्रोफाइल में होने वाले संभावित परिवर्तन के अनुसार अलग-अलग कंपनियों में इन सभी मानदंडों का तुलनात्मक महत्त्व अलग-अलग हो सकता है। इसके अलावा, चूंकि इनमें से अधिकांश मानदंड गुणात्मक प्रकृति के होते हैं, इसलिए रेटिंग कंपनियां निर्धारित उप-मानदंडों पर जानकारी जुटाकर और उसका आकलन कर तथा विभिन्न कंपनियों से उसकी तुलना करके व्यक्तिनिष्ठ निर्णय को कम करने का प्रयत्न करती हैं। क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में एक आम चलन यह रहा है कि वे एनबीएफसी की जोखिम प्रबंधन नीतियों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करती हैं क्योंकि ये मूल्यांकन कंपनी विशेष पर चलनिधि का दबाव, लाभप्रदता और पूंजीकरण के प्रभाव का आकलन जानने में महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हैं।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एनबीएफसी के पूंजी के स्तर अलावा इनकी पूंजी की गुणवत्ता का भी मूल्यांकन करती हैं। एनबीएफसी की विनियामक पूंजी पर्याप्तता आवश्यकता पूरा करने की क्षमता का भी मूल्यांकन किया जाता है। ईक्विटी पर काफी अधिक लाभ का आवश्यक रूप से यह अभिप्राय नहीं है कि क्रेडिट रेटिंग ऊंची होगी, क्योंकि अंतर्निहित जोखिम भी काफी अधिक होगा और ऐसा होने पर यह अधिक अस्थिर हो सकता है या इसका पूर्वानुमान करना मुश्किल हो सकता है।

सभी रेटिंगों पर वैधता की अवधि तक लगातार निगरानी रखी जाती है।

एनबीएफसी की क्रेडिट रेटिंग के लिए विनियामक आवश्यकताएं

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 31 जनवरी 1998 से जमाराशि लेनेवाली ऐसी सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए क्रेडिट रेटिंग करवाना अनिवार्य कर दिया जिनकी निवल स्वाधिकृत निधि 25 लाख रुपए या इससे अधिक है। वर्तमान में, 2 करोड़ रुपए या इससे अधिक एनओएफ वाली एनबीएफसी-डी को वर्ष में कम-से-कम एक बार किसी अनुमोदित क्रेडिट रेटिंग एजेंसी से रेटिंग करवाना आवश्यक है। यह भी अधिदेश दिया गया कि वे 'न्यूनतम निवेश ग्रेड' के बिना जनता से जमाराशि नहीं जुटा सकते हैं और वे रेटिंग की एक प्रति रिज़र्व बैंक में प्रस्तुत करें। इसके अलावा, रेटिंग में किसी प्रकार की अपग्रेडिंग और डाउनग्रेडिंग की सूचना भी विनियामक को तत्काल देना आवश्यक है।

एजेंसी	*न्यूनतम ग्रेड*
द क्रेडिट रेटिंग इन्फॉरमेशन सर्विसेज़ ऑफ इंडिया लिमिटेड (क्रिसिल)	एफ ए - (एफ ए माइनस)
आईसीआरए लिमिटेड	एमए ए - (एम ए माइनस)
क्रेडिट एनालिसिस एंड रिसर्च लिमिटेड (केअर)	केअर बीबीबी (एफडी)
फिच रेटिंग्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	[टीए - (इंड) (एफडी)]

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां के क्रेडिट रेटिंग की संभावनाएं

किसी एनबीएफसी द्वारा जुटाई गई जमाराशि की मात्रा को रेटिंग से संबद्ध कर दिया गया है। एनबीएफसी के सीआरएआर को रेटिंग से संबद्ध कर उन्हें किसी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी से रेटिंग करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। तदनुसार, अभी तक रेटेडे एनबीएफसी को केवल 12 प्रतिशत सीआरएआर बनाए रखना आवश्यक है, जबकि रेटिंग न हुई एनबीएफसी को 15 प्रतिशत सीआरएआर बनाए रखना है। प्रसंगवश, जमाराशि नहीं लेनेवाली एनबीएफसी भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी से अपने लिखतों की रेटिंग करवाती हैं, यद्यपि विनियामक ने इनके लिए रेटिंग करवाना अनिवार्य नहीं किया है।

सब-प्राइम वित्तीय संकट के आलोक में, विनियामकों के बीच प्रत्याशा और वास्तविकता, अर्थात् क्रेडिट रेटिंग पर भरोसा और ऐसी रेटिंग की विश्वसनीयता, के बीच संभावित अंतर को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। ये चिंताएं मुख्यतः इस बात को लेकर हैं कि गलत क्रेडिट रेटिंग बाजार आबंटन प्रोत्साहन, लागत ढांचा और प्रतिस्पर्धा को उलट-पुलट कर सकती है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के बीच की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ उनकी व्यापारिक आकांक्षाएं काफी ऊंची प्रतीत होती हैं। क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के विरुद्ध बार-बार होनेवाली सबसे अधिक शिकायत इस बात को लेकर है कि उनमें जवाबदेही नहीं हैं क्योंकि क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां शुद्धता के लिए कानूनी रूप से जवाबदेह नहीं हैं और गलत रेटिंग होने पर अक्सर वे जवाबदेही से बच जाती हैं। विनियामक और सरकार को इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

संदर्भः भारतीय रिज़र्व बैंक (1992): *वित्तीय कंपनियों पर कार्यदल* (अध्यक्षः श्री ए.सी.शाह) की रिर्पोट, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई।

चार्ट VI.3 : व्यापक चलनिधि (एल 3) और अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियो की सार्वजनिक जमाराशियों का अनुपात



उल्लेखनीय तेज वृद्धि हुई जिनका कुल जमाराशियों में हिस्सा 90.6 प्रतिशत था। तथापि, इस श्रेणी में आनेवाली एनबीएफसी-डी की संख्या केवल 8 थी जो एनबीएफसी-डी की कुल संख्या के लगभग 3.7 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती थीं। इस प्रकार, अपेक्षाकृत केवल बड़ी एनबीएफसी-डी कंपनियां जमाराशियों के जरिए संसाधन जुटाने में समर्थ थीं (सारणी VI.18 और चार्ट VI.4)।

एनबीएफसी द्वारा धारित जमाराशियों का क्षेत्रवार संयोजन

6.27 देश के उत्तरी क्षेत्र में एनबीएफसी-डी की संख्या सबसे अधिक थी जो मार्च 2011 के अंत में एनबीएफसी-डी की कुल संख्या के 66.4 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती है। तथापि, उत्तरी क्षेत्र की एनबीएफसी-डी का जमाराशि आकार, दक्षिणी क्षेत्र में स्थित एनबीएफसी-डी की तुलना में काफी छोटा था, जिसका मार्च 2011 के अंत में जमाराशि में 72.4 प्रतिशत हिस्सा था। 2010-11 में दक्षिणी क्षेत्र में स्थित एनबीएफसी-डी द्वारा धारित जमाराशियों के हिस्से में भी वृद्धि हुई (सारणी VI.19 तथा चार्ट VI.5)।

6.28 महानगरों में, उत्तरी क्षेत्र में नई दिल्ली में एनबीएफसी-डी की संख्या सबसे अधिक थी जबकि दक्षिणी क्षेत्र में एनबीएफसी-डी की

सारणी VI.16: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का समेकित तुलनपत्र

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में		घट-बढ़ 2009-2010		घट-बढ़ 2010-11 अ	
	2010	2011 अ	संपूर्ण	प्रतिशत	संपूर्ण	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
1. प्रदत्त पूंजी+	3,892	3,643	75	2.0	-250	-6.4
	(4.1)	(3.5)				
2. आरक्षित निधि	12,181	13,506	2,769	29.4	1,325	10.9
	(12.9)	(12.8)				
3. सार्वजनिक जमाराशि	2,831	4,062	860	43.6	1,231	43.5
	(3.0)	(3.9)				
4. उधार राशियां	64,078	69,816	8181	14.6	5,738	9.0
	(68.0)	(66.2)				
5. अन्य देयताएं	11,229	14,404	5,198	86.2	3,175	28.3
	(11.9)	(13.7)				
कुल देयताएं आस्तियां	**94,212**	**1,05,431**	**17,084**	**22.2**	**11,219**	**11.9**
	(100.0)	(100.0)				
1. निवेश	18,498	21,102	2,812	17.9	2,604	14.1
(i) एसएलआर प्रतिभूतियां @	9,634	13,487	222	2.4	3,854	40.0
	(10.2)	(12.8)				
(ii) गैर एसएलआर निवेश	8,864	7,614	2,590	41.3	-1,250	-14.1
	(9.4)	(7.2)				
2. ऋण और अग्रिम	71,119	77,901	13,108	22.6	6,782	9.5
	(75.5)	(73.9)				
3. बिल संबंधी कारोबार	45	89	21	87.9	44	97.4
	(0.0)	(0.1)				
4. अन्य आस्तियां	4,550	6,339	1,143	33.6	1,789	39.3
	(4.8)	(6.0)				

अ: अनंतिम।
@ एसएलआर निवेश में 'अनुमोदित प्रतिभूतियां' और अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की 'भार-रहित मीयादी जमाराशियां' शामिल हैं। उधार और अग्रिम में किराया खरीद और पट्टा आस्तियां शामिल हैं।
+ जमाराशि लेने वाली दो बड़ी एनबीएफसी के जमाराशि न लेने वाली एनबीएफसी में बदल जाने के चलते प्रदत्त पूंजी में गिरावट हुई।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हिस्से हैं।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

सारणी VI.17: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के श्रेणी के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की देयता के मुख्य घटक

(राशि करोड़ रुपए में)

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का वर्गीकरण	गै.बैं.वि. कंपनियों की संख्या		जमाराशियां		उधार राशियां		देयताएं	
	2009-10	2010-11 अ	2009-10	2010-11 अ	2009-10	2010-11 अ	2009-10	2010-11 अ
1	2	3	4	5	6	7	8	9
आस्ति वित्त कंपनियां	225	174	2,287	3,628	41,927	49,022	60,902	74,008
			(80.8)	(89.3)	(65.4)	(70.2)	(64.6)	(70.2)
ऋण कंपनियां	65	43	544	434	22,151	20,795	33,310	31,424
			(19.2)	(10.7)	(34.6)	(29.8)	(35.4)	(29.8)
कुल	**290**	**217**	**2,831**	**4,062**	**64,078**	**69,816**	**94,212**	**1,05,431**

अ: अनंतिम।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हिस्से हैं।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

कुल जमाराशियों में 73.9 प्रतिशत के साथ चेन्नै का सबसे बड़ा हिस्सा था।

एनबीएफसी के पास रखी सार्वजनिक जमाराशियों पर ब्याज-दर

6.29 एनबीएफसी-डी की सार्वजनिक जमाराशियों में सबसे अधिक राशि 10 प्रतिशत तक की ब्याज दर के दायरे में संग्रह की गयी और मार्च 2011 के अंत में इसका हिस्सा लगभग तीन-चौथाई था (सारणी VI.20 और चार्ट VI.6)।

सार्वजनिक जमाराशियों की परिपक्वता प्रोफाइल

6.30 परिपक्वता अवधि के अनुसार एनबीएफसी-डी द्वारा संग्रह की गई सार्वजनिक जमाराशियों में सबसे बड़ा हिस्सा अल्पावधि से मध्यावधि परिपक्वता का था। मार्च 2011 के अंत में, जमाराशियों का सबसे बड़ा हिस्सा दो वर्ष से अधिक तथा तीन वर्ष तक की परिपक्वता वाली जमाराशियों का था जिसके बाद एक वर्ष से कम परिपक्वता वाली राशियों का क्रम आता था। 2010-11 में, दो वर्ष से अधिक और तीन वर्ष तक की परिपक्वता अवधि वाली जमाराशियों के हिस्से में वृद्धि हुई, जबकि प्रायः अन्य सभी परिपक्वता अवधि वाली जमाराशियों के हिस्से में गिरावट आई (सारणी VI.21 और चार्ट VI.7)।

चार्ट VI.4 : जमाराशियों के दायरे के अनुसार एनबीएफसी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियों का हिस्सा



6.31 एनबीएफसी-डी के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थाएं उधार के प्रमुख स्रोत थे और मार्च 2011 के अंत में इनका हिस्सा लगभग 50 प्रतिशत था। सरकार से लिए गए उधारों (केवल सरकारी ऋण कंपनियों को दिए गए उधार) के हिस्से में वृद्धि देखी गई, जबकि बाह्य स्रोतों से लिए गए उधार नगण्य थे। 2010-11 में अन्य स्रोतों (जिनमें अन्य कंपनियों से लिए गए उधार राशियों के साथ ही वाणिज्यिक पत्र, म्युच्युअल फंड और किसी अन्य प्रकार की विधि से ली

सारणी VI.18: जमाराशियों के दायरे के अनुसार एनबीएफसी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियां

(राशि करोड़ रुपए में)

जमाराशि की सीमा	मार्च के अंत में			
	गै.बैं.वि.कं. की संख्या		जमाराशि	
	2009-10	2010-11अ	2009-10	2010-11अ
1	2	3	4	5
1. 0.5 करोड़ रुपए से कम	184	134	21	19
2. 0.5 करोड़ रुपए से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक	60	38	64	44
3. 2 करोड़ रुपए से अधिक और 10 करोड़ रुपए तक	27	28	128	129
4.10 करोड़ रुपए से अधिक और 20 करोड़ रुपए तक	5	7	69	108
5. 20 करोड़ रुपए से अधिक और 50 करोड़ रुपए तक	4	2	133	81
6. 50 करोड़ रुपए और उससे अधिक	10	8	2,416	3,681
कुल	**290**	**217**	**2,831**	**4,062**

अ: अनंतिम।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

सारणी VI.19: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशि- क्षेत्र-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	मार्च के अंत में			
	2010		2011 अ	
	गै.बैं.वि.कं-डी की संख्या	सार्वजनिक जमाराशियां	गै.बैं.वि.कं-डी की संख्या	सार्वजनिक जमाराशियां
1	2	3	4	5
उत्तरी	189	335	144	188
पूर्व	9	9	8	4
पश्चिमी	27	612	20	929
दक्षिणी	65	1,876	45	2,942
कुल	290	2,831	217	4,062
महानगरीय क्षेत्र:				
कोलकाता	6	9	5	4
चेन्नै	37	1,812	26	2,864
मुंबई	11	592	6	907
नई दिल्ली	55	207	50	98
कुल	109	2,619	87	3,873

अ: अनंतिम।

स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

गई उधार राशियां शामिल हैं, जिनको सार्वजनिक जमाराशियों के रूप में नहीं माना जाता है) में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई जिसके चलते एनबीएफसी-डी के कुल उधार में इसके हिस्से में वृद्धि हुई (सारणी VI.22)

एनबीएफसी की आस्तियां

6.32 2010-11 के दौरान जमाराशि लेने वाली एनबीएफसी-डी की कुल आस्तियों में धीमी वृद्धि दर्ज हुई जो मुख्यतः आस्ति वित्त

सारणी VI.20: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियां - जमाराशि पर ब्याज दर-दायरा-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

जमाराशि की ब्याज-दर का दायरा	मार्च के अंत में	
	2010	2011 अ
1	2	3
10 प्रतिशत तक	1,516	2,996
	(53.6)	(73.8)
10 प्रतिशत से अधिक और 12 प्रतिशत तक	1,222	945
	(43.2)	(23.3)
12 प्रतिशत और उससे अधिक	93	121
	(3.3)	(3.0)
कुल	**2,831**	**4,062**

अ: अनंतिम

टिप्पणी: सार्वजनिक जमाराशि पर ब्याज-दर तथापि 12.5 प्रतिशत से अधिक नहीं बढ़ी। कोष्ठक में दिये गये आंकड़े कुल के प्रतिशत हिस्से हैं।

स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

कंपनियों की आस्तियों में हुई वृद्धि की वजह से थी (सारणी VI.23)। मार्च 2011 के अंत में, एनबीएफसी-डी क्षेत्र की कुल आस्तियों के लगभग तीन-चौथाई से अधिक का हिस्सा आस्ति वित्त कंपनियों के पास था। घटक-वार रूप में, कुल आस्तियों में अग्रिमों का हिस्सा प्रमुख था और उसके बाद निवेश का स्थान था।

आस्ति के आकार के अनुसार एनबीएफसी-डी का वितरण

6.33 जमाराशि संग्रह करने की क्षमता के कारण केवल बड़ी एनबीएफसी-डी के पास बड़ा आस्ति आधार था। मार्च 2011 के अंत में, केवल 7 प्रतिशत एनबीएफसी-डी का आस्ति आकार 500 करोड़

चार्ट VI.5: एनबीएफसी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियों का हिस्सा - क्षेत्र-वार



चार्ट VI.6: एनबीएफसी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशि पर ब्याज -दर - दायरा-वार



सारणी VI.21: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियों की परिपक्वता का स्वरूप

(राशि करोड़ रुपए में)

परिपक्वता अवधि	मार्च के अंत में	
	2010	2011 अ
1	2	3
1. एक वर्ष से कम	1,034	982
	(36.5)	(24.2)
2. एक वर्ष से अधिक और 2 वर्ष तक	595	794
	(21.0)	(19.6)
3. 2 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	1,031	1,988
	(36.4)	(48.9)
4. 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	81	222
	(2.9)	(5.5)
5. 5 वर्ष और उससे अधिक@	90	77
	(3.2)	(1.9)
कुल	**2,831**	**4,062**

अ: अनंतिम

टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।

@ 31 मार्च 2011 को 33 करोड़ रुपए की बेनामी सार्वजनिक जमाराशि सहित (गत वर्ष 58 करोड़ रुपए)।

स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

चार्ट VI.7: एनबीएफसी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियों की परिपक्वता का स्वरूप



रुपए से अधिक था और सभी एनबीएफसी-डी की कुल आस्तियों में इनका हिस्सा 97.5 प्रतिशत था (सारणी VI.24)।

एनबीएफसी की आस्तियों का वितरण - कार्यकलापों के प्रकार

6.34 2010-11 के दौरान, एनबीएफसी-डी के उधार तथा अंतर-कंपनी जमाराशियों के रूप में धारित आस्तियों और निवेशों में काफी वृद्धि हुई। एनबीएफसी-डी क्षेत्र की कुल आस्तियों में इन दो कार्यकलाप वाली श्रेणियों का हिस्सा 93.9 प्रतिशत था (सारणी VI.25)।

एनबीएफसी-डी का वित्तीय कार्यनिष्पादन

6.35 एनबीएफसी-डी के वित्तीय निष्पादन में 2010-11 में सुधार हुआ जैसा कि उनके परिचालन लाभ में हुई वृद्धि से ज्ञात होता है। लाभ में बढ़ोतरी मुख्यतः आय में वृद्धि (निधि आधारित) और व्यय में थोड़ी गिरावट की वजह से हुई। कर के संबंध में किए गए प्रावधान के साथ-साथ परिचालन लाभ में हुई वृद्धि से वर्ष 2010-11 में निवल लाभ लगभग दुगुनी हो गई (सारणी VI.26)।

6.36 2010-11 में कुल औसत आस्तियों के प्रतिशत के रूप में व्यय में थोड़ी गिरावट हुई, जबकि कुल औसत आस्तियों के प्रतिशत के रूप में आय कमोबेश एक जैसी रही, जिसके कारण एनबीएफसी-डी की कुल औसत आस्ति (आस्तियों पर प्रतिलाभ) की तुलना में निवल लाभ में वृद्धि हुई (चार्ट VI.8)।

सारणी VI.22: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की उधार राशियों के स्रोत

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गीकरण	सरकारी		बाह्य स्रोत @		बैंक और वित्तीय संस्थाएं		डिबेंचर		अन्य		कुल उधार	
	2009-10	2010-11 अ	2009-10	2010-11 अ	2009-10	2010-11 अ	2009-10	2010-11 अ	2009-10	2010-11 अ	2009-10	2010-11 अ
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
आस्ति वित्त	0	0	757	3	24,159	28,329	12,030	12,285	4,980	8,405	41,927	49,022
	(0.0)	(0.0)	(100.0)	(100.0)	(75.8)	(80.2)	(80.3)	(85.7)	(42.3)	(59.0)	(65.4)	(70.2)
ऋण	4,710	5,908	0	0	7,693	6,991	2,943	2,045	6,805	5,850	22,151	20,795
	(100.0)	(100.0)	(0.0)	(0.0)	(24.2)	(19.8)	(19.7)	(14.3)	(57.7)	(41.0)	(34.6)	(29.8)
कुल	**4,710**	**5,908**	**757**	**3**	**31,853**	**35,320**	**14,973**	**14,330**	**11,785**	**14,256**	**64,078**	**69,816**

अ: अनंतिम; @ : इसमें (i)विदेशी सरकार, (ii) विदेशी प्राधिकरण, और (iii) विदेशी नागरिक या व्यक्ति शामिल हैं।

टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।

स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

सारणी VI.23: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वर्गीकरण-वार गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्तियों के मुख्य घटक

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गीकरण	मार्च के अंत में					
	आस्तियां		अग्रिम		निवेश	
	2010	2011 अ	2010	2011 अ	2010	2011 अ
1	2	3	4	5	6	7
आस्ति वित्त कंपनियां	60,902	74,008	46,651	55,724	10,688	12,630
	(64.6)	(70.2)	(65.6)	(71.5)	(57.8)	(59.9)
ऋण कंपनियां	33,310	31,424	24,468	22,178	7,810	8,472
	(35.4)	(29.8)	(34.4)	(28.5)	(42.2)	(40.1)
कुल	**94,212**	**1,05,431**	**71,119**	**77,901**	**18,498**	**21,102**

अ: अनंतिम।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

सुदृढ़ता संकेतक: एनबीएफसी-डी की आस्ति गुणवत्ता

6.37 हाल के वर्षों में देखे गए रुझान के अनुरूप 2010-11 में एनबीएफसी-डी के क्रेडिट एक्सपोजर की तुलना में सकल एनपीए अनुपात में काफी गिरावट आई। एनपीए के संबंध में किए गए प्रावधान मार्च 2011 के अंत तक पिछले लगातार चार वर्षों के दौरान के एनपीए की राशि से अधिक होने के कारण निवल एनपीए ऋणात्मक रहा (सारणी VI.27)।

6.38 2009-10 में आस्ति वित्त तथा ऋण कंपनियों की आस्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ जैसा कि इन कंपनियों के सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए अनुपात में आई गिरावट से स्पष्ट होता (सारणी VI.28)।

6.39 2010-11 में, सभी कंपनियों के एनपीए की सभी तीन श्रेणियों अर्थात अवमानक, संदिग्ध और हानिवाली आस्तियों के हिस्से में गिरावट आई जो इन संस्थाओं की आस्तियों की गुणवत्ता में हुए सुधार को रेखांकित करता है। तथापि, ऋण कंपनियों के मामले में, मार्च 2011 के अंत में मानक आस्तियों का हिस्सा सुधरकर 98.7 प्रतिशत हो गया (सारणी VI.29)।

सारणी VI.24: आस्ति आकार के दायरे के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्तियां

(राशि करोड़ रुपए में)

	कंपनियों की सं.		आस्तियां	
	2010	2011अ	2010	2011अ
1	2	3	4	5
1. 0.25 करोड़ रुपए से कम	3	2	0	0
2. 0.25 करोड़ रुपए से अधिक और 0.50 करोड़ रुपए तक	20	9	8	3
3. 0.50 करोड़ रुपए से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक	105	70	125	80
4. 2 करोड़ रुपए से अधिक और 10 करोड़ रुपए तक	91	73	416	347
5. 10 करोड़ रुपए से अधिक और 50 करोड़ रुपए तक	37	34	831	822
6. 50 करोड़ रुपए से अधिक और 100 करोड़ रुपए तक	10	8	702	508
7. 100 करोड़ रुपए से अधिक और 500 करोड़ रुपए तक	7	6	1,377	831
8. 500 करोड़ रुपए से अधिक	17	15	90,753	1,02,839
कुल	**290**	**217**	**94,212**	**1,05,431**

अ: अनंतिम।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात

6.40 मार्च 2011 के अंत में, 204 एनबीएफसी में से 199 का सीआरएआर 15 प्रतिशत अथवा इससे अधिक था (सारणी VI.30)। इससे मालूम होता है कि एनबीएफसी क्षेत्र पिछले कुछ वर्षों से समेकन की प्रक्रिया से गुजर रहा है जिसमें कमजोर एनबीएफसी

सारणी VI.25: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्तियों का वितरण- कार्यकलापवार

(राशि करोड़ रुपए में)

कार्यकलाप	मार्च के अंत में		प्रतिशत वृद्धि
	2010	2011 अ	2011 अ
1	2	3	4
ऋण और अंतर-कंपनी जमाराशियां	71,119	77,901	9.5
	(75.5)	(73.9)	
निवेश	18,498	21,102	14.1
	(19.6)	(20.0)	
बिल	45	89	97.4
	(0.1)	(0.1)	
अन्य आस्तियां	4,550	6,339	39.3
	(4.8)	(6.0)	
कुल	**94,212**	**1,05,431**	11.9

अ : अनंतिम।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

सारणी VI.26: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में	
	2010	2011 अ
1	2	3
क. आय (i+ii)	**13,615**	**15,196**
(i) निधि आधारित	13,388	15,069
	(98.3)	(99.2)
(ii) शुल्क आधारित	227	127
	(1.7)	(0.8)
ख. व्यय (i+ii+iii)	**11,038**	**10,934**
(i) वित्तीय	6,546	6,816
	(59.3)	(62.3)
जिसमें से: ब्याज भुगतान	730	902
	(6.6)	(8.2)
(ii) परिचालन	2,666	2,968
	(24.2)	(27.1)
(iii) अन्य	1,825	1,150
	(16.5)	(10.5)
ग. कर प्रावधान	**1,096**	**1,402**
घ. परिचालन लाभ (करपूर्व लाभ)	**2,577**	**4,263**
ङ निवल लाभ (करोत्तर लाभ)	**1,482**	**2,861**
च. कुल आस्तियां	**94,212**	**1,05,431**
छ. वित्तीय अनुपात (कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)		
i) आय	14.5	14.4
ii) निधि आय	14.2	14.3
iii) शुल्क आय	0.0	0.0
iv) व्यय	11.7	10.4
v) वित्तीय व्यय	0.1	0.1
vi) परिचालन व्यय	2.8	2.8
vii) कर प्रावधान	1.2	1.3
viii) निवल लाभ	1.6	2.7
ज. आय की तुलना में लागत अनुपात	**81.1**	**72.0**

अ: अनंतिम।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

धीरे-धीरे कारोबार से अलग हो रहे हैं और मजबूत एनबीएफसी के लिए मार्ग प्रशस्त हो रहा है। एनबीएफसी को एक साथ मिलाकर उनकी निवल स्वाधिकृत निधियों (एनओएफ) की तुलना में सार्वजनिक

सारणी VI.27: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी के अनर्जक आस्ति अनुपात

(प्रतिशत)

मार्च के अंत में	क्रेडिट एक्सपोजर के प्रति सकल अनर्जक आस्तियां	क्रेडिट एक्सपोजर के प्रति निवल अनर्जक आस्तियां
1	2	3
2002	10.6	3.9
2003	8.8	2.7
2004	8.2	2.4
2005	5.7	2.5
2006	3.6	0.5
2007	2.2	0.2
2008	2.1	#
2009	2.0	#
2010	1.3	#
2011अ	0.7	#

#: अनर्जक आस्तियों से अधिक प्रावधान।
स्रोत: एनबीएफसी-डी की छमाही विवरणियां।

चार्ट VI.8 : एनबीएफसी-डी का वित्तीय कार्य-निष्पादन



जमाराशि के अनुपात में मार्च 2011 के अंत में 0.3 प्रतिशत की थोड़ी वृद्धि हुई (सारणी VI.31)। 2010-11 में एनबीएफसी-डी के एनओएफ और सार्वजनिक जमाराशि में वृद्धि हुई। यह वृद्धि मुख्यतः उन कंपनियों तक सीमित थी जिनका एनओएफ श्रेणी आकार 500 करोड़ रुपए अथवा इससे अधिक था (सारणी VI.32)।

अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियां (आरएनबीसी)

6.41 मार्च 2011 के अंत में, आरएनबीसी की आस्तियों में 36 प्रतिशत की गिरावट आई। आस्तियों में मुख्य रूप से भार-रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों, बांडों/डिबेंचरों तथा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों

सारणी VI.28: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की श्रेणी के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की अनर्जक आस्तियां

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गीकरण/ मार्च के अंत में	सकल अनर्जक आस्तियां			
	सकल अग्रिम	राशि	सकल अग्रिमों की तुलना में प्रतिशत	निवल अग्रिम
1	2	3	4	5
आस्ति वित्त				
2009-10	45,449	350	0.77	44,480
2010-11अ	51,748	251	0.49	50,807
ऋण कंपनियां				
2009-10	20,529	541	2.63	19,913
2010-11अ	18,295	243	1.33	18,046
सभी कंपनियां				
2009-10	65,978	891	1.35	64,393
2010-11अ	70,043	494	0.70	68,853

अ: अनंतिम।
स्रोत: एनबीएफसी-डी की छमाही विवरणियां।

सारणी VI.29: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की श्रेणी के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्तियों का वर्गीकरण

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गीकरण / मार्च के अंत में	मानक आस्तियां	अवमानक आस्तियां	संदिग्ध आस्तियां	हानि आस्तियां	सकल अनर्जक आस्तियां	सकल अग्रिम
1	2	3	4	5	6	7
आस्ति वित्त कंपनियां						
2009-10	45,098	287	46	18	350	45,449
	(99.2)	(0.6)	(0.1)	(0.0)	(0.8)	(100.0)
2010-11अ	51,497	214	29	8	251	51,748
	(99.5)	(0.4)	(0.1)	(0.0)	(0.5)	(100.0)
ऋण कंपनियां						
2009-10	19,989	298	169	74	541	20,529
	(97.4)	(1.5)	(0.8)	(0.4)	(2.6)	(100.0)
2010-11अ	18,053	102	140	0	243	18,295
	(98.7)	(0.6)	(0.8)	(0.0)	(1.3)	(100.0)
सभी कंपनियां						
2009-10	65,087	585	214	92	891	65,978
	(98.6)	(0.9)	(0.3)	(0.1)	(1.4)	(100.0)
2010-11अ	69,549	316	169	8	494	70,043
	(99.3)	(0.5)	(0.1)	(0.0)	(0.7)	(100.0)

अः अनंतिम।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल क्रेडिट एक्सपोजर के प्रतिशत हैं।
स्रोत : एनबीएफसी-डी की छमाही विवरणियां।

की मीयादी जमाराशियों /जमा-प्रमाणपत्रों में निवेश शामिल था। तथापि, 2010-11 में आरएनबीसी की निवल स्वाधिकृत निधि में 2.3 प्रतिशत की थोड़ी वृद्धि हुई (सारणी VI.33)।

6.42 2010-11 के दौरान आरएनबीसी की आय में हुई गिरावट उनके व्यय में हुई गिरावट से अधिक थी, जिसके चलते वर्ष के दौरान उनके परिचालन लाभ में काफी गिरावट आई। कराधान के लिए किए गए प्रावधान में कमी आने के बावजूद, 2010-11 में आरएनबीसी के निवल लाभ में तेज गिरावट हुई जबकि पिछले इसमें वर्ष तेज वृद्धि हुई थी।

आरएनबीसी की जमाराशियों का क्षेत्रीय पैटर्न

6.43 मार्च 2011 के अंत में, दो अवशिष्ट गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (आरएनबीसी) थीं जिनमें से एक पूर्वी क्षेत्र में तथा दूसरी मध्य क्षेत्र में थी। आरएनबीसी अन्य कारोबारी मॉडलों की ओर अग्रसर हो रही हैं और ये 2015 तक अपनी जमाराशि देयताओं को

सारणी VI.31: एनबीएफसी की श्रेणी के अनुसार गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की सार्वजनिक जमाराशि की तुलना में निवल स्वाधिकृत निधि

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गीकरण	**निवल स्वाधिकृत निधियां**		**सार्वजनिक जमाराशियां**	
	2009-10	**2010-11**	**2009-10**	**2010-11**
1	2	3	4	5
आस्ति वित्त कंपनियां	8,697	10,818	2,287	3,628
			(0.3)	(0.3)
ऋण कंपनियां	4,806	4,170	545	434
			(0.1)	(0.1)
कुल	**13,503**	**14,987**	**2,831**	**4,062**
			(0.2)	(0.3)

टिप्पणी: कोष्ठक में दिये गये आंकड़े निवल स्वाधिकृत निधि की तुलना में सार्वजनिक जमाराशि का अनुपात हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणीय।

सारणी VI.30: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का पूंजी पर्याप्तता अनुपात

कंपनियों की संख्या

सीआरएआर दायरा	2009-10			2010-11अ		
	आ.वि.क.	ऋ.क.	कुल	आ.वि.क.	ऋ.क.	कुल
1	2	3	4	5	6	7
1) 12 प्रतिशत से कम	2	1	3	1	1	2
क) 9 प्रतिशत से कम	2	0	2	1	1	2
ख) 9 प्रतिशत से अधिक तथा 12 प्रतिशत तक	0	1	1	0	0	0
2) 12 प्रतिशत से अधिक तथा 15 प्रतिशत तक	1	0	1	1	2	3
3) 15 प्रतिशत से अधिक तथा 20 प्रतिशत तक	5	3	8	5	3	8
4) 20 प्रतिशत से अधिक तथा 30 प्रतिशत तक	21	7	28	19	3	22
5) 30 प्रतिशत से अधिक	182	53	235	142	27	169
कुल	**211**	**64**	**275**	**168**	**36**	**204**

अ : अनंतिम।
टिप्पणी : आ.वि.कं-आस्ति वित्त कंपनी; ऋ.कं : ऋण कंपनियां; नि.कं. : निवेश कंपनी
स्रोत: छमाही विवरणियां।

सारणी VI.32: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की सार्वजनिक जमाराशियों की तुलना में निवल स्वाधिकृत निधि का दायरा

(राशि करोड़ रुपए में)

निवल स्वाधिकृत निधि का दायरा	2009-10			2010-11अ		
	कंपनियों की संख्या	निवल स्वाधिकृत निधि	सार्वजनिक जमा राशियां	कंपनियों की संख्या	निवल स्वाधिकृत निधि	सार्वजनिक जमा राशियां
1	2	3	4	5	6	7
0.25 करोड़ रुपए तक	4	-436	174	2	-200	32
0.25 करोड़ रुपए से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक	172	130	46	113	84	32
2 करोड़ रुपए से अधिक और 10 करोड़ रुपए तक	70	265	134	65	266	136
10 करोड़ रुपए से अधिक और 50 करोड़ रुपए तक	27	538	189	20	453	113
50 करोड़ रुपए से अधिक और 100 करोड़ रुपए तक	1	66	52	2	120	104
100 करोड़ रुपए से अधिक और 500 करोड़ रुपए तक	6	1,405	480	7	1,712	453
500 करोड़ रुपए से अधिक	10	11,535	1,754	8	12,553	3,192
कुल	**290**	**13,503**	**2,830**	**217**	**14,987**	**4,062**

अः अनंतिम।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

घटाकर 'शून्य' कर लेंगी। मुख्यतः मध्य क्षेत्र में स्थित आरएनबीसी द्वारा धारित जमाराशियों में उल्लेखनीय गिरावट आने की वजह से 2010-11 में दो आरएनबीसी की सार्वजनिक जमाराशियों में काफी गिरावट हुई (सारणी VI.34)।

आरएनबीसी के निवेश का स्वरूप

6.44 2010-11 में जमाराशियों में हुई गिरावट की वजह से आरएनबीसी के निवेश में गिरावट आई। यह गिरावट भार-रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों के मामले में काफी अधिक था (सारणी VI.35)।

एनबीएफसी-एनडी-एसआई

6.45 मार्च 2010 की तुलना में मार्च 2011 को समाप्त वर्ष में प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण जमाराशि नहीं लेने वाली एनबीएफसी की आस्तियों में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के दौरान एनबीएफसी-एनडी-एसआई की कुल उधार राशियों (जमानती और बेजमानती) में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कुल देयताओं का लगभग दो-तिहाई था (सारणी VI.36)। एनबीएफसी-एनडी-एसआई के मामले में जमानती उधार निधियों का अकेला सबसे बड़ा स्रोत बना रहा, जिसके बाद बेजमानती उधार, आरक्षित निधि तथा अधिशेष का स्थान था।

सारणी VI.33 : अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों का प्रोफाइल

(राशि करोड़ रुपए में)

मद		मार्च के अंत में		घट-बढ़ प्रतिशत	
		2010	2011अ	2009-10	2010-11अ
1		2	3	4	5
क.	**आस्तियां (i से v)**	**17,920**	**11,466**	**-11.6**	**-36.0**
	(i) भार-रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	2,467	1,308	-53.0	-47.0
	(ii) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों / सरकारी वित्तीय संस्थाओं की मीयादी जमाराशि / जमा प्रमाणपत्र में निवेश	4,860	2,652	-19.0	-45.4
	(iii) सरकारी कंपनी/सरकारी क्षेत्र के बैंक / सरकारी वित्त संस्था / निगम के बांड/डिबेंचर/वाणिज्यिक पत्र	5,860	2,876	-16.2	-50.9
	(iv) अन्य निवेश	710	49	137.4	-93.1
	(v) अन्य आस्तियां	4,022	4,582	130.9	13.9
ख.	**निवल स्वाधिकृत निधि**	**2,921**	**2,988**	**56.2**	**2.3**
ग.	**कुल आय (i+ii)**	**1,946**	**1,159**	**-19.5**	**-40.4**
	(i) निधि आय	1,920	1,128	-17.1	-41.2
	(ii) शुल्क आय	26	31	-74.2	18.8
घ.	**कुल व्यय (i+ii+iii)**	**1,400**	**1,006**	**-32.4**	**-28.1**
	(i) वित्तीय लागत	974	631	-39.3	-35.2
	(ii) परिचालन लागत	343	368	-9.5	7.3
	(iii) अन्य लागत	83	7	-3.5	-91.4
ङ	**कराधान**	**164**	**62**	**10.1**	**-62.2**
च.	**परिचालन लाभ (पीबीटी)**	**546**	**153**	**57.5**	**-71.9**
छ.	**निवल लाभ(पीएटी)**	**382**	**91**	**93.1**	**-76.1**

अ: अनंतिम पीबीटीः कर पूर्व लाभ पीएटीः करोत्तर लाभ
स्रोत: वार्षिक विवरणियां।

सारणी VI.34: अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियां - क्षेत्र-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

	2009-10		2010-11अ	
	अ.गै.बैं.कं. की संख्या	सार्वजनिक जमाराशि	अ.गै.बैं.कं. की संख्या	सार्वजनिक जमाराशि
1	2	3	4	5
मध्य	1	11,235	1	5,290
		(77.4)		(66.9)
पूर्वी	1	3,285	1	2,612
		(22.6)		(33.1)
कुल	**2**	**14,521**	**2**	**7,902**
महानगरीय क्षेत्र :				
कोलकाता	1	3,285	1	2,612
कुल	**1**	**3,285**	**1**	**2,612**

अ: अनंतिम।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

सारणी VI.35: अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों के निवेश का स्वरूप

(राशि करोड़ रुपए में)

	2009-10	2010-11अ
1	2	3
जमाकर्ताओं के प्रति समग्र देयताएं (एएलडी)	**14,521**	**7,902**
(i) भार-रहित अनुमोदित प्रतिभूतियां	2,467	1,308
	(17.0)	(16.6)
(ii) बैंकों में सावधि जमाराशियां	4,860	2,652
	(33.5)	(33.6)
(iii) सरकारी कंपनी/सरकारी क्षेत्र के बैंक/ सरकारी वित्तीय संस्था/ निगम के बांड या डिबेंचर या वाणिज्यिक पत्र	5,860	2,876
	(40.4)	(36.4)
(iv) अन्य निवेश	710	49
	(4.9)	(0.6)

अ: अनंतिम।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े एएलडी का प्रतिशत दर्शाते हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

6.46 एनबीएफसी-एनडी-एसआई क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हो रही है तथा उधार उनकी निधियों का अकेला सबसे बड़ा स्रोत है, जो अधिकांशतः बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त होता है। इस प्रकार, उनमें एक प्रणालीगत संबद्धता होती है तथा उन पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रणाली को उनसे कोई जोखिम नहीं है। जहां तक वे बैंक वित्तपोषण पर निर्भर रहते हैं, जमाकर्ताओं के लिए अप्रत्यक्ष एक्सपोज़र रहता है। जहां निधीयन

सारणी VI.36: एनबीएफसी-एनडी-एसआई का समेकित तुलनपत्र

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2009-10	2010-11अ	घट-बढ़ प्रतिशत
1	2	3	4
1. शेयर पूंजी	**36,462**	**40,591**	**11.3**
2. आरक्षिति निधि और अधिशेष	1,27,131	1,45,177	14.2
3. कुल उधार	**3,85,779**	**5,00,938**	**29.9**
अ. जमानती उधार	**1,77,408**	**2,74,990**	**55.0**
अ.1. डिबेंचर	58,590	98,292	67.8
अ.2. बैंकों से उधार	45,850	92,698	102.2
अ.3. वित्तीय संस्थाओं से उधार	7,971	7,769	-2.5
अ.4. उपचित ब्याज	3,526	5,144	45.9
अ.5. अन्य	61,471	71,086	15.6
आ. बेजमानती उधार	**2,08,371**	**2,25,948**	**8.4**
आ.1. डिबेंचर	82,544	74,946	-9.2
आ.2. बैंकों से उधार	43,575	45,129	3.6
आ.3. वित्तीय संस्थाओं से उधार	2,471	2,923	18.3
आ.4. रिश्तेदारों से उधार	1,854	1,127	-39.2
आ.5. इंटर-कारपोरेट उधार	22,153	24,883	12.3
आ.6. वाणिज्यिक पत्र	31,049	32,321	4.1
आ.7. उपचित ब्याज	3,696	4,355	17.8
आ.8. अन्य	21,029	40,263	91.5
4. वर्तमान देयताएं एवं प्रावधान	39,433	43,648	10.7
कुल देयताएं / कुल आस्तियां	**5,88,806**	**7,30,366**	**24.0**
आस्तियां			
1. ऋण तथा अग्रिम	3,48,517	4,58,173	31.5
1.1. जमानती	2,48,655	3,32,544	33.7
1.2. बेजमानती	99,862	1,25,629	25.8
2. किराया खरीद आस्तियां	41,685	50,019	20.0
3. निवेश	1,19,788	1,36,143	13.7
3.1. दीर्घावधि निवेश	82,944	95,662	15.3
3.2. वर्तमान निवेश	36,844	40,481	9.9
4. नकद और बैंक शेष	25,857	29,877	15.5
5. अन्य चालू आस्तियां	40,565	42,444	4.6
6. अन्य आस्तियां	12,393	13,431	8.4
ज्ञापन मदें			
1. पूंजी बाजार एक्सपोजर	59,905	78,399	30.9
जिसमें से			
ईक्विटी शेयर	27,772	31,743	14.3
2. कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में सीएमई	10.2	10.7	
3. लीवरेज अनुपात	2.60	2.93	

अ:अनंतिम।
टिप्पणी: 1 प्रस्तुत आंकड़े एनडीएसआई से संबंधित है जिन्होंने मार्च 2010, मार्च 2011 और जून 2011 की अवधि में लगातार रिपोर्ट किया गया है। रिर्पोट करने वाली सभी एनडी-एसआई की कुल आस्तियों में इन एनडी-एसआई का हिस्सा 93.4 प्रतिशत है।
2. पूंजी बाजार एक्सपोजर (सीएमई) में (i) सूचीबद्ध लिखतों में निवेश और (ii) सीएमई संबद्ध उधार एवं अग्रिम शामिल हैं।
स्रोत : एनडी-एसआई की मासिक विवरणी।

के संकेंद्रण में जोखिम रहती है, वहीं एनबीएफसी को दिए गए बैंक उधार पर अधिकतम सीमा निर्धारित करने से उनकी वृद्धि बाधित हो सकती है। समूचे एनबीएफसी-एनडी-एसआई क्षेत्र का लीवरेज अनुपात 2010-11 में 2.93 तक बढ़ गया। तथापि, संवेदनशील क्षेत्र, जो पूंजी बाजार जैसे संभाव्य उछाल-गिरावट के चक्र के प्रति प्रणत रहता है, के प्रति एनडी-एसआई क्षेत्र के एक्सपोज़र में भी वृद्धि दिखायी देती है। वित्तीय क्षेत्र में तेजी से होते बदलाव ने विनियामक के समक्ष नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं और विशेष रूप से काफी जटिल एनबीएफआई क्षेत्र के लिए एक उपयुक्त विनियामक सुरक्षात्मक ढांचा तैयार करना मुख्य चुनौती है (बॉक्स VI.3)।

एनबीएफसी-एनडी-एसआई का क्षेत्रवार उधार

6.47 एनबीएफसी-एनडी-एसआई के कुल उधार के क्षेत्रवार विश्लेषण से मालूम होता है कि उत्तरी क्षेत्र के साथ पश्चिमी क्षेत्र ने मार्च 2011 तथा मार्च 2010 के समाप्त वर्ष के दौरान कुल उधार में 80 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा बनाए रखा; यह प्रवृत्ति जून 2011 को समाप्त तिमाही के दौरान भी बनी रही। पिछले वर्ष की तुलना में मार्च 2011 को समाप्त तिमाही के दौरान सभी क्षेत्रों में काफी अधिक वृद्धि दर्ज की गयी। जून 2011 को समाप्त तिमाही के दौरान सभी क्षेत्रों में इसी प्रकार की प्रवृत्ति बनी रही।(सारणी VI.37)।

वित्तीय कार्यनिष्पादन

6.48 एनबीएफसी-एनडी-एसआई क्षेत्र के वित्तीय कार्यनिष्पादन में थोड़ा सुधार हुआ जैसा कि पिछले वर्ष की तुलना में 2010-11 के दौरान निवल लाभ की वृद्धि में दिखायी देता है। इस अवधि के दौरान आस्ति पर प्रतिलाभ में कोई बदलाव नहीं हुआ (सारणी VI.38)। समूची एनबीएफसी-एनडी-एसआई क्षेत्र की कुल आस्तियों की तुलना

सारणी VI.37: जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की उधार राशियां

(राशि करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	मार्च 2010	मार्च 2011अ	जून 2011अ
1	2	3	4
उत्तरी	2,09,491	2,68,356	2,72,228
पूर्व	13,500	16,937	18,458
पश्चिमी	1,07,846	1,36,877	1,48,291
दक्षिणी	54,943	78,768	85,847
कुल उधार राशियां	**3,85,779**	**5,00,938**	**5,24,823**

अ: अनंतिम।
स्रोत : एनबीएफसी-एनडी-एसआई की मासिक विवरणी।

सारणी VI.38: जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च 2010	मार्च 2011अ	जून 2011अ
1	2	3	4
1. कुल आय	60,932	71,696	20,765
2. कुल व्यय	43,609	50,118	14,842
3. निवल लाभ	12,231	15,619	4,667
4. कुल आस्तियां	5,88,806	7,30,366	7,61,805
वित्तीय अनुपात			
(i) कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में आय	10.3	9.8	2.7
(ii) कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में व्यय	7.4	6.9	1.9
(iii) कुल आय की तुलना में निवल लाभ	20.1	21.8	22.5
(iv) कुल आस्तियों की तुलना में निवल लाभ	2.1	2.1	0.6

अ: अनंतिम।
स्रोत : एनडी-एसआई की मासिक विवरणी (100 करोड़ रुपए और अधिक)।

में सकल एवं निवल दोनों अनर्जक आस्तियों के अनुपात में मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के दौरान गिरावट आई। जून 2011 को, अनर्जक आस्तियों के अनुपात में थोड़ी वृद्धि हुई (सारणी VI.39)। मार्च 2011 के अंत तक 253 एनबीएफसी-एनडी-एसआई में से 104 कंपनियों ने अपनी आस्तियों के निधीयन के लिए अपनी खुद की निधि पर निर्भरता दिखायी। तथापि, कुछ कंपनियों ने अपनी आस्तियों के बड़े हिस्से के निधीयन के लिए आईसीडी/वाणिज्यिक पत्र/बैंकों पर निर्भरता दिखायी (सारणी VI.40)।

6.49 मार्च 2011 की स्थिति तक, सीआरएआर के अनुसार रिपोर्ट करने वाली अधिकांश कंपनियों ने न्यूनतम 15 प्रतिशत की पूंजी पर्याप्तता मानदंड को बनाए रखा (सारणी VI.41)। यह बताता है कि एनबीएफसी-एनडी-एसआई के पास काफी गुंजाइश है कि वह आगे विस्तार हेतु अपनी इस पूंजी का उपयोग करे। ये कंपनियां भी अपने मीयादी उधार, कार्यशील पूंजीगत उधार, तथा डिबेंचर/वाणिज्यिक पत्र के लिए मुख्य रूप से राष्ट्रीयकृत बैंकों पर निर्भर थीं। निजी क्षेत्र के नए बैंक दूसरे बड़े बैंक समूह बनकर उभरे हैं, जिनसे ये कंपनियां मीयादी उधार तथा कार्यशील पूंजीगत उधार जुटा सकती हैं (सारणी VI.42)।

सारणी VI.39: गैर-बैंकिंग कंपनी एनडी-एसआई के अनर्जक आस्ति अनुपात

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च 2010	मार्च 2011अ	जून 2011अ
1	2	3	4
1. सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए	2.8	1.8	2.3
2. निवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए	1.2	0.7	1.2
3. कुल आस्तियों की तुलना में सकल एनपीए	2.0	1.3	1.7
4. कुल आस्तियों की तुलना में निवल एनपीए	0.9	0.5	0.9

अ: अनंतिम।
स्रोत : एनडी-एसआई की मासिक विवरणी (100 करोड़ रुपए और अधिक)।

बॉक्स VI.3: एनबीएफसी क्षेत्र के मुद्दों और चिंताओं पर गठित कार्यदल की सिफारिशें

भारतीय रिज़र्व बैंक ने एनबीएफसी क्षेत्र के विनियमन से जुड़े उभरते हुए विभिन्न मुद्दों पर विचार करने के लिए 'एनबीएफसी क्षेत्र के मुद्दों एवं चिंताओं' पर एक कार्यदल गठित किया (अध्यक्षः श्रीमती उषा थोराट)। *उदाहरणार्थ* ये मुद्दे हैं, (i) एनबीएफसी के 'मुख्य कारोबार' की अवधारणा की समीक्षा और एक अलग विनियामक श्रेणी की आवश्यकता पर पुनः विचार; (ii) एनबीएफसी के प्रवेश मानदंड की पुनः समीक्षा; (iii) एनबीएफसी की कुछ विशेष श्रेणियों को छूट देनेवाले वर्तमान ढांचे की पुनः समीक्षा; (iv) किसी एक समूह के भीतर एक से अधिक एनबीएफसी के लिए और विनिर्माण एवं औद्योगिक घरानों द्वारा निर्मित कैप्टिव एनबीएफसी के लिए नीति का निर्माण; (v) एनबीएफसी के विनियमन को बैंकों की सर्वोत्तम विनियामक परिपाटी के समरूप लाने की आवश्यकता पर विचार; (vi) एनबीएफसी के लिए व्यापक 'डिस्क्लोजर मानदंड' की सिफारिश; (vii) एनबीएफसी-एनडी-एसआई के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों के लिए व्यावसायिक अर्हता निर्धारित करने की आवश्यकता पर विचार; (viii) एक या अलग-अलग प्रकार की एनबीएफसी की आस्तियों की निगरानी करने की आवश्यकता पर विचार; (ix) एनबीएफसी के आकार और अन्य संस्थाओं के साथ उनकी अंतर्संबद्धता को ध्यान में रखते हुए उनके पर्यवेक्षण की आवधिकता और गंभीरता के मद्देनजर नीतियां बनाना।

इस रिपोर्ट को जनता की टिप्पणियों के लिए 23 अगस्त 2011 को रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर रखा गया। इस कार्यदल की महत्त्वपूर्ण सिफारिशें इस प्रकार हैं :

(i) जब तक भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम में संशोधन नहीं हो जाता है, तब तक रिज़र्व बैंक के पास पंजीकरण के लिए लंबित सभी नए एनबीएफसी के लिए न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधि आवश्यकता वर्तमान 2 करोड़ रुपए ही रखी जाए। तथापि, रिज़र्व बैंक किसी नए एनबीएफसी के पंजीकरण में न्यूनतम 50 करोड़ रुपए से अधिक आस्ति आकार होने पर जोर दे सकता है। वर्तमान में ऐसे एनबीएफसी जो इस सीमा से नीचे हैं, उनका पंजीकरण समाप्त हो सकता है या उन्हें दो वर्ष पूरे होने पर नए पंजीकरण प्रमाणपत्र लेने के लिए कहा जा सकता है;

(ii) जनता से जमाराशि नहीं लेनेवाली एनबीएफसी को पंजीकरण से छूट दी जा सकती है बशर्ते उनकी आस्ति 1000 करोड़ रुपए से कम हो;

(iii) किसी पंजीकृत एनबीएफसी की शेयरधारिता में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 25 प्रतिशत या इससे अधिक के हस्तांतरण, नियंत्रण में परिवर्तन, विलयन या अधिग्रहण में रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति होनी चाहिए;

(iv) किसी एनबीएफसी के मुख्य कारोबार का निर्धारण करने में आस्ति और आय दोनों मानदंडों को बढ़ाकर क्रमशः आस्तियों का 75 प्रतिशत तथा आय का 75 प्रतिशत किया जाए। मुख्य कारोबार संबंधी संशोधित मानदंड को पूरा करने के लिए तीन वर्ष की अवधि दी जा सकती है;

(v) सभी पंजीकृत जमाराशि स्वीकार करने वाली और जमाराशि स्वीकार न करनेवाली एनबीएफसी के लिए यह निर्दिष्ट किया जाए कि वे तीन वर्ष में सीआरएआर (जोखिम भारित आस्ति की तुलना में पूंजी अनुपात) के प्रयोजन से 12 प्रतिशत टियर I पूंजी का लक्ष्य प्राप्त करें;

(vi) सभी पंजीकृत एनबीएफसी के लिए चलनिधि अनुपात की शुरुआत इस रूप में की जा सकती है कि यदि पहले 30 दिनों में उनके संचयी बर्हिप्रवाह और संचयी अंतर्प्रवाह में कोई अंतर होता है तब नकदी, बैंक बैलेंस और धारित सरकारी प्रतिभूतियां पूरी तरह उसकी भरपाई कर दें;

(vii) बैंकों पर लागू आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण मानदंड चरणबद्ध तरीके से एनबीएफसी पर भी लागू किया जाए। बैंकों की ही भांति, विनियमन के तहत किए गए प्रावधानों पर, उपयुक्त आयकर कटौती की अनुमति दी जा सकती है। बैंकों पर लागू लेखांकन मानदंडों को एनबीएफसी पर भी लागू किया जाए;

(viii) एनबीएफसी जब शेयर ब्रोकरों और मर्चेंट बैंकों को उधार देते हैं, तब उन पर बैंकों के समान विनियमन लागू किया जाए और जब वे मार्जिन वित्तपोषण का काम करते हैं, तब उन पर वैसे ही विनियमन लागू किए जाएं जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर ब्रोकरों के लिए निर्दिष्ट किया है;

(ix) बड़े एनबीएफसी जिनके समूह में शेयर ब्रोकर और मर्चेंट बैंक होते हैं उनके पर्यवेक्षण के लिए वित्तीय संगुट दृष्टिकोण अपनाया जाए;

(x) सरकारी स्वामित्व वाली संस्थाएं जो एनबीएफसी के लिए योग्य पाई गई हैं, वे शीघ्र अति शीघ्र एनबीएफसी पर लागू विनियामक ढांचे का पालन करें;

(xi) यदि किसी बैंक में समूह कोई एनबीएफसी शामिल है, तो रीयल इस्टेट के प्रति बैंक के एक्सपोजर की बोर्ड अनुमत सीमा को पूरे बैंक समूह पर लागू किया जाए। ऐसे एनबीएफसी जो बैंकों द्वारा प्रायोजित नहीं किए गए हैं या जिनके समूह में कोई बैंक नहीं है, उनके पूंजी बाजार एक्सपोजर (सीएमई) और वाणिज्यिक रीयल इस्टेट (सीआरई) एक्सपोजर के लिए जोखिम भार को बढ़ाकर क्रमशः 150 प्रतिशत और 125 प्रतिशत किया जाए। बैंक प्रायोजित एनबीएफसी के मामले में, सीएमई और सीआरई के लिए जोखिम भार वैसा ही रखा जा सकता है जैसा कि बैंकों के लिए निर्धारित किया गया है;

(xii) कैप्टिव एनबीएफसी जिनके कारोबारी स्वरूप का मुख्य ध्येय (90 प्रतिशत या इससे अधिक) मूल कंपनी के उत्पादों का वित्तपोषण करना है, वे पंजीकरण के समय से 12 प्रतिशत टीयर I पूंजी बनाए रख सकते हैं। ऐसी कंपनियों के पर्यवेक्षी जोखिम का आकलन करते समय मूल कंपनी के जोखिम पर भी ध्यान दिया जाए;

(xiii) पंजीकरण और पर्यवेक्षण के प्रयोजन से 100 करोड़ रुपए की कट ऑफ सीमा का निर्धारण करने में किसी एक समूह की सभी एनबीएफसी की कुल आस्तियों को एक साथ लिया जाए;

(xiv) 100 करोड़ रुपए और इससे अधिक आस्तिवाली सभी एनबीएफसी के लिए, चाहे वे सूचीबद्ध हों या न हों, सेबी लिस्टिंग एग्रीमेंट के खंड 49 के तहत अनिवार्य प्रकटीकरण का अनुपालन जरूरी किया जाए।

(xv) 100 करोड़ रुपए और इससे अधिक आस्ति वाले एनबीएफसी के प्रकटीकरण में निम्नलिखित को शामिल किया जाएः प्रावधान कवरेज अनुपात, चलनिधि अनुपात, आस्ति देयता प्रोफाइल, मूल कंपनी के उत्पादों के वित्तपोषण की सीमा, अनर्जक आस्तियों में घट-बढ़, तुलनपत्र से इतर एक्सपोजर, संरचनागत उत्पाद और प्रतिभूतिकरण/समनुदेशन।

(xvi) 1,000 करोड़ रुपए और इससे अधिक आस्तिवाली एनबीएफसी का वार्षिक आधार पर व्यापक रूप से निरीक्षण किया जाए और वे वार्षिक स्ट्रेस टेस्ट के अधीन हों ताकि उनकी नाजुकता का आकलन किया जा सके।

4. प्राथमिक व्यापारी

6.50 30 जून 2011 की स्थिति के अनुसार, 21 प्राथमिक व्यापारी (पीडी) थे जिनमें से 13 बैंक थे जो विभागीय तौर पर प्राथमिक व्यापारी संबंधी कारोबार कर रहे थे (बैंक पीडी) तथा शेष आठ बैंकेतर संस्थाएं थीं, जिन्हें स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारी के रूप में जाना जाता है, और जो भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की

सारणी VI.40: सार्वजनिक निधियों पर निर्भरता

(31मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार)

(कंपनियों की संख्या)

निर्भरता (कुल देयताओं की तुलना में प्रतिशत)	स्वाधिकृत निधि	बैंक	डिबेंचर	अंतर-कंपनी जमाराशियां	वाणिज्यिक पत्र
1	2	3	4	5	6
0 प्रतिशत	0	179	187	182	216
0 से 20 प्रतिशत	46	30	35	49	23
20 से 40 प्रतिशत	47	24	18	10	8
40 से 60 प्रतिशत	27	15	9	7	3
60 से 80 प्रतिशत	29	5	4	2	3
80 से 100 प्रतिशत	104	0	0	3	0
कुल रिपोर्टिंग कंपनियां	253	253	253	253	253

धारा 45 आईए के अंतर्गत एनबीएफसी के रूप में पंजीकृत हैं। अप्रैल 2011 में, गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) कैपिटल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड को स्टैंडएलोन आधार पर पीडी संबंधी कारोबार करने के लिए प्राधिकार दिया गया। इसके अलावा, आईडीबीआई गिल्ट्स लिमिटेड के अपनी मूल कंपनी में विलय के अनुसरण में, अप्रैल 2011 से आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को विभागीय तौर पर पीडी कारोबार करने के लिए प्राधिकृत किया गया।

प्राथमिक व्यापारियों का परिचालन और कार्यनिष्पादन

6.51 वर्ष 2010-11 के दौरान, खजाना बिलों (टी-बिल) की नीलामी में प्राथमिक व्यापारियों ने 3,66,320 करोड़ रुपए की अपनी बोली संबंधी वचनबद्धता की तुलना में सामूहिक तौर पर (बैंक-पीडी सहित) 6,87,416 करोड़ रुपए की वास्तविक बोली लगायी। वर्ष के दौरान सफलता अनुपात, अर्थात्, प्राथमिक व्यापारियों की कुल वचनबद्धता में उनकी स्वीकृत बोलियों की कुल राशि का अनुपात बढ़कर 62 प्रतिशत हो गया, जबकि 2009-10 में यह 56 प्रतिशत था। नकदी प्रबंधन बिलों (सीएमबी) की नीलामी में, 12,000 करोड़ रुपए की कुल अधिसूचित राशि की तुलना में प्राथमिक व्यापारियों ने 38,495 करोड़ रूपए की बोली लगाई जिसमें से पीडी की कुल

सारणी VI.41: एनबीएफसी-एनडी-एसआई की पूंजी पर्याप्तता अनुपात

(31मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार)

(कंपनियों की संख्या)

सीआरएआर का दायरा	आ.वि.कं.	बु.वि.कं.	नि.कं.	ऋ.कं.	कुल
1	2	3	4	5	6
12 प्रतिशत से कम	-	-	4	2	6
12 प्रतिशत से अधिक और 15 प्रतिशत तक	-	-	3	1	4
15 प्रतिशत से अधिक और 20 प्रतिशत तक	7	1	3	22	33
20 प्रतिशत से अधिक और 30 प्रतिशत तक	4	1	9	19	33
30 प्रतिशत से अधिक	4	1	127	66	198
कुल	**15**	**3**	**146**	**110**	**274**

टिप्पणी: आ.वि.कं.- आस्ति वित्त कंपनियां; बु.वि.कं.-बुनियादी ढांचा वित्त कंपनियां; नि.कं.- निवेश कंपनियां; ऋ.कं.- ऋण कंपनियां

स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

बोलियों का 68.1 प्रतिशत स्वीकार किया गया। प्राथमिक व्यापारियों के लिए छमाही आधार पर खजाना बिलों और सीएमबी को मिलाकर न्यूनतम 40 प्रतिशत सफलता अनुपात प्राप्त करना आवश्यक है। सभी प्राथमिक व्यापारियों ने 2010-11 की पहली और दूसरी छमाहियों में निर्धारित सफलता अनुपात प्राप्त कर लिया।

6.52 वर्ष 2010-11 के दौरान, भारत सरकार ने बाजार उधारी कार्यक्रम के तहत 4,37,000 करोड़ रुपए की दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियां जारी किया। प्राथमिक व्यापारी (बैंक -पीडी सहित) 4,37,000 करोड़ रुपए की अधिसूचित राशि की तुलना में 7,97,545 करोड़ रुपए राशि की दिनांकित सरकारी - प्रतिभूतियों की हामीदारी के लिए तैयार हुए। दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में, प्राथमिक व्यापारियों का हिस्सा (जारी प्रतिभूतियों के अनुपात में स्वीकृत बोलियां) 2010-11 में बढ़कर 49.6 प्रतिशत हो गया, जबकि 2009-10 में यह 42.0 प्रतिशत था (डिवॉल्वमेंट छोड़कर) (सारणी VI.43)। वर्ष 2010-11 के दौरान प्राथमिक व्यापारियों पर 6 बार 5,772.7 करोड़ रुपए की राशि का आशिंक

सारणी VI.42: एनबीएफसी -एनडी - एसआई का बैंक एक्सपोजर

(31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार)

(राशि करोड़ रुपए में)

बैंक समूह	मीयादी ऋण	कार्यकारी पूंजी ऋण	डिबेंचर/वाणिज्यिक पत्र	अन्य	जोड़
1	2	3	4	5	6
क. राष्ट्रीयकृत बैंक	74,806	14,233	4,519	312	93,870
ख. स्टेट बैंक समूह	8,634	5,089	1,120	25	14,868
ग. पुराने प्राइवेट बैंक	4,892	1,081	653	85	6,712
घ. नए प्राइवेट बैंक	23,076	6,541	3,463	370	33,450
ङ विदेशी बैंक	6,947	1,958	995	725	10,625
सभी बैंक	**1,18,356**	**28,902**	**10,750**	**1,517**	**1,59,525**

स्रोत: मासिक विवरणियां।

सारणी VI.43 : प्राथमिक बाजार में प्राथमिक व्यापारियों का कार्य-निष्पादन

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

	2010	2011
1	2	3
खजाना बिल		
अधिसूचित राशि	3,80,000	3,04,000
बोली वचनबद्धता	4,17,060	3,66,320
वास्तविक प्रस्तुत बोलियां	7,54,041	6,87,416
कवर की तुलना में बोलियों का अनुपात	2.0	2.3
स्वीकृत बोलियां	2,33,648	2,27,104
सफलता अनुपात (प्रतिशत में)	56.0	62.0
केंद्र सरकार की प्रतिभूतियां		
अधिसूचित राशि	4,18,000	4,37,000
वास्तविक प्रस्तुत बोलियां	5,35,722	6,23,939
कवर की तुलना में बोलियों का अनुपात	1.3	1.4
स्वीकृत बोली	1,75,609	2,16,535
पीडी का हिस्सा (प्रतिशत में)	42.0	49.6

डिवॉल्वमेंट हुआ, जबकि 2009-10 में 18 बार 7,219.2 करोड़ रुपए का डिवॉल्वमेंट हुआ था।

स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का कार्यनिष्पादन

6.53 वर्ष 2010-11 के दौरान, द्वितीयक सरकारी प्रतिभूति बाजार में, बाजार प्रतिभागियों के कुल टर्नओवर की तुलना में स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों के टर्नओवर का हिस्सा एकमुश्त लेन-देन के मामले में 15.9 प्रतिशत से बढ़कर 19 प्रतिशत और रेपो लेन-देन के मामले में 7 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गया। स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का समग्र हिस्सा 8.7 प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया (सारणी VI.44)।

स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों की निधियों का स्रोत तथा उपयोग

6.54 वर्ष 2010-11 के दौरान, आईडीबीआई गिल्ट्स लिमिटेड और नॉमुरा फिक्सड इन्कम सिक्युरिटिज लिमिटेड ने नई पूंजी डाली। तथापि, एसबीआई डीएफएचआई लिमिटेड द्वारा अपनी पूंजी की आंशिक वापसी-खरीद के चलते, पीडी के आरक्षित निधि और अधिशेष को मिलाकर इनकी पूंजी में थोड़ी गिरावट हुई। एक ओर पीडी के बेजमानती ऋण में 24 प्रतिशत की गिरावट हुई, वहीं दूसरी ओर इनके जमानती ऋण में 152 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

6.55 निधि के उपयोग के मामले में, वर्ष 2010-11 में सरकरी प्रतिभूतियों में निवेश में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि 2009-10 में इसमें 14 प्रतिशत की गिरावट हुई थी। तथापि, कंपनी बांडों में निवेश में 2009-10 के 77 प्रतिशत की तुलना में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई (सारणी VI.45)।

सारणी VI.44: द्वितीयक बाजार में स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का कार्य-निष्पादन

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

	2010	2011
1	2	3
एकमुश्त		
स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का टर्न ओवर	9,02,093	10,89,956
बाजार का टर्न ओवर	56,84,838	57,41,904
प्राथमिक व्यापारी का हिस्सा (प्रतिशत)	15.9	19.0
रिपो		
स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का टर्न ओवर	17,00,382	11,45,970
बाजार का टर्न ओवर	2,41,83,229	81,98,568
प्राथमिक व्यापारी का हिस्सा (प्रतिशत)	7.0	14.0
कुल		
स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का टर्न ओवर	26,02,475	22,35,926
बाजार का टर्न ओवर	2,98,68,067	1,39,40,472
प्राथमिक व्यापारी का हिस्सा (प्रतिशत)	8.7	16.0

स्रोत: सीसीआईएल।

स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का वित्तीय कार्यनिष्पादन

6.56 वर्ष 2010-11 में ट्रेडिंग आय में सुधार होने के बावजूद, प्राथमिक व्यापारियों के निवल लाभ में लगभग 22 प्रतिशत की गिरावट हुई और ऐसा मुख्य रूप से उनके ब्याज व्यय में वृद्धि और अन्य आय में आई गिरावट की वजह से हुआ। वर्ष के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल बढ़ने से स्टैंडएलोन पीडी के खजाना लाभ पर असर पड़ा (सारणी VI.46 और परिशिष्ट सारणी VI.2)।

6.57 कुल मिलाकर, निवल लाभ में 22 प्रतिशत की गिरावट के चलते आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) 2009-10 के 1.8 प्रतिशत से घटकर 2010-11 में 1.1 प्रतिशत हो गया, जबकि औसत आस्तियों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई (सारणी VI.47)। स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों के पूंजी का समूह अच्छा बना रहा। अलग-अलग स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का सीआरएआर मार्च 2011 के अंत में निर्धारित न्यूनतम 15 प्रतिशत से अधिक बना रहा। एक समूह के रूप में स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का सीआरएआर मार्च 2011 के अंत 46.2 प्रतिशत रहा। (सारणी VI.48 और परिशिष्ट सारणी VI.3)। मार्च 2011 के अंत में, प्राथमिक व्यापारियों के कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में उनके द्वारा धारित सरकारी प्रतिभूतियां बढ़कर 66 प्रतिशत हो गईं, जबकि पिछले वर्ष यह 61 प्रतिशत थीं (सारणी VI.49)।

सारणी VI.45: स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों की निधियों के स्रोत और उपयोग

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में			प्रतिशत घट-बढ़	
	2009	2010	2011	2010	2011
1	2	3	4	5	6
निधियों के स्रोत	**10,307**	**10,308**	**13,030**	**0.01**	**26.40**
1 पूंजी	1,121	1,541	1,521	37.47	-1.30
2 आरक्षित निधि और अधिशेष	2,213	1,925	1,886	-13.01	-2.01
3 ऋण (क+ख)	6,973	6,842	9,622	-1.88	40.64
क) जमानती	2,945	2,522	6,352	-14.36	151.85
ख) बेजमानती	4,028	4,320	3,271	7.25	-24.29
निधियों का उपयोग	**10,307**	**10,308**	**13,030**	**0.01**	**26.40**
1 अचल आस्तियां	13	14	38	7.69	169.86
2 निवेश (क से ग)	7,891	7,280	9,817	-7.74	34.86
क) सरकारी प्रतिभूतियां	7,305	6,258	8,648	-14.33	38.19
ख) वाणिज्यिक पत्र	88	142	10	61.36	-93.08
ग) कंपनी बांड	498	880	1,160	76.71	31.76
3 ऋण और अग्रिम	959	741	429	-22.73	-42.12
4 गैर-चालू आस्तियां	0	0	0		
5 ईक्विटी, म्युच्युअल फंड आदि	22	68	25	209.09	-63.59
6 अन्य *	1,422	2,205	2,721	55.07	23.38

*: अन्य में नकदी + सीडी + बैंक शेष + उपचित ब्याज + आस्थिगत कर अस्तियां - चालू देयताएं और प्रावधान शामिल हैं।
स्रोत : प्राथमिक व्यापारियों के वार्षिक रिपोर्ट।

5. निष्कर्ष

6.58 वित्तीय संस्थाओं ने वर्ष 2010-11 में पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अधिक संसाधन जुटाए। संसाधन जुटाने वाले सभी घटकों, अल्पावधि, दीर्घावधि और विदेशी मुद्रा संसाधनों में तेज वृद्धि देखी गई। तथापि, रुपया संसाधनों की औसत भारित लागत हर स्तर पर बढ़ गई। वर्ष 2010-11 में वित्तीय संस्थाओं के परिचालन लाभ और निवल लाभ में आई कमी की वजह से उनके वित्तीय निष्पादन में गिरावट हुई। वर्ष के दौरान मुख्यतः वेतन संशोधन के चलते उनके परिचालन व्यय में काफी तेज वृद्धि हुई। 2010-11 में वित्तीय संस्थाओं की निवल अनर्जक आस्तियों की राशि में वृद्धि हुई। सभी वित्तीय संस्थाओं का सीआरएआर 9 प्रतिशत के निर्धारित मानदंड से ऊपर बना रहा जो इस बात का संकेत था कि आगे ऋण के विस्तार के लिए पूंजी के उपयोग की गुंजाइश है।

सारणी VI.46: स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2009-10	2010-11	2009-10 की तुलना में घट-बढ़	
			राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
क. आय (i + ii + iii)	**804**	**1,079**	**275**	**25.5**
i) ब्याज और बट्टा	690	970	280	28.8
ii) कारोबारी लाभ	-30	58	88	151.9
iii) अन्य आय	144	51	-93	-181.3
ख. व्यय (i + ii)	**452**	**811**	**359**	**44.3**
i) ब्याज	302	653	351	53.8
ii) प्रशासनिक लागत	150	158	8	4.9
कर पूर्व लाभ	**343**	**272**	**-71**	**-26.2**
करोत्तर लाभ	**227**	**178**	**-49**	**-27.4**

स्रोत: प्राथमिक व्यापारियों के वार्षिक रिपोर्ट।

6.59 2010-11 में एनबीएफसी-डी के वित्तीय कार्यनिष्पादन में सुधार हुआ जैसा कि उनकी कुल आस्तियों की तुलना में निवल लाभ के अनुपात में हुई वृद्धि से प्रतिबिंबित होता है। एनबीएफसी-डी की अनर्जक आस्तियों के तीनों प्रकार जैसे अवमानक , संदिग्ध और हानि वाली आस्तियों के हिस्से में आई गिरावट उनकी आस्ति गुणवता में हुए सुधार को रेखांकित करती है। अधिकांश एनबीएफसी-डी का सीआरएआर 15 प्रतिशत से अधिक था जो इस क्षेत्र में हो रहे समेकन प्रक्रिया का प्रतीक है। एनबीएफसी-डी के तुलन पत्र का आकार बढ़

सारणी VI.47: प्राथमिक व्यापारियों के वित्तीय संकेतक

(राशि करोड़ रुपए में)

संकेतक	2009-10	2010-11
1	2	3
i) निवल लाभ	227	178
ii) औसत आस्तियां	12,815	16,697
iii) औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (प्रतिशत में)	1.8	1.1

स्रोत: प्राथमिक व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत विवरणियां।

सारणी VI.48: स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों का सीआरएआर

(मार्च केअंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

विवरण	2010	2011
1	2	3
1. कुल निवल पूंजीगत निधि	3,610	3,626
2. कुल जोखिम भारित आस्तियां	8,308	7,858
क) क्रेडिट जोखिम	2,803	3,350
ख) बाजार जोखिम	5,505	4,508
3. सीआरएआर(प्रतिशत)	43.5	46.2

स्रोत: प्राथमिक व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत विवरणियां।

सारणी VI.49 : प्राथमिक व्यापारियों के चुनिंदा संकेतक

(मार्च केअंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2010	2011
1	2	3
कुल आस्तियां	10,308	13,030
इनमें से : सरकारी प्रतिभूतियां	6,258	8,648
कुल आस्तियों के प्रतिशत के रुप में		
सरकारी प्रतिभूतियां	61	66
चलनिधि समर्थन सीमा	3,000	3,000

स्रोत : प्राथमिक व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत विवरणियां ।

गया। आस्ति पक्ष में, ऋण और अग्रिम सबसे बड़े स्रोत बने रहे जिसके बाद निवेश का स्थान था। दो वर्ष से अधिक और तीन वर्ष तक की परिपक्वता अवधि वाले जमाराशियों के हिस्से में वृद्धि हुई। एनबीएफसी-डी क्षेत्र की कुल आस्तियों में आस्ति वित्त कंपनियों का हिस्सा दो-तिहाई से अधिक था।

6.60 एनबीएफसी-एनडी-एसआई क्षेत्र के वित्तीय कार्यनिष्पादन में भी काफी सुधार हुआ जैसा कि इनके निवले लाभ में हुई वृद्धि से प्रतिबिंबित होता है। लेकिन, 2010-11 में, कुल आस्तियों की तुलना में निवल लाभ के अनुपात में कोई बदलाव नहीं हुआ। यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और मुख्य रूप से बैंकों / वित्तीय संस्थाओं से मिलने वाला उधार इनकी निधि के सबसे बड़े स्रोत हैं। इस प्रकार, इनमें प्रणालीगत वित्तीय अंतर्संबद्धता है जिसकी गंभीरतापूर्वक निगरानी करने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इससे प्रणाली को किसी प्रकार जोखिम नहीं है।

6.61 वर्ष 2010-11 में मुख्यतः प्राथमिक व्यापारियों के ब्याज व्यय में हुई अनुपात से अधिक वृद्धि और अन्य आय हुई में कमी के चलते उनके निवल लाभ में गिरावट दर्ज हुई। सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल से बढ़ने से स्टैंडएलोन प्राथमिक व्यापारियों के लाभ पर असर पड़ा।

6.62 एनबीएफसी क्षेत्र की वर्तमान विनियामक खामी, आस्ति में तेज वृद्धि और वित्तीय क्षेत्र में अंतर्संबद्धता के फैलाव के चलते जोखिम की धारणा में लगातार हो रहे बदलाव को प्रतिफलित करने के प्रयोजन से इस क्षेत्र से संबंधित वर्तमान पर्यवेक्षी ढांचे में सुधार करने की जरूरत है।

परिशिष्ट सारणी IV.1 : भारत के अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के तुलनपत्र से इतर एक्सपोजर

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	मद	सरकारी क्षेत्र के बैंक			राष्ट्रीयकृत बैंक *			स्टेट बैंक समूह			निजी क्षेत्र के बैंक		
		2009-10	2010-11	प्रतिशत घट-बढ़	2009-10	2010-11	प्रतिशत घट-बढ़	2009-10	2010-11	प्रतिशत घट-बढ़	2009-10	2010-11	प्रतिशत घट-बढ़
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	वायदा विनिमय संविदा	9,59,454 (21.6)	11,91,753 (22.5)	24.2	6,00,770 (19.8)	7,61,450 (20.6)	26.8	3,58,684 (25.4)	4,30,303 (26.9)	20.0	11,20,390 (97.4)	14,68,535 (105.0)	31.1
2.	दी गई गारंटियां	3,30,555 (7.4)	4,19,552 (7.9)	26.9	2,12,317 (7.0)	2,57,435 (7.0)	21.3	1,18,238 (8.4)	1,62,116 (10.2)	37.1	1,32,673 (11.5)	1,84,441 (13.2)	39.0
3.	स्वीकृतियाँ, समर्थन *आदि.*	4,73,793 (10.7)	5,78,359 (10.9)	22.1	2,47,973 (8.2)	3,07,363 (8.3)	24.0	2,25,820 (16.0)	2,70,996 (17.0)	20.0	5,89,611 (51.2)	6,94,743 (49.7)	17.8
	आकस्मिक देयतांएं	**17,63,802 (39.7)**	**21,89,664 (41.4)**	**24.1**	**10,61,059 (35.0)**	**13,26,248 (35.9)**	**25.0**	**7,02,742 (49.8)**	**8,63,415 (54.0)**	**22.9**	**18,42,674 (160.1)**	**23,47,719 (167.9)**	**27.4**

क्रम सं.	मद	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक			निजी क्षेत्र के नए बैंक			विदेशी बैंक			अनुसूचित वाणिज्य बैंक		
		2009-10	2010-11	प्रतिशत घट-बढ़	2009-10	2010-11	प्रतिशत घट-बढ़	2009-10	2010-11	प्रतिशत घट-बढ़	2009-10	2010-11	प्रतिशत घट-बढ़
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	वायदा विनिमय संविदा	99,833 (37.1)	1,05,080 (34.0)	5.3	10,20,558 (115.7)	13,63,455 (125.2)	33.6	59,60,248 (1,369.0)	80,71,241 (1,642.1)	35.4	80,40,092 (133.4)	1,07,31,529 (149.4)	33.5
2.	दी गई गारंटियां	12,276 (4.6)	16,306 (5.3)	32.8	1,20,397 (13.7)	1,68,135 (15.4)	39.7	59,949 (13.8)	69,543 (14.2)	16.0	5,23,177 (8.7)	6,73,536 (9.4)	28.7
3.	स्वीकृतियाँ, समर्थन *आदि.*	12,022 (4.5)	17,750 (5.7)	47.7	5,77,589 (65.5)	6,76,993 (62.2)	17.2	9,05,006 (207.9)	11,60,222 (236.1)	28.2	19,68,410 (32.7)	24,33,324 (33.9)	23.6
	आकस्मिक देयतांएं	**1,24,131 (46.2)**	**1,39,136 (45.0)**	**12.1**	**17,18,543 (194.9)**	**22,08,583 (202.8)**	**28.5**	**69,25,203 (1,590.7)**	**93,01,006 (1,892.7)**	**34.3**	**1,05,31,679 (174.7)**	**1,38,38,389 (192.6)**	**31.4**

* : आईडीबीआई बैंक लि. शामिल है।

टिप्पणी: कोष्ठकों के आंकड़े संबंधित बैंक समूह की कुल देयताओं का प्रतिशत दर्शाते हैं।

स्रोत: संबंधित बैंकों के तुलनपत्र।

परिशिष्ट सारणी IV.2(अ) : सरकारी क्षेत्र के बैंकों की अनर्जक आस्तियां - क्षेत्रवार

(मार्च 2011 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	बैंक का नाम	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		*जिसमें से,* कृषि		*जिसमें से,* माइक्रो और लघु उद्योग		*जिसमें से,* अन्य		गैर प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		*जिसमें से,* सार्वजनिक क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		कुल अनर्जक अस्तियां
		राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि 15 = (3+11)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
	सरकारी क्षेत्र के बैंक	**41,245**	**58.1**	**14,487**	**20.4**	**14,340**	**20.2**	**12,417**	**17.5**	**29,803**	**41.9**	**278**	**0.4**	**71,047**
	राष्ट्रीयकृत बैंक*	**25,678**	**59.8**	**9,220**	**21.5**	**10,424**	**24.3**	**6,034**	**14.1**	**17,229**	**40.2**	**273**	**0.6**	**42,907**
1.	इलाहाबाद बैंक	1,217	73.9	549	33.3	282	17.1	387	23.5	430	26.1	-	-	1,647
2.	आंध्रा बैंक	522	52.5	116	11.7	109	11.0	297	29.8	473	47.5	-	-	996
3.	बैंक ऑफ बड़ौदा	1,762	63.2	772	27.7	690	24.8	300	10.8	1,024	36.8	99	3.6	2,786
4.	बैंक ऑफ इंडिया	2,939	67.5	898	20.6	1,645	37.8	396	9.1	1,418	32.5	14	0.3	4,357
5.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	888	75.7	313	26.7	404	34.5	170	14.5	286	24.3	-	-	1,174
6.	केनरा बैंक	1,692	56.7	663	22.2	555	18.6	474	15.9	1,290	43.3	-	-	2,982
7.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	1,331	55.6	418	17.5	687	28.7	226	9.4	1,064	44.4	-	-	2,395
8.	कार्पोरेशन बैंक	464	58.7	217	27.5	111	14.0	136	17.2	326	41.3	-	-	790
9.	देना बैंक	428	50.8	138	16.3	194	23.0	97	11.5	414	49.2	40	4.8	842
10.	इंडियन बैंक	495	68.7	219	30.4	141	19.6	135	18.7	225	31.3	-	-	720
11.	इंडियन ओवरसीज बैंक	1,388	49.7	447	16.0	633	22.6	308	11.0	1,405	50.3	56	2.0	2,793
12.	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	1,161	60.4	425	22.1	361	18.8	374	19.5	760	39.6	-	-	1,921
13.	पंजाब एंड सिंध बैंक	270	63.6	66	15.4	169	39.9	35	8.3	155	36.4	-	-	424
14.	पंजाब नेशनल बैंक	2,742	62.6	1,171	26.7	1,349	30.8	222	5.1	1,637	37.4	4	0.1	4,379
15.	सिंडिकेट बैंक	1,569	60.6	328	12.7	295	11.4	946	36.5	1,020	39.4	-	-	2,589
16.	यूको बैंक	1,573	50.9	697	22.5	508	16.5	368	11.9	1,518	49.1	25	0.8	3,090
17.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	2,262	62.4	856	23.6	946	26.1	460	12.7	1,361	37.6	1	-	3,623
18.	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	1,078	79.5	320	23.6	609	44.9	149	11.0	278	20.5	-	-	1,356
19.	विजया बैंक	1,032	82.0	363	28.8	284	22.6	385	30.6	227	18.0	-	-	1,259
20.	आईडीबीआई बैंक लि.	866	31.1	244	8.8	453	16.3	170	6.1	1,918	68.9	33	1.2	2,785
	स्टेट बैंक समूह	**15,567**	**55.3**	**5,268**	**18.7**	**3,916**	**13.9**	**6,383**	**22.7**	**12,573**	**44.7**	**6**	**-**	**28,140**
21.	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	278	33.3	98	11.8	139	16.7	40	4.8	558	66.7	-	-	835
22.	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	411	35.7	79	6.9	122	10.6	209	18.2	740	64.3	-	-	1,150
23.	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	13,275	57.5	4,518	19.6	3,138	13.6	5,618	24.3	9,799	42.5	6	-	23,074
24.	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	519	60.1	282	32.6	184	21.3	54	6.2	345	39.9	-	-	864
25.	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	757	54.8	243	17.6	273	19.8	241	17.4	624	45.2	-	-	1,382
26.	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	327	39.2	47	5.6	59	7.1	221	26.4	508	60.8	-	-	835

*: आईडीबीआई बैंक लि. शामिल है।

-: शून्य / नगण्य

स्रोत: ऑफ साइट विवरणियां (देशी)

परिशिष्ट सारणी IV.2(आ) : निजी क्षेत्र के बैंकों की अनर्जक आस्तियां - क्षेत्रवार

(मार्च 2011 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	बैंक का नाम	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		*जिसमें से,* कृषि		*जिसमें से,* माइक्रो और लघु उद्योग		*जिसमें से,* अन्य		गैर प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		*जिसमें से,* सार्वजनिक क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		कुल अनर्जक अस्तियां
		राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि 15 = (3+11)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
	निजी क्षेत्र के बैंक	**4,823**	**26.8**	**2,172**	**12.1**	**1,298**	**7.2**	**1,353**	**7.5**	**13,147**	**73.2**	**153**	**0.8**	**17,971**
	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	**1,599**	**43.3**	**417**	**11.3**	**551**	**14.9**	**631**	**17.1**	**2,094**	**56.7**	**153**	**4.1**	**3,694**
1.	कैथालिक सीरियन बैंक लिमिटेड	58	30.3	10	5.0	31	15.9	18	9.4	134	69.7	-	-	192
2.	सिटी यूनियन बैंक लि.	56	49.9	26	23.5	9	7.9	21	18.6	56	50.1	-	-	112
3.	धनलक्ष्मी बैंक लि.	35	52.8	6	8.6	6	9.3	23	34.8	32	47.2	-	-	67
4.	फेडरल बैंक लि.	454	39.6	135	11.8	177	15.4	142	12.4	694	60.4	153	13.3	1,148
5.	आईएनजी वैश्य बैंक लि.	57	37.7	42	28.0	10	6.7	4	2.9	94	62.3	-	-	152
6.	जम्मू एंड कश्मीर बैंक लि.	312	60.2	47	9.1	49	9.5	216	41.6	206	39.8	-	-	519
7.	कर्नाटक बैंक लि.	324	46.1	93	13.3	133	19.0	97	13.8	379	53.9	-	-	702
8.	करूर वैश्य बैंक लि.	75	32.9	8	3.7	56	24.6	11	4.7	153	67.1	-	-	228
9.	लक्ष्मी विलास बैंक लि.	57	36.4	16	10.2	17	10.8	24	15.3	100	63.6	-	-	158
10.	नैनीताल बैंक लि.	12	56.5	3	14.5	6	27.9	3	14.1	9	43.5	-	-	21
11.	रत्नाकर बैंक लि.	18	90.9	3	17.2	12	58.3	3	15.4	2	9.1	-	-	20
12.	एसबीआई कमर्शियल एंड इंटरनेशनल बैंक लि.	2	100.0	-	-	-	-	2	100.0	-	-	-	-	2
13.	साउथ इंडियन बैंक लि.	83	36.1	12	5.0	45	19.4	27	11.7	147	63.9	-	-	230
14.	तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक लि.	54	38.2	14	10.2	-	-	40	28.0	87	61.8	-	-	141
	निजी क्षेत्र के नए बैंक	**3,224**	**22.6**	**1,755**	**12.3**	**746**	**5.2**	**722**	**5.1**	**11,053**	**77.4**	**-**	**-**	**14,277**
15.	एक्सिस बैंक लि.	673	42.4	419	26.4	169	10.6	85	5.4	914	57.6	-	-	1,587
16.	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लि.	56	21.2	16	6.0	38	14.3	3	1.0	208	78.8	-	-	264
17.	एचडीएफसी बैंक लि.	484	29.1	145	8.7	322	19.4	17	1.0	1,177	70.9	-	-	1,660
18.	आईसीआईसीआई बैंक लि.	1,808	18.4	1,116	11.4	89	0.9	603	6.1	8,008	81.6	-	-	9,816
19.	इंडसइंड बैंक लि.	107	40.1	32	12.0	64	23.9	11	4.2	159	59.9	-	-	266
20.	कोटक महिंद्रा बैंक लि.	97	16.0	27	4.5	66	11.0	4	0.6	507	84.0	-	-	603
21.	येस बैंक लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	81	100.0	-	-	81

-: शून्य / नगण्य

स्रोत: ऑफ साइट विवरणियां (देशी)

परिशिष्ट सारणी IV.2(इ): विदेशी बैंकों की अनर्जक आस्तियां - क्षेत्रवार

(मार्च 2011 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	बैंक का नाम	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		*जिसमें से,* कृषि		*जिसमें से,* माइक्रो और लघु उद्योग		*जिसमें से,* अन्य		गैर प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		*जिसमें से,* सार्वजनिक क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		कुल अनर्जक अस्तियां
		राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि 15 = (3+11)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
	विदेशी बैंक	**1,141**	**22.5**	**0.1**	**-**	**352**	**6.9**	**789**	**15.6**	**3,924**	**77.5**	**-**	**-**	**5,065**
1.	एबी बैंक लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2.	आबू धाबी कमर्शियल बैंक लि.	5	40.2	-	-	5	40.2	-	-	8	59.8	-	-	13
3.	अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कारपोरेशन	-	-	-	-	-	-	-	-	20	100.0	-	-	20
4.	एंटवेर्प डायमंड बैंक एनवी	100	100.0	-	-	49	49.6	50	50.4	-	-	-	-	100
5.	बैंक इंटरनेशनल इंडोनेशिया	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
6.	बैंक ऑफ अमरीका नेशनल अशोसिएशन	-	-	-	-	-	-	-	-	0.7	100.0	-	-	1
7.	बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत बी एस सी	-	-	-	-	-	-	-	-	14	100.0	-	-	14
8.	बैंक ऑफ सिलोन	1	54.5	-	-	0.7	38.7	0.3	15.7	0.8	45.5	-	-	2
9.	बैंक ऑफ नोवा स्कॉटिया	10	100.0	-	-	10	100.0	-	-	-	-	-	-	10
10.	बरक्लैज बैंक पीएलसी	56	7.2	-	-	50	6.4	6	0.7	725	92.8	-	-	781
11.	बीएनपी परिबा	0.5	4.1	-	-	-	-	0.5	4.1	11	95.9	-	-	11
12.	चाइनाट्रस्ट कमर्शियल बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	3	100.0	-	-	3
13.	सिटी बैंक एन.ए.	218	26.0	-	-	165	19.7	53	6.3	621	74.0	-	-	839
14.	कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
15.	क्रेडिट एग्रिकोल कॉरपोरेट एण्ड इन्वेस्टमेंट	-	-	-	-	-	-	-	-	199	100.0	-	-	199
16.	क्रेडिट स्वीस एजी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
17.	डीबीएस बैंक लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	83	100.0	-	-	83
18.	ड्यूश बैंक (एशिया)	4	2.5	-	-	4	2.1	0.8	0.5	174	97.5	-	-	179
19.	फर्स्ट रैण्ड बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
20.	एचएसबीसी लि.	408	41.0	-	-	60	6.0	348	35.0	588	59.0	-	-	996
21.	जेपी मोर्गन चेस बैंक नेशनल ऐसोसिएशन	-	-	-	-	-	-	-	-	27	100.0	-	-	27
22.	जेएससी वीटीबी बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
23.	कुंग थाई बैंक पब्लिक कं. लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
24.	मशरेक बैंक पीएससी	0.00070	87.5	-	-	0.00010	12.5	0.0006	75.0	0.0001	12.5	-	-	-
25.	मिजुओ कार्पोरेट बैंक लि.	6	100.0	-	-	-	-	6	100.0	-	-	-	-	6
26.	ओमान इंटरनेशनल बैंक एसएओजी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
27.	एसबीईआर बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
28.	सिनहान बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
29.	सोसाइटे जनरेल	1	100.0	-	-	-	-	1	100.0	-	-	-	-	1
30.	सोनाली बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	0.7	100.0	-	-	1
31.	स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक	303	26.4	0.1	-	8	0.7	295	25.7	845	73.6	-	-	1,148
32.	स्टेट बैंक ऑफ मारिशस लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	18	100.0	-	-	18
33.	बैंक ऑफ टोकियो-मित्सुबिशी यूएफजे लिमि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
34.	दि रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलंड एनवी	28	4.6	-	-	-	-	28	4.6	586	95.4	-	-	614
35.	यूबीएस एजी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
36.	यूनाइटेड ओवरसीज बैंक लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

-: शून्य / नगण्य

टिप्पणी: 1) विदेशी बैंको की क्षेत्रवार सकल अनर्जक आस्तियों के मामले में निर्यात व्यापार को अन्य प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों की अनर्जक आस्तियों में जोड़ा गया है और गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों को तदनुसार समायोजित किया गया है।

2) बैंक ऑफ इंटरनेशनल इंडोनेशिया ने भारत में अपना कारोबार बंद कर दिया है। परंतु तकनीकी रूप से वह बंद नहीं हुआ है। वह पिछले दो वर्षों से रिटर्न फाइल नहीं कर रहा है।

3) 'एसबीईआर बैंक' ने जून 2011 से ही विवरणी प्रस्तुत करना आरंभ किया।

स्रोत: ऑफ साइट विवरणियां (देशी)

परिशिष्ट सारणी IV.3(अ) : कमजोर वर्गों को प्रदत्त अग्रिमों में अनर्जक आस्तियाँ - सरकारी क्षेत्र के बैंक

(मार्च 2011 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	बैंक का नाम	कमजोर वर्गों को अग्रिमों में अनर्जक आस्तियां	
		राशि	प्रतिशत
1	2	3	4
	सरकारी क्षेत्र के बैंक	**7,929**	**3.6**
	राष्ट्रीयकृत बैंक	**5,314**	**3.8**
1.	इलाहाबाद बैंक	155	2.1
2.	आंध्रा बैंक	47	0.7
3.	बैंक ऑफ बड़ौदा	557	6.9
4.	बैंक ऑफ इंडिया	800	4.2
5.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	263	10.0
6.	केनरा बैंक	354	2.0
7.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	152	11.8
8.	कार्पोरेशन बैंक	52	1.2
9.	देना बैंक	105	3.9
10.	इंडियन बैंक	17	0.3
11.	इंडियन ओवरसीज बैंक	422	5.6
12.	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	213	3.5
13.	पंजाब एंड सिंध बैंक	49	1.6
14.	पंजाब नेशनल बैंक	852	5.4
15.	सिंडिकेट बैंक	229	2.7
16.	यूको बैंक	288	3.8
17.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	426	11.8
18.	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	77	1.5
19.	विजया बैंक	234	6.1
20.	आईडीबीआई बैंक लि.	22	0.6
	स्टेट बैंक समूह	**2,615**	**3.2**
21.	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	112	1.8
22.	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	179	2.5
23.	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	2,013	3.4
24.	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	129	3.0
25.	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	53	7.9
26.	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	129	3.0

टिप्पणी: राष्ट्रीयकृत बैंक में आईडीबीआई बैंक लि. शामिल है।

स्रोत: बैंकों द्वारा प्रस्तुत ऑफ साइट विवरणियों पर आधारित (देशी)

परिशिष्ट सारणी IV.3(आ) : कमजोर वर्गों को प्रदत्त अग्रिमों में अनर्जक आस्तियाँ - निजी क्षेत्र के बैंक

(मार्च 2011 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	बैंक का नाम	कमजोर वर्गों को अग्रिमों में अनर्जक आस्तियां	
		राशि	प्रतिशत
1	2	3	4
	निजी क्षेत्र के बैंक	**283**	**1.0**
	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	**145**	**1.1**
1.	कैथालिक सिरियन बैंक लिमिटेड	5	0.6
2.	सिटी यूनयन बैंक लि.	-	-
3.	धनलक्ष्मी बैंक लि.	-	-
4.	फेडरल बैंक लि.	36	3.2
5.	आईएनजी वैश्य बैंक लि.	4	0.8
6.	जम्मू एंड कश्मीर बैंक लि.	43	1.5
7.	कर्नाटक बैंक लि.	10	1.9
8.	करूर वैश्य बैंक लि.	5	0.3
9.	लक्ष्मी विलास बैंक लि.	14	1.8
10.	नैनीताल बैंक लि.	-	-
11.	रत्नाकर बैंक लि.	1	1.3
12.	एसबीआई कमर्शियल एंड इंटरनेशनल बैंक लि.	-	-
13.	साउथ इंडियन बैंक लि.	6	0.2
14.	तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक लि.	21	2.1
	निजी क्षेत्र के नए बैंक	**138**	**1.0**
15.	एक्सिस बैंक लि.	-	-
16.	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लि.	2	0.6
17.	एचडीएफसी बैंक लि.	24	0.8
18.	आईसीआईसीआई बैंक लि.	95	2.8
19.	इंडसइंड बैंक लि.	-	-
20.	कोटक महिंद्रा बैंक लि.	18	0.9
21.	येस बैंक लि.	-	-

- : शून्य / नगण्य

स्रोत: बैंकों द्वारा प्रस्तुत ऑफ साइट विवरणियों पर आधारित (देशी)

परिशिष्ट सारणी IV.4(अ) : सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि और कमजोर वर्गों को अग्रिम

(सूचना प्रस्तुत करने के लिए नियत मार्च 2011के अंतिम शुक्रवार को)

(राशि करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	बैंक का नाम	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को कुल अग्रिम		कुल कृषि अग्रिम		*जिसमें से,* प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम		*जिसमें से,* अप्रत्यक्ष कृषि अग्रिम		कमजोर वर्गों को अग्रिम	
		राशि	स.नि.बैं.क. का प्रतिशत या ओबीई के समतुल्य कर्ज, जो भी अधिक हो	राशि	स.नि.बैं.क. का प्रतिशत या ओबीई के समतुल्य कर्ज, जो भी अधिक हो	राशि	स.नि.बैं.क. का प्रतिशत या ओबीई के समतुल्य कर्ज, जो भी अधिक हो	राशि	स.नि.बैं.क. का प्रतिशतकप या ओबीई के समतुल्य कर्ज, जो भी अधिक हो	राशि	स.नि.बैं.क. का प्रतिशत या ओबीई के समतुल्य कर्ज, जो भी अधिक हो
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
